CMYK

अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 23°C
तापमान

सेंसेक्स/निफ्टी
82,330.59
25,019.80

सोना 95,575
चांदी 97,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, शनिवार 17 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 266 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 18 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**विदेश मंत्री जयशंकर ने पहली बार तालिबान सरकार से की बात**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**मिचेल स्टार्क का आईपीएल के शेष मैचों में खेलने से इन्कार**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

### थरूर, ओवैसी, सलमान खुर्शीद व मनीष तिवारी समेत 30 सांसद कई मुल्कों में जाकर बताएंगे हकीकत

# ऑपरेशन सिंदूर ट्रेलर है, दुनिया को दिखाएंगे पूरी पिक्चर

अहमदाबाद, वार्ता


■ बोले-ब्रह्मोस ने पाक को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखाया, भुज में जवानों का बढ़ाया हौसला



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, ये तो बस ट्रेलर है, समय आएगा तो पूरी पिक्चर दुनिया को दिखाएंगे। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पहली बार गुजरात के भुज एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे थे। उधर पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है।

जवानों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने वर्तमान सीजफायर में हमने पाकिस्तान को बिहेवियर के आधार पर प्रोबेशन पर रखा है, बिहेवियर में गड़बड़ी आई तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्रह्मोस मिसाइल की ताकत को पाकिस्तान ने स्वीकार कर लिया, एक कहावत मशहूर है- दिन में तारे दिखना। ब्रह्मोस ने पाकिस्तान को रात के अंधेरे में दिन का उजाला दिखा दिया। इससे पहले राजनाथ जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर एयरबेस पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने जवानों से मुलाकात की और उनका आभार व्यक्त किया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आपका अभिनंदन करने आया हूं। ऑपरेशन सिंदूर में आपने करिश्माई काम किया है। भारत का मस्तक आपने ऊंचा किया है। हमारे सैनिकों को नमन करता हूं। आप सबके बीच आकर मुझे गौरव की अनुभूति हो रही है। भुज 65 और -**शेष पृष्ठ दो पर**

### ऑपरेशन सिंदूर सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का प्रतीकः अमित शाह



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां नार्थ ब्लॉक में नए मल्टी एजेन्सी सेन्टर के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। गृह मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि यह ऑपरेशन सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति, खुफिया एजेन्सियों की सटीक सूचना और तीनों सेनाओं की अचूक मारक क्षमता का अद्वितीय प्रतीक है। मल्टी एजेन्सी सेन्टर को देश में आंतरिक सुरक्षा को चाक चौबंद करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस सेंटर में खुफिया ब्यूरो, रिसर्च एनालाइसिस विंग, देश भर के पुलिस खुफिया विंग और अर्द्धसैनिक बलों की खुफिया इकाई एक दूसरे के साथ तालमेल बनाकर काम करेंगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने छह मई की रात ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर दिया था। इस ऑपरेशन में पाकिस्तान के 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए थे।

### पाक को बेनकाब करने में सरकार का साथ देगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि विभिन्न देशों को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की जानकारी देने के लिए सरकार अगर बहुदलीय सांसद प्रतिनिधिमंडल भेजती है, तो कांग्रेस इसमें शामिल होगी। कांग्रेस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद बनी स्थिति और उसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर सरकार आतंकवाद के मामले में पाकिस्तान को बेनकाब करने के लिए विभिन्न देशों की राजधानियों में बहुदलीय प्रतिनिधि मंडल भेजने पर विचार कर रही है। सरकार अगर यह कदम उठाती है, तो कांग्रेस के सांसद भी उसमें शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने इस बारे में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से बातचीत की है।

# शाह के बाद देवड़ा ने दिया बेहूदा बयान

जबलपुर, वार्ता

**कहाः पूरा देश, देश की सेना और सैनिक मोदी के चरणों में नतमस्तक**



**मध्य प्रदेश** के मंत्री विजय शाह के बाद अब प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भारतीय सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। जबलपुर में सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम में डिप्टी सीएम देवड़ा ने कहा कि पूरा देश, देश की सेना और सैनिक पीएम मोदी के चरणों में नतमस्तक हैं। डिप्टी सीएम के इस बयान पर सियासी बवाल हो रहा है।

विपक्ष ने देवड़ा पर सेना का अपमान करने का आरोप लगाया है। दरअसल, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकियों को तबाह करने के लिए पूरा देश ही नहीं बल्कि पूरे देश की सेना भी प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में नतमस्तक है। देवड़ा ने कहा कि इसके लिए प्रधानमंत्री जितनी तारीफ की जाए कम है। इस दौरान उन्होंने आतंकियों के ठिकानों को तबाह करने के लिए उपस्थित लोगों से तालियां भी बजवाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए देवड़ा ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया। पर्यटकों को उनके परिवार के सामने धर्म पूछकर गोली मारी गई। महिलाओं को अलग ले जाया गया और पुरुषों को उनके परिवार के सदस्यों, उनके बच्चों के सामने गोली मार दी गई। तभी हमने ठान लिया कि इस देश के लोग तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक हम आतंकवादियों और उनका समर्थन करने वालों से बदला नहीं ले लेते।

### हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक व दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पर कहा कि भाजपा के नेताओं की ओर से लगातार हमारी सेना का अपमान अत्यंत शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। पहले मध्य प्रदेश के एक मंत्री ने महिला सैनिकों पर अभद्र टिप्पणी की और अब उनके उपमुख्यमंत्री ने सेना का घोर अपमान किया है। पूरे देश की जनता सेना के शौर्य पर गौरवान्वित है, लेकिन भाजपा के लोग सेना को अपमानित कर रहे हैं और भाजपा अपने इन नेताओं पर कार्रवाई करने की जगह उन्हें बचाने में पूरा जोर लगा रही है। भाजपा ऐसा करके हमारी सेना और देशवासियों को क्या संदेश देना चाहती है।

### कोचीन हवाई अड्डे से 44.40 लाख की विदेशी मुद्रा जब्त

**कोच्चि।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण अभियान में 15 मई की रात को कोचीन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विदेशी मुद्रा की तस्करी के एक बड़े प्रयास को विफल कर दिया। शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा गया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर, सीमा शुल्क टीम ने फ्लाइट एसजी18 से दुबई जा रही एक महिला यात्री को रोका। उसके चेक-इन बैगेज की गहन जांच करने पर, अधिकारियों ने 2,00,000 सऊदी रियाल (500 एसएआर × 400 नोटों के मूल्यवर्ग में) बरामद किए, जो लगभग 44.40 लाख रुपये के बराबर है। विदेशी मुद्रा को चेक-इन बैगेज के भीतर एल्यूमीनियम पन्नी की परतों के अंदर चतुराई से छिपाया गया था। आगे की जांच जारी है। सीबीआईसी के मुख्य आयुक्त एसके रहमान के नेतृत्व में तिरुवनंतपुरम जोन के अधिकारियों ने इस अभियान में हिस्सा लिया।

### पश्चिम बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे: हाईकोर्ट

**कोलकाता।** वक्फ संशोधन अधिनियम के विरोध के बाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा पर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि केंद्रीय सशस्त्र बल अगले आदेश तक अशांत शमशेरगंज और धुलियान में तैनात रहेंगे और न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार को और अधिक पुलिसकर्मियों की भर्ती करने की सलाह दी। अदालत ने कहा कि अगर राज्य के पास पर्याप्त बल होते, तो हिंसा को टाला जा सकता था। न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली पीठ ने केंद्र और राज्य दोनों को शमशेरगंज और धुलियान में एक स्थायी सीमा सुरक्षा बल शिविर स्थापित करने पर विचार करने के लिए कहा, ताकि उन क्षेत्रों में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके जहां गत 11-12 अप्रैल को सांप्रदायिक दंगों में तीन लोगों की मौत हो गई थी तथा दुकानों और घरों में लूटपाट किया गया था। गुरुवार को आदेश जारी करने के बाद, न्यायाधीशों ने मामले को अपने अधिकार क्षेत्र से मुक्त कर दिया और इसे मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगननम को भेज दिया, ताकि दूसरे खंडपीठ के लिए भेजा जा सके।

### 29 राज्यों में आंधी व बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने 29 राज्यों में आंधी-तूफान और बारिश का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, हरियाणा, पंजाब भी शामिल हैं। मध्य प्रदेश के 21 जिलों में आंधी-बारिश की चेतावनी है। बाकी जिलों में हीट वेव के आसार हैं। बिहार में पटना समेत 24 जिलों में हीट वेव का येलो अलर्ट है। 14 जिलों में बारिश की संभावना है। राजस्थान के 6 जिलों मेंअधिकतम तापमान 44.0 डिग्री के पार पहुंच गया। श्रीगंगानगर में सीजन का सबसे ज्यादा तापमान (45.8 डिग्री) दर्ज किया गया। राज्य के 11 जिलों में शनिवार को बारिश का अलर्ट है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद बड़ा कदम

# रक्षा बजट में होगा 50 हजार करोड़ का इजाफा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ आधुनिक हथियारों और तकनीक पर होगा फोकस

**नई दिल्ली।** पाकिस्तानके खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर के बाद केंद्र सरकार रक्षा बजट में 50,000 करोड़ रुपये बढ़ा सकती है। रक्षा मंत्रालय ने सरकार को फंड बढ़ाने का प्रस्ताव दिया है, जिसे संसद के नवम्बर-दिसम्बर के दौरान शीतकालीन सत्र में मंजूरी मिल सकती है।

मीडिया रिपोर्ट्स में सरकारी सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया है कि इस फंड से नए हथियार, गोला-बारूद और तकनीक खरीदी जाएंगी। साथ ही सेना की दूसरी जरूरतें, रिसर्च और डेवलपमेंट पर भी खर्च किया जाएगा। बढ़ोतरी के बाद रक्षा मंत्रालय का ओवरऑल बजट 7 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक फरवरी को पेश किए गए 2025-26 के बजट में सशस्त्र बलों के लिए रिकॉर्ड 6.81 लाख करोड़ रुपये का बजट दिया था। इस साल रक्षा बजट पिछले साल की तुलना में करीब 9.5 प्रतिशत ज्यादा है। केंद्र ने 2024-25 में सशस्त्र बलों के लिए 6.22 लाख करोड़ रुपये दिए थे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के पहले बजट 2014-15 में रक्षा मंत्रालय को 2.29 लाख करोड़ रुपये दिए गए थे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जारी है। इस बीच रक्षा बजट में बढ़ोतरी को लेकर रक्षा मंत्रालय के प्रस्ताव को अहम माना जा रहा है। पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में हमला किया था। इस दौरान भारत ने अपने एडवांस एयर डिफेंस सिस्टम की बदौलत बॉर्डर पार किए बिना पाकिस्तान के भीतर जाकर नौ आतंकवादी कैंपों को नष्ट कर दिया।

### राहुल के खिलाफ प्राथमिकी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** युवा कांग्रेस ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर प्राथमिकी दर्ज करने के विरोध में यहां बिहार की नीतीश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा कि बिहार में सरकार नहीं तानाशाही चल रही है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में यहां संगठन के कार्यालय पांच रायसीना रोड के बाहर एकत्रित होकर प्रदर्शन करते हुए जंतर-मंतर की तरफ जा रहे थे, लेकिन बैरिकेडिंग तथा भारी पुलिस बल की तैनाती ने प्रदर्शनकारियों को आगे नहीं बढ़ने दिया और दिल्ली पुलिस ने बैरिकेडिंग पर ही उन्हें रोक दिया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा कि देश में सामाजिक न्याय आकर रहेगा।

# वक्फ कानून के खिलाफ नई याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इन्कार

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहाः हर कोई अखबार में नाम चाहता है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ कानून की सांविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली नई याचिकाओं पर सुनवाई से इन्कार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि हर कोई अखबार में नाम चाहता है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति आगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने तय किया कि वह लंबित मामलों की सुनवाई 20 मई को करेगी। शुक्रवार को अदालत में जब याचिकाएं सुनवाई के लिए आईं, तो केंद्र की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं का अंत नहीं हो रहा है। ऐसे याचिकाएं दायर नहीं की जा सकती। इस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने 8 अप्रैल को याचिका दायर की थी।

### इस्कॉन-बेंगलुरु राधा कृष्ण मंदिर का वैध मालिकः शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक उच्च न्यायालय का एक फैसला पलटते हुए इस्कॉन) सोसाइटी बेंगलुरु को दक्षिण भारत के इस शहर के हरे कृष्ण हिल पर स्थित इस्कॉन मंदिर का वैध मालिक घोषित कर दिया। पीठ ने इस्कॉन-बेंगलुरु की कानूनी और प्रशासनिक स्वायत्तता की पुष्टि करते हुए कहा कि सोसाइटी श्री राधा कृष्ण मंदिर की वैध मालिक है।

### जूना अखाड़े के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोहन भारती को मिली जान से मारने की धमकी



**रामपुर (ब्यूरो)।** श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहन्त मोहन भारती को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिलने पर हड़कंप मच गया है। श्रद्धालुओं में भी मैसेज के प्रति उबाल है। जूना अखाड़े के अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंप जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। थाना मिलक खानम स्थित पीपली वन में बने माता बाल सुंदरी के मंदिर के महंत और श्री पंचदस नाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत मोहन भारती को गुरुवार को जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मिला है। जिसमें कहा कि बाबा मोहन भारती जूना अखाड़े का अध्यक्ष क्या बना है। अपने आप को बहुत बड़ा समझ रहा है। मोहन भारती सुरक्षा को लेकर शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई है।

### दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली समेत एनसीआर में शुक्रवार शाम लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली के धौला कुआं और फरीदाबाद में शुक्रवार दोपहर बाद झमाझम बारिश हुई। फरीदाबाद में तेज आंधी और बारिश से सड़कों पर पेड़ टूट गए हैं। वहीं दिल्ली समेत एनसीआर में मौसम सुहाना हो गया है। नोएडा और गाजियाबाद के आसमान में बादल छाए रहे और हल्की हवाएं चलती रही। इससे पहले दिल्ली के आरके पुरम इलाके में मौसम सुहाना हो गया। जिससे बढ़ती गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग की ओर से जानकारी दी गई कि अगले कुछ घंटों के दौरान दिल्ली- एनसीआर के अलग-अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। इसके अलावा हल्की आंधी और बिजली गरजन की संभावना है।

### भगोड़े नीरव मोदी पर कसा शिकंजा

#### पीएनबी से 14500 करोड़ के फ्रॉड का है आरोप

**लंदन।** पीएनबी घोटाला मामले में मुख्य आरोपी भगोड़े नीरव मोदी की जमानत याचिका खारिज की गई है। लंदन की किंग्स बेंच डिवीजन हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद इसे खारिज किया। भारत की ओर से सीबीआई के वकील ने नीरव की दलीलों का विरोध किया था। नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से लोन लेकर करीब 14 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। घोटाला सामने आने के बाद वह जनवरी 2018 में देश छोड़कर फरार हो गया था। नीरव को साउथ-वेस्ट लंदन से 19 मार्च, 2019 को गिरफ्तार किया गया था। तभी से वो वहां की जेल में है। भारत में नीरव के खिलाफ धोखाधड़ी के तीन केस हैं। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ धोखाधड़ी का सीबीआई मामला। दूसरा, पीएनबी मामले मनी लॉन्ड्रिंग का केस और तीसरा सीबीआई की कार्रवाई में सबूतों और गवाहों के साथ छेड़छाड़ का मामला है। फरवरी 2021 में ब्रिटेन की वेस्टमिन्सटर कोर्ट में नीरव के प्रत्यर्पण पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने भी नीरव मोदी को भारत भेजने की मंजूरी दे दी थी।

### बड़गाम में आतंकियों के तीन मददगार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कश्मीर के बड़गाम में आतंकियों के तीन मददगारों को गिरफ्तार किया गया है। ये तीनों लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे। ये लोग इलाके में टेरर एक्टिविटीज में शामिल थे और युवाओं को आतंकवाद की तरफ मोड़ते थे। इससे पहले, जम्मू-कश्मीर में पिछले तीन दिनों में हुए दो एनकाउंटर में छह आतंकवादी ढेर किए गए। सेना-पुलिस ने शुक्रवार को ज्वॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन जारी है। त्राल और शोपियां में 2 एनकाउंटर में आतंकी मारे गए। एक ऑपरेशन ऊंचे पहाड़ी इलाकों में हुआ, एक आूपरेशन गांव में हुआ। सुरक्षाबलों ने सावधानी से दोनों जगह टेररिस्ट को मारा। सेना ने कहा कि सभी सिक्योरिटी फोर्सेस के बीच का कोआर्डिनेशन अच्छा था।

# भारतीय कारोबारियों ने तोड़ा तुर्की व अजरबैजान से रिश्ता

नई दिल्ली, वार्ता

**खुदरा कारोबारियों** के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय सम्मेलन में देशभर से आए 125 से अधिक प्रमुख कारोबारी लीडरों ने तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करने का निर्णय लिया है।

कैट के शुक्रवार को दिल्ली में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में व्यापारियों ने सर्वसम्मति से यह फैसला किया कि अब भारत का व्यापारी समुदाय तुर्की और अजरबैजान के साथ सभी तरह के व्यापारिक और व्यावसायिक संबंधों को पूरी तरह से खत्म करेगा। इसमें यात्रा, पर्यटन और फिल्मों की शूटिंग भी शामिल है। कारोबारी लीडरों ने भारतीय फिल्म उद्योग से अपील की है कि वे इन देशों में शूटिंग न करें और यदि कोई फिल्म वहां शूट होती है, तो उसका बहिष्कार किया जाएगा। इसी तरह किसी भी कॉरपोरेट हाउस को भी इन देशों में अपने विज्ञापन या प्रचार की शूटिंग करने से रोका जाएगा। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि हाल ही में तुर्की और अजरबैजान ने पाकिस्तान के पक्ष में खुलेआम समर्थन जताया। वहीं, इस समय भारत एक संवेदनशील सुरक्षा संकट से गुजर रहा है। व्यापारियों का मानना है कि यह भारत की दोस्ती और मदद का अपमान है, खासकर तब जब भारत ने इन देशों को संकट के समय मानवीय और कूटनीतिक सहयोग दिया था। कैट के महासचिव और सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने सम्मेलन में कहा कि तुर्की और अजरबैजान ने भारत की मदद लेकर अब पाकिस्तान जैसे आतंकवाद समर्थक देश का साथ दिया है। यह भारत की संप्रभुता और जनता की भावनाओं का अपमान है।

### आईआईटी रुड़की ने इनोनू विवि के साथ एमओयू को किया रद्द

**देहरादून।** देश के अग्रणी संस्थानों में शुमार भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की ने तुर्की के इनोनू विश्वविद्यालय के साथ मौजूदा समझौता ज्ञापन (एमओयू) को रद्द कर दिया है। विश्वविद्यालय की ओर से शुक्रवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। मीडिया सेल की प्रभारी श्रीमती सोनिका श्रीवास्तव की ओर से जारी वक्तव्य के अनुसार आईआईटी रुड़की अपने अतंर्राष्ट्रीय जुड़ाव को राष्ट्रीय हित के साथ जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

### लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी ने भी समझौता ज्ञापन रद्द किए

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय और जामिया मिलिया विश्वविद्यालय तथा अन्य विश्वविद्यालयों का अनुसरण करते हुए निजि विश्वविद्यालय लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने भी तुर्की और अजरबैजान के साथ किए गए समझौता ज्ञापनों को रद्द कर दिया है। एलपीयू की ओर से बताया गया कि इन दोनों देशों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान का सहयोग किया था।

### मुंबई हवाई अड्डे ने तुर्की की कंपनी से समझौता किया समाप्त

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (सीएसएमआईए) ने तुर्की की विमानन कंपनी सेलेबी के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है। क्योंकि भारत सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए इसकी सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। हवाई अड्डे के प्रवक्ता ने कहा कि सेलेबी को निर्बाध परिचालन सुनिश्चित करने के लिए सभी ग्राउंड हैंडलिंग सुविधाओं को तुरंत सौंपने का निर्देश दिया गया है।

# उत्तराखंड में धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद का होगा गठन

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ चारधाम यात्रा, महत्वपूर्ण मेलों आदि के सुव्यवस्थित संचालन का उद्देश्य

**देहरादून।** उत्तराखंड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद गठन किए जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है। ये निर्णय शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया है।

तीर्थाटन इस क्षेत्र की एक प्रमुख पर्यटन विद्या रही है, जिसमें चारधाम यात्रा, नन्दादेवी राजजात यात्रा एवं आदि कैलाश यात्रा आदि कुछ प्रमुख धार्मिक यात्राएं हैं। वर्तमान समय में बेहतर परिवहन व्यवस्था, सड़क, रेल एवं वायु सेवा की सुलभता के कारण इन यात्राओं - मेलों में तीर्थयात्रियों- श्रद्धालुओं की अप्रत्याशित वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए प्रमुख धार्मिक यात्राओं, मेलों के उचित प्रबन्धन हेतु एक पृथक नियंत्रण एवं प्रबन्धन इकाई की आवश्यकता को मध्यनजर रखते हुए धार्मिक यात्राओं एवं मेलों के लिए निम्न उद्देश्यों सहित उत्तराखंड धर्मस्व एवं तीर्थाटन परिषद् का गठन किए जाने का कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया। इसके तहत धार्मिक यात्राओं एवं मेलों के लिए समुचित प्रबन्धन एवं संचालन किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच दरगाह जेठ मेले पर रोक में नहीं मिली राहत

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायलय की लखनऊ पीठ से बहराइच में दरगाह शरीफ के लगने वाले जेठ मेले पर रोक मामले में शुक्रवार को सुनवाई के बाद भी याचियों को फिलहाल कोई राहत नहीं मिली। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 19 मई को नियत की है। याचियों की ओर से कहा गया कि जेठ मेला 18 मई से शुरू हो रहा है, इसलिए मामले की जल्द सुनवाई की जाए। इसके मद्देनजर कोर्ट ने मामले की अर्जेंट सुनवाई की अर्जी मुख्य न्यायमूर्ति को देने की याचियों को अनुमति दी है। न्यायधीश एआर मसूदी और न्यायधीश अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ के समक्ष बहराइच की दरगाह शरीफ प्रबंध समिति की ओर से इसके चेयरमैन समेत छह छह लोगों द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से मुख्य स्थाई अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार सिंह ने याचिका का विरोध किया। जबकि याचियों की ओर से उनके अधिवक्ता डा. एलपी मिश्र ने मेला आयोजन की अनुमति देने की दलीलें दीं।

### हमारी सेना जाति और धर्म से ऊपर: पाठक

**लखनऊ।** सपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव के विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर दिए बयान पर अब उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव से स्पष्टीकरण मांगा है। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सपा जातिगत उन्माद फैलाना चाहती है। दलित समाज की बेटी को जाति सूचक शब्द से पुकारना कहां तक उचित है? अखिलेश यादव का इस विषय पर अब तक बयान नहीं आया है। उन्हें अपना और पार्टी का स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए। समाजवादी पार्टी इस विषय पर अपना स्टैंड स्पष्ट करे और जनता से माफी मांगे। उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री असीम अरुण ने सपा नेता रामगोपाल यादव के विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर दिए जाति सूचक बयान की आलोचना की है। राम गोपाल यादव का बयान शर्मनाक है। हमारी सेना जाति और धर्म से ऊपर है और सिर्फ भारतीय है। सेना को जाति और धर्म से जोड़कर राजनीति नहीं करनी चाहिए। ऐसे बयान मनोबल गिराने वाले होते हैं, इससे बचना चाहिए।

### लेजर लैंड लेवलर मशीन पर 50 प्रतिशत सब्सिडी

**लखनऊ।** अब यूपी के किसान अपने खेतों को समतल कर कम पानी में ज्यादा फसल उगा सकेंगे। इसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार ने लेजर लैंड लेवलर मशीन पर 50 प्रतिशत तक या अधिकतम दो लाख रुपये तक की सब्सिडी देने का ऐलान किया है। इस मशीन से खेत इस तरह समतल होंगे जैसे फुटबाल का मैदान। इससे फसल की सिंचाई में पानी की बचत, उपज में बढ़ोतरी और लागत में कमी जैसे कई फायदे होंगे। खेत का पानी खेत में, यह कहावत अब केवल कहावत नहीं रहेगी, बल्कि आधुनिक तकनीक की मदद से इसे जमीन पर उतारा जा सकेगा। खेत समतल होने से सिंचाई का पानी हर हिस्से में बराबर बहेगा, जिससे नमी पूरे खेत में समान बनी रहेगी। इससे बीज अच्छी तरह जमेंगे और फसल एकसाथ पकेगी। सरकार की ओर से बताया गया है कि इस मशीन में जीपीएस टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल होता है।

# मीडिया की आवाज दबाना लोकतंत्र के लिए घातक

**नई दिल्ली, वार्ता**



गुजरात समाचार के संस्थापक को गिरफ्तार किया: खड़गे

अखबारों पर ताले लगाए जाते हैं, तो लोकतंत्र खतरे में : राहुल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक तरफ आलोचना को लोकतंत्र की आत्मा बताते हैं और दूसरी तरफ सरकार के कार्यों की आलोचना करने वाले अखबार पर डंडा चलाकर लोकतंत्र की आवाज दबाने का काम कर रहे हैं।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार ने करीब सौ साल पुराने अखबार गुजरात समाचार के संस्थापक को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार कर साबित कर दिया है कि मोदी आलोचना करने वालों की आवाज दबाने में संकोच नहीं करते हैं। यह मीडिया की आजादी तथा लोकतंत्र की आवाज दबाने की साजिश है। श्री खड़गे ने कहा कि मोदी जी ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा था– आलोचना लोकतंत्र की आत्मा है। गुजरात समाचार एक 93 वर्ष पुरानी संस्था है, जिसके वरिष्ठ संस्थापक बाहुबली भाई शाह जी को प्रवर्तन निदेशालय से गिरफ्तार करवाकर मोदी ने सिद्ध किया है, आलोचकों को गिरफ्तार करना एक डरे हुए तानाशाह का पहला संकेत है। जिसने भी इस सरकार के खिलाफ आवाज उठाई और जिसने भाजपा से समझौता नहीं किया, उसको जेल जाना पड़ेगा। गांधी ने कहा कि गुजरात समाचार को खामोश करने की कोशिश सिर्फ एक अखबार की नहीं, पूरे लोकतंत्र की आवाज दबाने की एक और साज़िश है। जब सत्ता को आईना दिखाने वाले अखबारों पर ताले लगाए जाते हैं, तब समझ लीजिए लोकतंत्र खतरे में है।

### सेना, सैनिकों को अपमानित करने वाले मप्र के दोनों मंत्री हों बर्खास्त: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह ने बहादुरी से देश की रक्षा करने वाली सेना तथा सेना के जवानों को अपमानित करने वाले बयान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी को अपने दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देवड़ा तथा शाह ने भारतीय सेना तथा सैनिकों का अपमान करने वाले बयान दिए हैं, इसलिए इन दोनों मंत्रियों को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त किया जाना चाहिए। हमारी सेना के लिए पूरे देश में हर व्यक्ति के मन में सम्मान है और पूरा राष्ट्र कृतज्ञ है कि सेना की वजह से ही हम सुरक्षित रह पाते हैं। सेना के लिए मप्र के उप मुख्यमंत्री के मन में ऐसी दुर्भावना और गंदे विचार हैं, उसका किसी पद पर रहने का कोई हक नहीं है। इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा। भाजपा मूक-दर्शक बनी नहीं रहेगी और मोदी छिपे नहीं रह सकते। अगर अगले कुछ घंटों में भाजपा जगदीश देवड़ा को बर्खास्त नहीं करती है, तो ये मान लिया जाएगा कि सेना को अपने चरणों में नतमस्तक करने की बात मोदी कह रहे हैं, उनकी मौन-सहमति और संरक्षण है।

## दरगाह जोगीपुरा की सालाना मजलिसें

# डा. मिर्जा शफीक हुसैन चौथी बार बनाए गए मजलिसों के कॉर्डिनेटर

**जिया अब्बास जैदी, शाह टाइम्स**

22 मई से शुरू होकर 25 तक चलेंगी मजलिसें



**लखनऊ।** दरगाह जोगीपुरा की चार दिवसीय सालाना मजलिस के लिए मौलाना डा. मिर्जा शफीक हुसैन (शफक) को कॉर्डिनेटर बनाया गया है। चार दिवसीय मजलिस में हिन्दुस्तान के मशहूर व मारूफ 60 उलेमाओं को आमंत्रित किया गया है, जो अपनी तकरीर में अलग-अलग मौजुओं पर तकरीर करेंगे।

इस संबंध में मौलाना डा. मिर्जा शफीक ने 'शाह टाइम्स' को जानकारी देते हुए बताया कि दरगाह-ए-आलिया नजफ-ए-हिन्द जोगीपुरा की मजालिसें 122 वर्ष से लगातार होती चली आ रही हैं। उन्होंने बताया कि ये अकीदत का मरकज़ है। 351 साल से ज्यादा हो गए, ये दरगाह यहां मौजूद है। दरगाह में दुनियाभर के विभिन्न समुदाय के लोग यहां शिरकत करने के साथ-साथ मन्नत व मुरादें पूरी करने के लिए आते हैं। चार दिवसीय मजलिस 22 मई से शुरू होकर 25 मई 2025 तक होंगी। उन्होंने बताया कि मजलिसों का सिलसिला रोजाना सुबह से शुरू होकर रात तक चलेगा। उन्होंने बताया कि शिया धर्मगुरु मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद व शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड उत्तर प्रदेश के चेयरमैन अली ज़ैदी की ओर से उन्हें पिछले साल की तरह इस बार भी लगातार चौथी बार मजलिसों का कॉर्डिनेटर बनाया गया है।

वर्तमान में दरगाह जोगीपुरा के प्रशासक गुलरेज हैदर रिज़्वी की ओर से जायरीनों के लिए बेहतरीन इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासक गुलरेज हैदर के वालिद जहीर हैदर भी दरगाह जोगीपुरा के सेक्रेट्री रह चुके हैं। डा. मिर्ज़ा शफीक ने बताया कि 24 मई की रात्रि मौला अली की शान में मुशायरे का भी आयोजन किया जाएगा।

# सपा ने किया था मायावती का चीरहरण: सूर्य प्रताप

**लखनऊ, वार्ता**



राम गोपाल यादव के बयान पर योगी के मंत्री का पलटवार

यूपी सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही शुक्रवार को अपने निजी आवास पर पत्रकारों से रूबरू हुए। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकियों को ध्वस्त किए जाने की बात कही थी। उन्होंने सेना को खुली छूट दी, जिसकी वजह से भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से अपने शौर्य और वीरता का प्रदर्शन किया है। भारतीय सेना ने पाकिस्तान के लगभग एक दर्जन आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया और 7 से 8 हवाई अड्डों को सामूहिक रूप से नुकसान पहुंचाया। यह अपने भारत के सैन्य ताकत को प्रदर्शित करता है। सेना के तीनों अंगों को मैं सलाम करता हूं, बधाई देता हूं।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव रामगोपाल यादव के सेना अधिकारी पर विवादित बयान पर कृषि मंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने हमेशा जाति और सांप्रदायिक एंगल से हर चीजों को देखा है। आज पाकिस्तान और हिंदुस्तान की जो कठिनाइयां पैदा हो रही है, उसके भीतर ही कांग्रेस का ही गढ़ है। कांग्रेस की वजह से नासूर की तरह देश हमारा 72 वर्षों से भुगत रहा है और अभी भी वह इसके बारे में सचेत नहीं है। देश के भीतर अनावश्यक टिप्पणियां करके सेना के लोगों के हौसले पर सवाल खड़ा करते हैं। उनको जाति के अंतर्गत बांटने का काम करते हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। रामगोपाल यादव ने कहा है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के नाक के नीचे दलित अल्पसंख्यक और पिछड़ों के साथ अत्याचार हो रहा है। इस सवाल का जवाब देते हुए मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि उनके नाक के नीचे तो मायावती जी का चीर हरण किया जा रहा था, उस समय क्या कर रहे थे। समाजवादी पार्टी के लोगो ने एक अनुसूचित नेता जो प्रदेश की मान्य नेता है, को चीर हरण के लिए कैसा प्रयास किया था, ये सारी दुनिया ने देखा था।

## जल जीवन मिशन : योजना की गुणवत्ता को लेकर मुख्यमंत्री सख्त

# 183 अफसरों-कर्मियों पर की गई कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



122 अधिकारियों पर जांच बैठाई, 55 पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई छह को निलंबित कर दिया गया है: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल जीवन मिशन के तहत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है।

सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अब तक 183 अफसरों-कर्मचारियों पर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है। इनमें से 122 अधिकारियों पर जांच बैठाई गई है और 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है, जबकि 6 को निलंबित कर दिया गया है। अधिकृत सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर योगी ने स्पष्ट कर दिया है कि योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मिशन के अंतर्गत कार्यों की नियमित निगरानी और मूल्यांकन के आधार पर दोषी पाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों पर एक्शन लिया जा रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत सबसे अधिक कार्रवाई अधिशासी अभियंताओं पर की गई है। अभी तक कुल 7 मुख्य अभियंताओं पर अनुशासनिक जांच बैठाई गई, जबकि 4 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। इसके अलावा 5 अधीक्षण अभियंताओं पर जांच और 7 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई है। 59 अधिशासी अभियंताओं पर जांच बैठाई गई है, तो 44 को प्रतिकूल प्रविष्टि देकर 4 को निलंबित किया गया है। इसके साथ ही 32 सहायक अभियंताओं पर जांच बैठाकर 2 का निलंबन किया गया है। वहीं 19 अवर अभियंताओं की अनुशासनिक जांच की गई है। इस तरह लापरवाही बरतने वाले कुल 122 अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक जांच, 55 को प्रतिकूल प्रविष्टि दी गई और 06 का निलंबन किया गया है। मुख्यमंत्री योगी के कुशल नेतृत्व में जल जीवन मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश की उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। उत्तर प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जिसने जल जीवन मिशन के तहत सबसे अधिक नल कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि विकास योजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के हर घर तक समय पर और गुणवत्ता युक्त शुद्ध पेयजल पहुंचे। इस दिशा में राज्य सरकार पूरी पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

### बरेली समेत पांच शहरों में स्थापित होंगी नई अत्याधुनिक माइक्रोबायलॉजी लैब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अब लखनऊ और मेरठ के बाद वाराणसी, कानपुर, मिर्जापुर, बरेली और अलीगढ़ जैसे प्रमुख जिलों में भी माइक्रोबायलॉजी लैब स्थापित की जा रही हैं। यह लैब्स न केवल खाद्य और औषधि पदार्थों की गुणवत्ता की वैज्ञानिक जांच के लिए उपयोगी होंगी, बल्कि इससे जनस्वास्थ्य से जुड़े मामलों में भी त्वरित और सटीक कार्रवाई संभव हो सकेगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की विशेष सचिव रेखासिंह चौहान ने बताया कि वाराणसी में लैब का कार्य पूरा हो चुका है और 31 मई से संचालन प्रारंभ कर दिया जाएगा। यह पूर्वांचल के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी, क्योंकि अब इस क्षेत्र के नागरिकों को बैक्टीरिया, वायरस, फंगस और सूक्ष्म पैथोजन्स से जुड़ी जांच के लिए दूसरे शहरों या राज्यों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कानपुर, मिर्जापुर, बरेली और अलीगढ़ में भी ऐसी ही अत्याधुनिक माइक्रोबायलॉजी लैब की स्थापना हेतु एफएसएसएआई द्वारा बजट स्वीकृत कर दिया गया है।


### श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रम एवं सेवायोजन विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि श्रमिक और उद्योगपति एक-दूसरे के पूरक हैं, न कि प्रतिस्पर्धी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की औद्योगिक प्रगति तभी संभव है, जब श्रम कानूनों को प्रो-इंडस्ट्री और प्रो-श्रमिक दोनों दृष्टियों से संतुलित बनाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रम कानूनों का सरलीकरण इस प्रकार किया जाए जिससे उद्योगों को सुविधा मिले, लेकिन यह भी सुनिश्चित हो कि श्रमिकों के शोषण या उनके साथ अमानवीय व्यवहार की कोई संभावना न रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर हाथ को काम देने के लिए हमें उद्योगों को सशक्त करना होगा। उद्योग बंद कर किसी को रोजगार नहीं दिया जा सकता, बल्कि उद्योगों का विस्तार ही अधिकाधिक रोजगार सृजन का माध्यम है। उन्होंने कहा कि दुर्घटना की स्थिति में श्रमिकों और उनके परिवारों को सुरक्षा मिले, इसके लिए उन्हें सम्मानजनक मानदेय और बीमा सुरक्षा कवच देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा करते हुए राज्य सरकार का प्रयास है कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा श्रमिक-हितैषी और उद्योग समर्थ राज्य बनकर उभरे। उन्होंने कहा कि बाल श्रमिकों को केवल आजीविका से नहीं, बल्कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और स्पॉन्सर्ड स्कीम्स से जोड़ते हुए उनके पुनर्वासन की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जाए। भावी पीढ़ी को सुरक्षित भविष्य देने का दायित्व भी है। मुख्यमंत्री ने श्रमिक अड्डों को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए, जहां डोरमेट्री, शौचालय, पेयजल, कैंटीन और ट्रेनिंग सुविधाएं उपलब्ध हों।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से गिरा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



एशियाई बाजारों की गिरावट के दबाव में स्थानीय स्तर पर भारती एयरटेल, एचसीएल टेक, एसबीआई और इंफोसिस समेत चौदह दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार पिछले लगातार दो दिनों की तेजी के बाद आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 200.15 अंक का गोता लगाकर 82,330.59 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 42.30 अंक टूटकर 25019.80 अंक पर आ गया। हालांकि बीएसई की दिग्गज कंपनियों के मुकाबले मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.85 प्रतिशत उछलकर 45,005.84 अंक और स्मॉलकैप 1.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 51,045.74 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4126 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2607 में लिवाली जबकि 1380 में बिकवाली हुई, वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की कुल 2971 कंपनियों में से 1969 में तेजी जबकि 911 में गिरावट रही वहीं 91 में टिकाव रहा। विश्लेषकों के अनुसार शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांकों में गिरावट देखी गई, जिसका मुख्य कारण भारती एयरटेल, एसबीआई और आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में कमजोरी रहा। इन शेयरों में बिकवाली से बाजार पर दबाव बना। वहीं इस गिरावट के बावजूद बाजार को अमेरिका के साथ जारी व्यापार वार्ता से कुछ सहारा मिलने की उम्मीद है। बीएसई के सात समूहों में गिरावट जबकि अन्य में बढ़त रही। वैश्विक स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 138 अंक की गिरावट लेकर 82,392.63 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 82,514.81 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। यह दोपहर से पहले 82,146.95 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस केके मुकाबले 0.24 प्रतिशत टूटकर 82,330.59 अंक पर बंद हुआ।

### इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट शुरू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को इस्पात मंत्रालय की नई वेबसाइट का शुभारम्भ किया। राजधानी में उद्योग भवन में मंत्रालय के कार्यालय में आयोजित समारोह में इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रालय का कहना है कि नई वेबसाइट को इसके संचालन में पारदर्शिता, पहुंच और दक्षता बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। नई वेबसाइट में एक आधुनिक और उपयोगकर्ताओं के अनुकूल इंटरफ़ेस है, जिससे वेबसाइट का इस्तेमाल करना और वहां से प्रासंगिक जानकारी प्राप्त करना सहज हो जाता है। इस्पात मंत्रालय के सचिव संदीप पौंड्रिक और इस्पात मंत्रालय के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# उठाव सुस्त, जिंसों में बना रहा टिकाव

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों की जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 35 रिंगिट गिरकर 3837 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 1.16 सेंट गिरावट लेकर 48.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15751 रुपये, मूंगफली तेल 18314 रुपये, सूरजमुखी तेल 16484 रुपये, सोया रिफाइंड 14725 रुपये, पाम ऑयल 13919 रुपये और वनस्पति तेल 16116 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ऑपरेशन सिंदूर....**

71 की जंग में हमारी जीत का साक्षी रहा है और आज भी यह ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का साक्षी है। राजनाथ ने कहा कि आपके पराक्रम ने दिखा दिया है कि यह वो सिंदूर है, जो श्रृंगार का नहीं शौर्य का प्रतीक है। यह सिंदूर खतरे की वह लाल लकीर है, जो भारत ने आतंकवाद के माथे पर खींच दी है। इस लड़ाई में सरकार और सभी नागरिक एकजुट थे। राजनाथ ने कहा कि अब आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई सिर्फ सुरक्षा का मसला नहीं, बल्कि ये नेशनल डिफेंस का हिस्सा बन चुकी है। हम इसे जड़ से खत्म करेंगे।

राजनाथ ने कहा कि इस ऑपरेशन में आपने जो किया है, सभी हिंदुस्तानी उससे गौरवान्वित हैं। भारतीय सेना के लिए 23 मिनट काफी थे पाकिस्तान की सरजमीं पर पल रहे आतंकवाद के अजगर को कुचलने के लिए। जितनी देर में लोग नाश्ता-पानी करते हैं, उतनी देर में आपने दुश्मनों को निपटा दिया। राजनाथ सिंह ने कहा कि आपने पाकिस्तान के भीतर मिसाइलें गिराई हैं, उसकी गूंज पूरी दुनिया ने सुनी। राजनाथ ने कहा कि कोई छोटी बात नहीं है कि हमारी एयरफोर्स की पहुंच पाकिस्तान के हर कोने तक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत यही चाहेगा कि आईएमएफ पाकिस्तान को अपनी एक बिलियन डॉलर के फंड पर पुनर्विचार करे और आगे भी किसी भी तरह की सहायता देने से परहेज करे। उधर पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर पर भारत के सांसद दुनिया को ब्रीफ करेंगे। केंद्र सरकार सभी दलों के चुनिंदा सांसदों को 22 या 23 मई से 10 दिनों के लिए विदेश दौरे पर भेज रही है। ये सांसद अमेरिका, यूके, दक्षिण अफ्रीका, कतर और यूएई जाएंगे। हालांकि, कुछ नेताओं ने बताया है कि सांसदों की संख्या 30 से ज्यादा हो सकती है। इनमें भाजपा, कांग्रेस, टीएमसी, जदयू, डीएमके, छसीपी-एसपी, बीजद, सीपीआई-एम के सांसदों के शामिल होने की संभावना है। भाजपा की तरफ से पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और सांसद अपराजिता सारंगी डेलीगेशन का हिस्सा होंगी। कांग्रेस से शशि थरूर, मनीष तिवारी, सलमान खुर्शीद और अमर सिंह शामिल होंगे। एनसीपी-एसपी की सुप्रिया सुले और एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी का नाम भी सामने आया है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) सांसदों को डिप्लोमेटिक मिशन के लिए रवाना होने से पहले जानकारी देगा। एक पार्टी के नेता ने अपना नाम उजागर न करते हुए बताया कि उन्हें 22-23 मई तक 10 दिनों के लिए रवाना होने के लिए तैयार रहने को कहा गया है। विदेश मंत्रालय यात्रा से जुड़े डिटेल्स शेयर करने के लिए उनसे संपर्क करेगा। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों की तरफ से बताया जा रहा है कि डेलीगेशन में 5-6 सांसदों के 8 ग्रुप्स होंगे। सांसदों के साथ विदेश मंत्रालय (एमईए) का एक अधिकारी और एक सरकारी प्रतिनिधि भी जाएंगे। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू सांसदों का विदेश दौरा कोआर्डिनेट कर रहे हैं। सांसदों को निमंत्रण भेजा जा चुका है। उन्हें अपना पासपोर्ट और ट्रैवल से जुड़ी जरूरी डॉक्यूमेंट्स तैयार रखने की सलाह दी गई है।

# कश्मीर में सुरक्षाबलों की नई रणनीति रही सफल



दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने आतंकवाद विरोधी रणनीति में बदलाव किया है, जिसके कारण उन्हें 48 घंटे में दक्षिण कश्मीर में दो कमांडरों समेत छह स्थानीय आतंकवादियों को मार गिराने में मदद मिली। इस बीच मंगलवार से अब तक दक्षिण कश्मीर के शोपियां और अवंतीपोरा में दो अलग-अलग मुठभेड़ों में लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के तीन-तीन आतंकवादी मारे जा चुके हैं।

पुलिस, सेना और केन्द्रीय रिजर्व सुरक्षा बल (सीआरपीएफ) की संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग में आज यहां अधिकारियों ने बताया कि इन दोनों अभियानों की सफलता सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों के बीच 'सहज समन्वय' के कारण है। कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विधि कुमार बिरदी ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले ने मौजूदा सुरक्षा रणनीति की व्यापक समीक्षा को प्रेरित किया है। प्रेस ब्रीलफ्ग में सेना के 'विक्टर फोर्स' के जनरल ऑफिसर कमाडिंग (जीओसी) मेजर जनरल धनंजय जोशी और सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक मितेश जैन भी मौजूद थे। बिरधी ने आगे कहा कि कश्मीर घाटी में बढ़ती आतंकी गतिविधियों के मद्देनजर यहां तैनात सभी सुरक्षा बलों ने अपनी रणनीतियों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद ऑपरेशन पर अधिक ध्यान दिया गया। इस गहनचितन और समन्वय के आधार पर हमने पिछले 48 घंटों में दो सफल ऑपरेशन किए जिसके दौरान हमें महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली। दोनों ऑपरेशनों में छह आतंकवादियों को मार गिराया गया है। बिरधी ने कहा कि शोपियां और त्राल अवंतोपोरा में एक-एक ऑपरेशन सीआरपीएफ, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के बीच सहज समन्वय के कारण संभव हुआ। उन्होंने इन आपरेशनों में खुफिया एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका को भी स्वीकार किया। इस बीच जैन ने कहा कि सभी सुरक्षा एजेंसियां यहां आतंकवादी पारिस्थितिकी तंत्र या किसी भी आतंकी गतिविधि को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। जनरल जोशी ने आपेरशन के बारे में और जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन 'नादर' त्राल और केलर शोपियां पर पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा बलों द्वारा कुछ खास इलाकों को लक्षित करके किया गया। उन्होंने कहा कि दोनों ऑपरेशन अलग-अलग इलाकों में किए गए थे, एक शोपियां के घने जंगलों में और दूसरा पुलवामा जिले के त्राल के आबादी वाले गांव में।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए 19 निर्णय

# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सेना के अभिनंदन का प्रस्ताव पारित

■ सचिव शैलेश बगोली, बीवीआरसी पुरुषोत्तम एवं चंद्रेश कुमार ने की ब्रीफिंग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद बैठक में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय सेना, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्रालय का अभिनंदन प्रस्ताव पारित किया गया है। मंत्रिपरिषद के प्रस्ताव में कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना के अदम्य साहस, पराक्रम और रणनीतिक कौशल की सफलता को दर्शाता है, यह सैन्य अभियान भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और आत्मबल का उदाहरण बनकर उभरा है। मंत्रिपरिषद द्वारा विश्वास व्यक्त किया गया कि ऑपरेशन सिंदूर आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा जो भारत की सैन्य गौरवगाथा में स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित होगा। कैबिनेट के इस अभिनंदन प्रस्ताव को केन्द्र सरकार और रक्षा मंत्रालय को भेजा जाएगा ताकि उत्तराखण्ड राज्य की भावनाओं से उन्हें अवगत कराया जा सके।

## यूपीसीएल में मैकेंजी इंडिया के सुझावों पर कार्य योजना को मंजूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**देहरादून।** उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लिमिटेड की वित्तीय और परिचालन स्थिति में सुधार करने के लिए एक विस्तृत परिवर्तन योजना तैयार की गई है। इस योजना को शुक्रवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी दे दी गई है। इस योजना का उद्देश्य वितरण और ट्रांसमिशन नुकसान को कम करना, बिजली खरीद लागत को अनुकूलित करना और पूंजी निवेश के माध्यम से कंपनी के प्रदर्शन को मजबूत करना है।

यह परिवर्तन योजना यू.पी.सी.एल. की आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करेगी और इसे एक कुशल और लाभकारी संगठन के रूप में स्थापित करेगी। इस योजना के चार प्रमुख उद्देश्य हैं। सबसे पहले यू.पी.सी.एल. की वित्तीय स्थिति को स्थिर और मजबूत करना है, जो इसके लगभग 5,000 करोड़ रूपये के बकाया को कम करने और पिछले छह वर्षों में हुए लगातार घाटे को समाप्त करने पर केन्द्रित है।

दूसरा उद्देश्य वित्तरण और ट्रांसमिशन नुकसान को कम करना है, जो वर्तमान में हरिद्वार और उधमसिंह नगर जैसे क्षेत्रों में उच्चतर स्तर पर है। इसमें ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और बुनियादी ढाँचे के उन्नयन से हानियों में कमी पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

तीसरा उपभोक्ताओं को बेहतर बनाना है, ताकि उपभोक्ता, संतोष में वृद्धि और संग्रह दक्षता में सुधार हो सके। अंत में हरित ऊर्जा स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देना, जिससे लागत प्रभावी और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा समाधान प्राप्त हो सके। ये सभी उद्देश्य यू.पी.सी.एल. को उनके ऊर्जा क्षेत्र का एक विश्वसनीय और कुशल स्तंभ बनाने में सहायक होंगे।

### तपोवन-कुंजापुरी रोपवे परियोजना के लिए कंपनी का चयन

**देहरादून।** राज्य की भौगोलिक परिस्थिति एवं पर्यटकों की निरंतर संख्या वृद्धि तथा सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रोप-वे परियोजनाओं का शीघ्र निर्माण किया जाना आवश्यक है। मूल उपकरण निर्माता फर्म बार्थोलेट राज्य के तकनीकी परामर्शदाता के रूप में एमओयू के तहत स्वयं के खर्च पर तकनीकी आर्थिक अध्ययन कर डी.पी.आर. तैयार करेगा। अत: राज्य में चिन्हित रोप-वे परियोजनाओं में से फर्म बार्थोलेट को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में तपोवन से कुंजापुरी रोप-वे परियोजना हेतु राज्य सरकार के तकनीकी परामर्शदाता के रूप में एमओयू निष्पादन किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है। पर्यटकों की संख्या वृद्धि एवं राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत आवागमन को सुगम सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाये जाने के लिए राज्य में विभिन्न स्थलों पर रोपवे विकसित किये जा रहे हैं। पर्यटन विभाग तथा राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा राज्य में चिन्हित सभी रोपवे परियोजनाओं को विकसित किये जाने के दृष्टिगत एनएचएलएमएल को प्रमोटर के रूप में अधिकृत किया है।

## धामी कैबिनेट के अन्य फैसले

### मुख्यमंत्री राहत कोष नियमावली-2013 में संशोधन

मुख्यमंत्री राहत कोष जिसका वित्त पोषण दान के रूप में प्राप्त धनराशि से किया जाता है, में प्राप्त धनराशि जिसका तात्कालिक उपयोग न हो. को प्रतिस्पर्धी सौदे सुनिश्चित करते हुए कैपेबल फिक्स डिपॉजिट के रूप में विनियोजित कर अधिकतम ब्याज प्राप्त किया जा सके। इस निर्णय को कैबिनेट द्वारा मंजूरी प्रदान की गई।

### राजस्व सेवा ( कर ) ( संशोधन ) नियमावली, 2025 प्रख्यापन को मंजूरी

विभागीय पुनर्गठन के दृष्टिगत राज्य कर विभाग, उत्तराखंड के अधिकारियों के सेवा सम्बन्धी मामलों के सरल निस्तारण हेतु वर्तमान में प्रचलित उत्तराखंड प्रांतीय राजस्व सेवा (कर) नियमावली, 2016 के कतिपय नियमों में संशोधनों के उपरान्त उत्तराखंड प्रांतीय राजस्व सेवा (कर) (प्रथम संशोधन) नियमावली, 2025 को कैबिनेट ने दी मंजूरी।

उत्तराखंड किशोर न्याय निधि नियमावली 2024 के तहत किशोर न्याय निधि के संचालन हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये जाने एवं किशोर न्याय निधि में उपलब्ध बजट का उपयोग कैसे किया जायेगा तथा अन्य निजी या गैर सरकारी संस्था तथा जिन जिन स्तरों से निधि में अनुदान प्राप्त होगा उसके उपयोग के सम्बन्ध में दिशा- निर्देश निर्गत किये जाने हेतु नियमावली गठन किये जाने का कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। स्ट्रीट चिल्ड्रेन पॉलिसी: सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार सड़क पर रहने वाले बच्चा (स्ट्रीट चिल्डेन) के पुर्नवास के संबंध में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं अन्य विभागों के सहयोग से मॉडल नीति / पुर्नवास नीति अर्थात् स्ट्रीट चिल्ड्रेन पॉलिसी बनाई जाने का कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना के क्रियान्वयन के संबंध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। योजना का मुख्य उद्देश्य एकल (निराश्रित) / परित्यक्ता / विधवा महिलाओं को उनके निवास स्थान / गाँव / क्षेत्र में ही रोजगार सृजन हेतु प्रोत्साहित करना, व उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करते हुए उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान कर उनके जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार करना है।

### गाड़ियों के पंजीकरण पर ग्रीन सेस में वृद्धि का निर्णय

**देहरादून।** उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम के अधीन मोटर यान पर ग्रीन सेस की निर्धारित दरों में वृद्धि के संबंध में कैबिनेट द्वारा लिया गया निर्णय। उत्तराखण्ड मोटरयान कराधान सुधार अधिनियम एवं नियमावली, 2003 के अन्तर्गत वर्तमान में प्रवेश उपकर तथा ग्रीन सेस की दरों को सम्मिलित करते हुए उत्तराखण्ड राज्य में पंजीकृत एवं राज्य में प्रवेश करने वाले अन्य राज्य के व्यावसायिक एवं निजी वाहनों हेतु ग्रीन सेस की दरें निर्धारित की गयी हैं। प्रवेश उपकर की दरें वर्ष 2017 में निर्धारित की गयी थी, जिसके पश्चात उक्त दरों में कोई वृद्धि नहीं की गयी है। वर्ष 2017 से मुद्रास्फीति में लगभग 28-30 प्रतिशत की वृद्धि होने के दृष्टिगत दरों में वृद्धि की गयी है, जिससे राज्य के राजस्व में वृद्धि होगी। राज्य में अन्य राज्यों के वाहनों द्वारा प्रवेश करने पर ग्रीन उपकर की वसूली फास्टैग के माध्यम से की जायेगी।

### लेखपत्रों के निबंधन की प्रक्रिया में वर्चुअल रजिस्ट्रेशन को मंजूरी

कैबिनेट ने लेखपत्रों के निबंधन को लेकर भी निर्णय लिया है। व्यवस्था को तकनीकी रूप से उन्नत करते हुए लेखपत्रों के निबंधन की प्रक्रिया में चरणबद्ध तरीके से सुधार किया जा रहा है। तकनीकी उन्नयन के अंतर्गत पेपरलेस रजिस्ट्रेशन तथा आधार ऑथेंटिकेशन एवं वर्चुअल रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया गतिमान है। उक्त व्यवस्था को अपनाये जाने हेतु संशोधन नियमावली को दी गई मंजूरी। उक्त प्रक्रिया के अस्तित्व में आने के पश्चात पक्षकार अपने ही स्थान से लेखपत्र को तैयार कर आनलाइन लिंक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकेंगे एवं स्टाम्प ड्यूटी एवं रजिस्ट्रेशन फीस का भुगतान ऑनलाइन माध्यम से कर पायेंगे। पक्षकार उप निबंधक कार्यालय में उपस्थित होकर - वीडियो के.वाई.सी. के माध्यम से सत्यापन कर एवं विलेख में वर्णित तथ्यों का परीक्षण करने के उपरांत विलेखों के पंजीकरण की कार्यवाही को ई-साइन के माध्यम से पूर्ण करेंगे तत्पश्चात व्हाट्सएप व ईमेल के माध्यम से तत्काल पक्षकार को दस्तावेज का प्रेषण किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री ने विभिन्न निर्माण कार्यों के लिये की धनराशि स्वीकृत

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला में तवाघाट-थानीधार मोटर मार्ग में डामरीकरण हेतु 3.44 करोड़, जनपद बागेश्वर के विधानसभा क्षेत्र कपकोट में सौंग-खलीचार हल्का वाहन मार्ग में सीमेंट कंक्रीट द्वारा सुधारीकरण के कार्य के लिए 4.15 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल में भीड़ापानी खुजेटी मोटर मार्ग के कि०मी० 1 से 5 तक मार्ग का सुधारीकरण कार्य के लिए 3.27 करोड़, जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र में पंगोट से देचौरी मोटर मार्ग का नवनिर्माण के लिए 8.19 करोड़ की धनराशि के साथ ही जनपद चम्पावत के विधानसभा क्षेत्र में सूखीढांग-श्यामलाताल मोटर मार्ग का सिंगल लेन से टू लेन में परिवर्तन कार्य हेतु 4.01 लाख की धनराशि स्वीकृत करने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा देहरादून के विधानसभा क्षेत्र धर्मपुर में दीपनगर एवं केदारपुरम को जोड़ने वाले हरे पुल के स्थान पर सेतु के निर्माण के लिए 3.56 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

# गो-सदनों का निर्माण करेगी जिलाधिकारी की कमेटी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शुक्रवार को सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में छोटे-बड़े 19 फैसले लिए गये हैं। बैठक के बाद सचिव बीवीआरसी पुरुषोत्तम, सचिव शैलेश बगौली एवं सचिव चंद्रेश कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस ब्रीफिंग की। कैबिनेट ने निर्णय लिया है कि निराश्रित गोवंश हेतु गौ सदनों के निर्माण एवं उनके भरण-पोषण हेतु नीति के संबंध में कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है कि निराश्रित गोवंश हेतु गौ सदनों / गोशालाओं की स्थापना / सुविधा संबंधी निर्माण कार्य सम्बन्धित जनपदों के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के अंतर्गत करवाया जायेगा। इस हेतु एकीकृत बजट की व्यवस्था पशुपालन विभाग के संबंधित मानक मद में की जायेगी। इसी प्रकार वर्तमान प्रचलित व्यवस्था के अंतर्गत उक्त गौ सदनों में निराश्रित गोवंश के भरण पोषण हेतु बजट की व्यवस्था पशुपालन विभाग के संगत मदो में करते हुए उसे सम्बन्धित जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखा जायेगा। निराश्रित गोवंश को भरण पोषण हेतु दिये जाने वाले अनुदान एवं



■ एक करोड़ तक डीएम व 5 करोड़ तक शासन देगा मंजूरी, निराश्रित गोवंश के भरण पोषण के लिए पशुपालन देगा खर्च

उनके लिये निर्मित होने वाले गोशालाओं के लिए बजट आवंटन हेतु पशुपालन विभाग नोडल विभाग होगा। इस हेतु बजट की व्यवस्था पशुपालन विभाग के संगत मानक मदों में की जायेगी। नगर निकायों द्वारा संचालित कांजी हाउस के संचालन एवं उससे सम्बन्धित व्यय के संबंध में पशुपालन विभाग का दायित्व मात्र निराश्रित गोवंश के चिकित्सकीय उपचार तक सीमित होगा तथा कांजी हाउस का संचालन पूर्व की भांति नगर निकायों द्वारा ही किया जायेगा।

एक करोड़ तक की लागत वाले गोसदनों के निर्माण कार्य की वित्तीय व प्रशासनिक स्वीकृति को जिलाधिकारी अधिकृत होंगे। 5 करोड़ तक के सभी आगणनों / प्रस्तावों की जिला स्तरीय टीएसी द्वारा अनिवार्य रूप से जॉच की जायेगी। 01 करोड़ से अधिक के आगणनों की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति शासन स्तर पर गठित समिति के माध्यम से यथाप्रक्रिया प्रदान की जायेगी।

# सुगम व सुरक्षित चारधाम यात्रा ने स्थापित किए नए मानक: कुर्वे

प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** पवित्र उत्तराखंड चारधाम यात्रा, जिसमें यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ शामिल हैं, 30 अप्रैल 2025 को शुरू हुई। उत्तराखंड सरकार ने श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक उपाय लागू किए हैं। यात्रा के पहले कुछ सप्ताहों में धामों पर तीर्थयात्रियों की संख्या में जबरदस्त वृद्धि देखी गई है। 14 मई तक चारधाम की यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या 7,17,803 थी, जिसमें केदारनाथ पर 291060, बद्रीनाथ पर 1,60,885, गंगोत्री पर 1,26,079 और यमुनोत्री पर 1,39,789 शामिल हैं।

सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने पुन: यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की और क्षेत्रीय अधिकारियों को तीर्थयात्रियों के लिए बिना किसी परेशानी के यात्रा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास मालिकों, परिवहनकर्ताओं और पुजारी समुदाय जैसे सभी हितधारकों के साथ उचित



संवाद स्थापित करने के निर्देश भी दिए ताकि यात्रियों के लिए एक यादगार अनुभव बनाया जा सके। केदारनाथ में 17 बेड की सुविधा और बद्रीनाथ में 45 बेड का अस्पताल। इसके अतिरिक्त, यात्रा मार्गों पर 25 विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात किए गए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने 20 मेडिकल राहत पोस्ट और 31 स्वास्थ्य जांच केंद्र स्थापित किए हैं ताकि विशेष रूप से ऊंचाई से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर निगरानी रखी जा सके और मदद प्रदान की जा सके। साथ ही, 154 एम्बुलेंस, जिनमें 17 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट यूनिट्स शामिल हैं, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सक्रिय हैं। हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस, जिन्हें एम्स ऋषिकेश संचालित करता है, भी तेजी से मेडिकल सहायता प्रदान करने के लिए उपलब्ध हैं।

### झूठे प्रचार से रहें सावधान

सचिन कुर्वे ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में कुछ कुप्रवृत्त लोग यात्रा के अस्थायी बंद होने की गलत खबरें फैला रहे हैं। उन्होंने तीर्थयात्रियों को ऐसी वेबसाइटों और सोशल मीडिया पर फैलाए जा रहे झूठे समाचारों से सावधान रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यात्रा और अन्य संबंधित सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं और उत्तराखंड सरकार तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपाय कर रही है। सभी पंजीकृत तीर्थयात्रियों को उनके मोबाइल नंबर पर मौसम की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से नियमित रूप से भेजी जा रही है।

## जरूरतमंद महिलाओं को सशक्त करेगी एकल महिला स्वरोजगार योजना : रेखा आर्या

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री एकल महिला स्वरोजगार योजना को मंजूरी मिलने पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने प्रदेश की महिलाओं को बधाई दी है। उन्होंने बताया कि इस योजना में स्वीकृत की गई प्रोजेक्ट राशि का 75 फीसदी हिस्सा सब्सिडी के रूप में रहेगा।

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कैबिनेट बैठक के बाद कहा कि प्रदेश की अविवाहित, परित्यक्ता, तलाकशुदा, निराश्रित और विकलांग एकल महिलाओं को इस योजना की दायरे में लाया गया है। रेखा आर्या ने बताया कि इस योजना में पात्र महिलाओं को स्वरोजगार के लिए 200000 तक के प्रोजेक्ट स्वीकार किए जाएंगे जिसमें से 75 फीसदी हिस्सा सब्सिडी यानी अनुदान के रूप में रहेगा। लाभार्थियों को सिर्फ 25 फीसदी हिस्सा ही व्यवसाय में अपने पास से लगाना होगा। मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि



पहले साल इस योजना के तहत काम से कम 2000 महिलाओं को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, पहले साल इसकी प्रगति को देखते हुए योजना में लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने का निर्णय किया जाएगा। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं को सशक्त करने की पहले से कई योजनाएं विद्यमान है लेकिन विशेष रूप से एकल महिलाओं को केंद्रित सहायता योजना अभी तक नहीं थी। उन्होंने कहा कि इस कैटेगरी की महिलाओं को सशक्त किए जाने की सबसे ज्यादा जरूरत है इसलिए एकल महिलाओं के लिए विशेष योजना तैयार की गई है।

# तिरंगा शौर्य यात्रा पर कांग्रेस की आपत्ति विशुद्ध राजनीति से प्रेरित: भट्ट

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** भाजपा ने तिरंगा शौर्य यात्रा पर कांग्रेस की आपत्तियों को विशुद्ध राजनीति करार दिया है। प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने चार धाम यात्रियों की संख्या को लेकर भी कांग्रेसी रुख पर तंज किया कि शुरुआत में अधिक यात्री आने से इन्हें परेशानी थी और सीमा की परिस्थितियों के चलते घटी संख्या पर भी दिक्कत हो रही है। जबकि इसके बाद फिर से यात्रियों की संख्या अब रिकॉर्ड छूने लगी हैं। लिहाजा कांग्रेस की यात्रा प्रभावित करने की ये कोशिशें इस वर्ष भी सफल नहीं होने वाली है।

पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के सवालों का जबाब देते हुए, उन्होंने कहा कि कल तक देश के मुद्दों पर साथ खड़े होने का वादा करने वाली कांग्रेस को अब तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा से दिक्कत हो रही है। जबकि



यह यात्रा तो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक बैनर के तले विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा आयोजित की जा रही है।

भाजपा इसमें सहयोगी की भूमिका में है, ताकि अधिक से अधिक लोग सेना एवं नेतृत्व को सम्मान देने और साथ खड़े होने का संदेश दे सके। हमारी कोशिश है कि राज्य के प्रत्येक परिवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उमड़े राष्ट्रभक्ति के ज्वार से जोड़ा जाए।

उन्होंने अफसोस जताया कि कांग्रेस को इस यात्रा में राजनीति दिखाई देती है। जबकि स्वयं इन्होंने अपने पार्टी के बैनर पर तिरंगा यात्रा निकाली, वो भी तब जब सीमा पर हमारे जवान दुश्मन को कड़ा जवाब दे रहे थे। लेकिन उस समय भी भाजपा ने उनकी कोशिशों का स्वागत किया था, जबकि वो पूरी तरह राजनैतिक यात्रा थी। लेकिन अब भारतीय सेनाओं के शौर्य से मिली सफलता पर, देश ऐसी यात्राओं से जीत का जश्न मना रहा है तो कांग्रेस को ये सब राजनैतिक लग रहा है। दरअसल सच्चाई यह है कि कांग्रेस को सेना और देश के सम्मान से कोई लेना देना नहीं है। उनके नेता तब भी राजनीति कर रहे थे जब स्वयं तिरंगा यात्रा निकाल रहे थे और आज भी राज्य में जारी यात्रा का विरोध कर विशुद्ध राजनीति कर रहे हैं।

उन्होंने यात्रियों की संख्या को लेकर कांग्रेस के सवालों को उनकी दोगली राजनीति करार दिया है।

# यूपीईएस ने बढ़ाया अनुभवात्मक शिक्षा के एक नए युग की ओर कदम

प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** अनुभवात्मक शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, आज यूपीईएस के स्कूल ऑफ बिजनेस ने इन्सिआड एक्सआर के सहयोग से एक अनोखा और अत्याधुनिक इमर्सिव एक्सआर सिमुलेशन सत्र आयोजित किया। इन्सिआड एक्सआर विश्व स्तर पर इमर्सिव एजुकेशनल टेक्नोलॉजी में अग्रणी संस्थान माना जाता है। इस पहल के साथ, यूपीईएस भारत के उन पहले संस्थानों में शामिल हो गया है, जिसने मैनेजमेंट शिक्षा में एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) को अपने एमबीए पाठ्यक्रम में शामिल किया है।

पायलट सत्र में दो अत्याधुनिक एक्सआर सिमुलेशन शामिल थे दृ द अवोकाडो केस, जो रणनीतिक निर्णय-निर्माण पर केंद्रित था, और मिशन टू मार्स, जिसका उद्देश्य आलोचनात्मक सोच और टीम सहयोग को बेहतर बनाना था। वर्चुअल रियलिटी हेडसेट पहनकर,





■ इन्सिआड एक्सआर के साथ मिलकर एमबीए छात्रों के लिए इमर्सिव लर्निंग की शुरुआत की

छात्र इमर्सिव और प्रभावशाली परिवेशों में पहुंच गए कृ कहीं वे जांजीबार के धूप से चमकते समुद्र तटों पर रणनीति बना रहे थे, तो कहीं मंगल अभियान के कमांड सेंटर्स में महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे थे। इन सिमुलेशन्स ने छात्रों को एक अनोखा अवसर प्रदान किया जिसमें वे बहु-इंद्रियात्मक वातावरण में जटिल व्यवसायिक परिस्थितियों के साथ सीधे रूप से जुड़ सके, जो वास्तविक दुनिया की परिस्थितियों के बहुत करीब था। यह पहल छात्रों के बीच बहुत उत्साह के साथ देखी गई, क्योंकि उन्होंने प्रत्यक्ष रूप से जाना कि कैसे इमर्सिव टेक्नोलॉजी पारंपरिक शिक्षा से परे जाकर उनके कौशल को निखार सकती है। इन्सिआड एक्सआर द्वारा संचालित यह सत्र केवल ज्ञान नहीं, बल्कि एक संपूर्ण अनुभव प्रदान करता है, जिसमें छात्र व्यावहारिक निर्णय लेने की क्षमताओं को एक सुरक्षित लेकिन चुनौतीपूर्ण वातावरण में विकसित करते हैं। इस पहल के बारे में बात करते हुए, यूपीईएस स्कूल ऑफ बिजनेस के डीन, राहुल नैनवाल ने कहा, "यूपीईएस में हमारा निरंतर प्रयास है कि हम छात्रों को उन्नत और अनुभव आधारित शिक्षण विधियों के माध्यम से प्रासंगिक और भविष्य-केंद्रित कौशल प्रदान करें। इन्सिआड एक्सआर के साथ यह सहयोग उसी दिशा में एक मजबूत कदम है कृ जिससे कक्षा में इमर्सिव टेक्नोलॉजी लाकर हम अपने एमबीए छात्रों को आज के जटिल और तेजी से बदलते कारोबारी माहौल के लिए बेहतर तरीके से तैयार कर रहे हैं।

## चारधाम यात्रा और मानसून सीजन के दृष्टिगत 108 कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तराखण्ड के निर्देशानुसार 108 आपातकालीन सेवा उत्तराखण्ड कर्मियों का वर्तमान में संचालित चार धाम यात्रा और आगामी मानसूनी सीजन को दृष्टिगत रखते हुए 'ट्रामा केयर' प्रशिक्षण दिया गया। किसी भी आपातकालीन स्थिति में मुख्य रुप से दुर्घटना के केसों में एम्बुलेंस कर्मियों को विशेष रूप से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य प्रशिक्षक डा प्रसून माहेश्वरी (वरिष्ठ हड्डी रोग विषेशज्ञ), सह प्रशिक्षक डा प्रशांत चौधरी (आपातकालीन चिकित्सा अधिकारी) एवं यशपाल सिंह ने प्रशिक्षित किया। आन लाइन माध्यम से सभी जनपदों के ईएमटी प्रशिक्षण से जुड़े हुए थे। प्रशिक्षण में डा प्रसून माहेश्वरी द्वारा सभी 108 आपातकालीन कर्मचारियों का मार्गदर्शन करते हुए विभिन्न दुर्घटना संबंधी चोटों एवं उनके प्राथमिक उपचार के बारे में



जानकारी प्रदान की गयी, जिससे और अधिक कुशलता से उपचार देना सुनिश्चित हो सके एवं लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएें प्राप्त हो सकें। डा प्रशांत चौधरी ने प्रशिक्षण में विभिन्न प्रकार की आपातकालीन परिस्थितियों के बारे में जानकारी प्रदान की। यशपाल सिंह द्वारा दुर्घटना के समय बरती जाने वाली सावधानियों एवं दुर्घटनाग्रस्त मरीज के सुरक्षित परिवहन के विषय में जानकारी प्रदान की गयी।

### सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए संस्था समय-समय देती है ट्रेनिंग: शर्मा

देहरादून।कैंप 108 आपातकालीन सेवा के महाप्रबंधक- प्रोजेक्टस, अनिल शर्मा ने बताया कि सेवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए संस्था समय- समय पर अपने कर्मियों को प्रशिक्षित करती रहती हैं। आज का प्रशिक्षण भी बहुत ही लाभप्रद रहा ,जिसमें कर्मियों द्वारा विभिन्न प्रकार की आपातकालीन स्थिति एवं दुर्घटनाओं से संबंधित सवाल-जवाब भी किये गये। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को बहुत ही लाभप्रद बताया ।

## वित्त आयोग के दौरे को लेकर मुख्य सचिव ने की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** 16वें वित्त आयोग के उत्तराखंड दौरे की तैयारियों के सम्बन्ध में मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने शुक्रवार को सचिवालय में बैठक ली। मुख्य सचिव ने वित्त आयोग के उत्तराखंड दौरे के सम्पूर्ण कार्यक्रम, बैठकों एवं अन्य तैयारियों का जायजा लिया। मुख्य सचिव ने कहा कि वित्त आयोग के आगमन से लेकर प्रस्थान तक की समुचित व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार सम्पर्क अधिकारियों एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जाए। आयोग द्वारा देहरादून एवं नैनीताल में हितधारकों के साथ की जाने वाली विभिन्न प्रस्तावित बैठकों एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस आदि की उचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर सचिव दिलीप जावलकर सहित सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर आज

**पंतनगर।** भारतीय सैनिकों के प्रति सम्मान एवं देश प्रेम की भावना से पन्तनगर विश्वविद्यालय द्वारा सैनिक अस्पतालों के प्रयोगार्थ कल (आज) प्रात: 10 बजे से एक रक्तदान शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय चिकित्सालय में किया जा रहा है, जिसमें सैनिक अस्पताल, बरेली एवं भारतीय चिकित्सा संघ के चिकित्सों द्वारा रक्त एकत्रण का कार्य किया जाएगा। विश्वविद्यालय के संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं विद्यार्थी इस पूर्ण कार्य में अपना योगदान दें।

### होटल के कमरे में घुस गया गुलदार

**बागेश्वर।** जिला पंचायत के होटल गोमती में शुक्रवार की तड़के गुलदार कमरे में घुसने की सूचना से अफरा तफरी मच गई। कुछ कर्मचारियों द्वारा गुलदार को कमरे में बैठे देखा। जिसके बाद लोगों ने वन विभाग को गुलदार होने की सूचना दी गई। सूचना मिलने के आधे घंटे में पहुंची विभाग की टीम ने सर्च अभियान चलाया। लेकिन तब तक गुलदार मौके से फरार हो चुका था। बता दें कि जिला मुख्यालय में जिला पंचायत के डाक बंगले के समीप होटल गोमती स्थित है। जिसे जिला पंचायत द्वारा ग्राउंड फ्लोर में स्टेट बैंक, वह दो मंजिले में श्रम विभाग, सहित अन्य निजी संस्थाओं को किराए पर दिया है। शुक्रवार की सुबह जब श्रम विभाग के कर्मचारी ऑफिस खुलने के लिए वहां पहुंचे। अंदर कमरे में दुलदार बैठा हुआ था। तभी लोगों ने सूचना वन विभाग को दी। इस दौरान शोर गुल के बीच गुलदार चुपके से बालकनी में होते हुए गोमती नदी ओर भाग निकला। हालांकि विभाग और अन्य लोग गुलदार के कमरे में होने की आशंका से एक घंटे तक सर्च अभियान चलाते रहे। अंत में जब दरवाजे काटकर देखा गया तो गुलदार कमरे से जा चुका था।

### पराली में लगी आग, गौशाला में मवेशी जिंदा जले

**बागेश्वर।** गेहूं की पराली में फैली आग घर के पास गोशाले तक पहुंची। आग की चपेट में आकर गौशाले में बंधी दुधारू गाय व बछड़ा जिंदा जल गए, साथ ही गौशाला पूरी तरह जलकर खाक हो गया। रवाईखाल के फटगली ग्राम पंचायत के कनार तोक निवासी ललित चंद्र के घर पास खेतों में शुक्रवार की दोपहर गेहूं की पराली में आग लगी हुई थी। देखते ही आग बेक. ाबू होकर ग्रामीण के गोशाला तक आ पहुंची। जब तक लोग आग को बुझा पाते तब तक गौशाला जलकर खाक हो गया। गौशाला में बंधी दुधारू गाय तथा बछड़ा जिंदा जल कर मर गए हैं। तभी आग आवासीय मकान की ओर बढ़ने लगी। लेकिन ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आग पर काबू पा लिया।

### रेल मार्ग निर्माण के लिए विधायक से मिले

**बागेश्वर।** टनकपुर-बागेश्वर रेल मार्ग निर्माण संघर्ष समिति से जुड़े लोग गुरुवार की देर शाम क्षेत्रीय विधायक पार्वती दास मिले। समिति ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर जल्द बागेश्वर तक रेल मार्ग निर्माण शुरू करने की मांग सरकार से करने की बात कही। साथ ही सीएम पुष्कर सिंह धामी से इस मांग को पूरा करवाने में अपनी अहम भूमिका निभाने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि जिले में संघर्ष समिति रेल मार्ग के लिए पिछले दो दशक से संघर्ष कर रहे हैं। जबकि बागेश्वर में रेल लाइन का प्रोजेक्ट अंग्रेजी शासन से प्रस्तावित है। जिसमें सभी की भागीदारी महत्वपूर्ण है। इस मौके पर समिति अध्यक्ष नीमा दफौटी, प्रवीण दफौटी, केश्वानंद जोशी, सरस्वती देवी आदि मौजूद थे।

### पराविधिक कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक

**बागेश्वर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जयेंद्र सिंह ने शुक्रवार को पराविधिक कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक ली गई। बैठक में उन्होंने कहा कि सेवा प्राधिकरण के द्वारा आगामी दिनों में अलग अलग तिथि को सड़क सुरक्षा: जीवन रक्षा'' तथा 'तंबाकू मुक्त देवभूमि अभियान' चलाये जाने है। इसी क्रम में जिले में लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर, नुक्कड़-नाटक एवं सेमिनार आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अलग अलग तिथि को जनपद भर में दिव्यांग व्यक्तियों हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत दिव्यांग व्यक्तियों/बच्चों की पहचान कर सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से उन्हें अवगत कराना एवं लाभान्वित कराया जाना है। सचिव सिंह ने पराविधिक कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि सभी परा. विधिक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे दिव्यांग व्यक्तियों को चिन्हित करना सुनिश्चित करें। तथा उक्त दो दिवसीय अभियान के तहत अपने-अपने क्षेत्रों में जागरूकता शिविर भी आयोजित करना सुनिश्चित करें।

### पैरोल पर रिहा एक सिद्धदोष कैदी गिरफ्तार

**काशीपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर मणिकांत मिश्रा द्वारा कोविड काल में कारागारों से रिहा सिद्ध दोष बंदियों के सत्यापन हेतु चलाये गए अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह, क्षेत्राधिकारी काशीपुर दीपक कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक काशीपुर अमर चन्द शर्मा द्वारा टीम गठित की गई। पुलिस टीम द्वारा सूचना संकलन कर पाया गया कि अनाधिकृत रूप से कारागार से बाहर रह रहे सिद्धदोष बंदी सावेज पुत्र अरशद निवासी मौहल्ला बांस्फोड़ान, काशीपुर नशा मुक्ति केंद्र मुरादाबाद में रह रहा है, जिसे गिरफ्तार कर उपकारगार हल्द्वानी में दाखिल किया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक पूर्व में सिद्धदोष बंदी सूरज पुत्र सोमपाल निवासी गड्ढा कॉलोनी काशीपुर को 02 मई 2025 को तथा आलोक कश्यप पुत्र भगवानदास निवासी कृष्णा कॉलोनी काशीपुर को 6 मई 2025 को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस टीम में काशीपुर कोतवाली प्रभारी अमर चन्द शर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल जोशी, उपनिरीक्षक मनोज धोनी व हेड कांस्टेबल संजय कुमार थे।

# चिड़ियाघर में बर्डफ्लू का अलर्ट

## प्रबंधन ने उठाए एहतियातन कई कड़े कदम: चन्द्रशेखर जोशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नैनीताल चिड़ियाघर में इन दिनों बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया गया है। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण से मिले दिशा-निर्देशों के अनुसार चिड़ियाघर प्रशासन ने एहतियातन कई कड़े कदम उठाए हैं ताकि पक्षियों और अन्य प्राणियों को इस संक्रामक रोग से सुरक्षित रखा जा सके। मामले में चिड़ियाघर के निदेशक व नैनीताल वन प्रभाग के डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया एतिहात के तौर पर चिड़ियाघर में दो डाक्टरों को तैनात किया गया है।



चिड़ियाघर में बंद लेपर्ड तथा बाघ समेत अन्य पशु पक्षियों के ब्लड सैंपल एकत्र किए गए हैं साथ ही जानवरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। जोशी ने बताया हाल ही में उत्तर प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बर्ड फ्लू के मामले सामने आए हैं जिसके बाद केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने सभी राज्य चिड़ियाघरों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। नैनीताल जू जो ऊंचाई पर स्थित और कई दुर्लभ पक्षी प्रजातियों का आश्रय स्थल है विशेष रूप से जोखिम में माना जा रहा है। ऐसे में यहां की व्यवस्थाओं को तुरंत सुदृढ़ किया गया है। जू में वर्तमान में मोनाल, मोर, गिद्ध, उल्लू व तोता और अन्य कई प्रकार की देशी व विदेशी पक्षी प्रजातियाँ हैं। इन सभी पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। जू प्रबंधन ने जू परिसर में बाहरी पक्षियों के प्रवेश को रोकने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके तहत चिड़ियाघर के चारों ओर नेटिंग की गई है ताकि जंगली पक्षी उड़कर अन्दर न आ सकें। इसके साथ ही सभी बाड़ों को सेनिटाइज किया जा रहा है। चिड़ियाघर के सभी कर्मचारियों को किटए दस्ताने तथा मास्क और सैनिटाइजर के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है।

### पक्षियों, जानवरों की सुरक्षा प्राथमिकता

**नैनीताल।** जू के निदेशक चंद्रशेखर जोशी ने बताया अभी जू को बंद नहीं किया गया है लेकिन पर्यटकों को पक्षियों के करीब जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। विशेष रूप से पक्षी बाड़ों के आसपास बैरिकेडिंग कर दी गई है। साथ ही दर्शकों को मास्क पहनना और हाथ सैनिटाइज करना अनिवार्य कर दिया गया है। जू प्रशासन पर्यटकों से सहयोग की अपील कर रहा है ताकि इस संक्रमण से बचाव किया जा सके। जोशी ने कहा कि हम केंद्र से मिले दिशा निर्देशों का पूरी तरह पालन कर रहे हैं। जू के जानवरों के ब्लड सैंपल एकत्र कर जांच के लिए भेजे गए हैं। हमारी प्राथमिकता सभी पक्षियों और जानवरों की सुरक्षा है। हम किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार हैं और लगातार निगरानी रख रहे हैं।

## पांच सालों की अपेक्षा इस बार वनाग्नि के मामले काफी कम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड के जंगलों में लगने वाली आग हमेशा से वन विभाग के लिए चुनौती बनी रहती है। मगर इस बार मौसम की मेहरबानी और वन विभाग द्वारा पूर्व में की गई तैयारी के चलते जंगल पिछले 5 सालों की अपेक्षा 10 फीसदी से कम जले है। जिससे नैनीताल समेत आसपास के जंगलों में प्राकृतिक वन संपदा और पशु पक्षी सुरक्षित हैं। पत्रकार वार्ता में नैनीताल वन विभाग के डीएफओ चंद्रशेखर जोशी ने बताया नैनीताल वन विभाग में अब तक 32 स्थान पर आज की घटनाएं देखने को मिली जिसमें 26.6 हेक्टेयर जला जिसमें 28 घटनाएं आरक्षित वन क्षेत्र में हुई जहां 19.6 हेक्टेयर जंगल जला। बताया कई वर्षों के बाद पहली बार वन विभाग ने फॉरेस्ट फायर लाइन में आने वाले वृक्षों को चिन्हित कर करीब 345 पेड़ों को काटा। इन वृक्षों के चलते कई बार आग को नियंत्रित करने में दिक्कतें आती थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के चलते कई वर्षों से इन वृक्षों को नहीं काटा गया था। वहीं राज्य स्तर पर मामले को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष रखा गया था जिस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फायर लाइन में आने वाले वृक्षों को काटने की अनुमति दी जिसके बाद नैनीताल के बड़ोंन रेंज के 2.11 किलोमीटर के दायरे में 345 पेड़ों को काटा गया है जबकि 15 हजार 506 पेड़ों को काटने के लिए चिन्हित किया गया है। बताया जंगलों में लगने वाली आग को नियंत्रित किए जाने के लिए वन विभाग ग्राम समितियां के साथ मिलकर काम कर रहा है अब तक नैनीताल के 99 गांव में 99 समितियां को जोड़कर स्थानीय ग्रामीणों को आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिन्होंने इस फायर सीजन के दौरान जंगलों में लगे छुटपुट आज की घटनाओं को नियंत्रित किया। कहा इन समितियां को प्रोत्साहित किए जाने के लिए इन समितियां को फायर सीजन के दौरान 30 हजार प्रोत्साहन राशि देने का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा है।

### गांजा तस्कर गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान सल्ट पुलिस ने कूपी बैण्ड तिराहा के पास एक तस्कर को गांजे के साथ दबोच लिया। आरोपी के कब्जे से बैग में रखे 11.325 किलो गांजा बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सल्ट थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कूपी बैण्ड तिराहा के पास एक युवक संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रोका गया। तलाशी लेने पर आरोपी नसीम पुत्र कलवे हसन, निवासी तुमडिया कला थाना डिलारी जिला मुरादाबाद यूपी के कब्जे से लेकेज बैग में रखा 11.325 किलो गांजा बरामद किया गया। मौके पर पुलिस ने गांजे को सील कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया।

## समर स्टडी में विशेष प्रार्थना सभा

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** समर स्टडी हॉल विद्यालय में एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य आकर्षण वंडर ब्रेन द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक था। वंडर ब्रेन जो अपने आकर्षक प्रदर्शनों वह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को बेहतर बनाने के लिए जाना जाता है। इस नुक्कड़ नाटक में विद्यालय के उत्साही विद्यार्थियों ने आज की दुनिया में मोबाइल फोन की बहुआयामी भूमिका व बच्चों के जीवन पर



उनके प्रभाव पर एक सुंदर नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें दैनिक जीवन के विभिन्न चित्रों को चित्रित किया गया तथा रचनात्मक ढंग से यह समझाने का प्रयास किया गया कि मोबाइल फोन किस प्रकार विद्यार्थी जीवन को प्रभावित कर रहा है तथा यह आज प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक चुनौती बन गया है। प्रधानाचार्य अनुज भाटिया ने वंडर ब्रेन की टीम को धन्यवाद देते हुए नाटक में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए तथा साथ ही उन्हें यह भी समझाया कि मोबाइल फोन का प्रयोग किस प्रकार हमारे जीवन को प्रभावित कर रहा है हमें इसके दुरुपयोग से बचना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सरकारी कार्यालयों का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी और उपजिलाधिकारी गरुड़ जीतेंद्र वर्मा ने शुक्रवार को जिले व तहसील क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

■ डीएम ने कर्मचारियों को समय पालन करने के निर्देश दिए




निरीक्षण के दौरान बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली और कार्यालयीय व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। सीडीओ आरसी तिवारी ने विकास भवन स्थित कई विभागों जैसे जिला विकास कार्यालय, समाज कल्याण, डीआरडीए, सहकारिता, पंचायतीराज, मत्स्य, डेयरी व अन्य कार्यालयों का निरीक्षण कर कर्मचारियों को समय पर उपस्थिति और बायोमैट्रिक सिस्टम के अनिवार्य पालन के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई, पंजिकाओं के रख रखाव और जनता से शालीन व्यवहार बनाए रखने पर भी जोर दिया। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी गरुड़ जीतेंद्र वर्मा ने विकासखंड कार्यालय, पशु चिकित्साधिकारी कार्यालय, कृषि विभाग, सीएचसी बैजनाथ और नगर पंचायत गरुड़ का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याएं प्राथमिकता से सुनी जाएं और पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने कार्यालय व्यवस्था में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा आतंकियों के विरूद्ध चलाये गये ऑप्रेशन सिंदूर के समर्थन में आज यहां भारतीय जनता

■ भारतीय सेना की शान में गगनचुंबी नारे लगाए

पार्टी द्वारा किला तिराहा से महाराणा प्रताप चौक तक विशाल तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर देशभक्ति के नारे लगाये और वंदेमात. रम व भारत माता की जय का घोष किया। इस दौरान सांसद अजय भट्ट ने कहा कि हमारा पड़ौसी मुल्क पाकिस्तान लगातार आतंकवाद को



बढावा दे रहा है, लेकिन हमारी सेना भी उसे ईंट का जवाब पत्थर से दे रही है। मात्र कुछ घंटों की ही लड़ाई में हमारी सेना ने पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया। भारतीय सेना ने पहले हमले में ही पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के साथ ही सौ से अधिक आतंकवादियों को मौत के घाट उतार दिया। उन्होंने कहा कि ऑप्रेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है। यदि पाकिस्तान नहीं सुधरा और उसने आतंक को बढ़ावा दिया तो हमारी सेना फिर से उसे सख्ती से जवाब देगी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में कोई भी दुश्मन भारत की ओर आंख उठाकर नहीं देख सकता। तिरंगा यात्रा में विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, पूर्व सांसद बलराज पासी, खिलेन्द्र चौधरी, राम मेहरोत्रा, गुरविन्दर सिंह चण्डोक, राजेश कुमार, अभिषेक गोयल, ईश्वर चन्द्र गुप्ता, राजू सेठी, हर्ष रत्नाकर, समरपाल चौधरी, डॉ. शैलेन्द्र मोहन सिंघल, अर्जुन सिंह, सीमा चौहान, मंजू यादव, सुभाष शर्मा, कविता यादव, राजकुमार यादव, लवीश अरा. ेरा, इंतजार हुसैन, डॉ. यूनुस चौधरी, ब्रिजेश पाल, आशीष अरोरा बॉबी, बिट्टू राणा सहित हजारों महिला-पुरूष शामिल थे।

## डीएम के निर्देश पर किया गया रोडवेज बस अड्डे का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** रोडवेज बस अड्डे में पानी व अन्य व्यवस्था दुरुस्त न होने की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने उप जिलाधिकारी व सम्बन्धित अधिकारियों को तत्काल स्थलीय निरीक्षण कर बस अड्डे में सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश



दिए। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में उपजिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह ने तहसीलदार, सहायक महाप्रबंधक रोडवेज व सहायक अभियंता जल संस्थान के साथ शुक्रवार को रोडवेज बस अड्डे का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बस अड्डे में आरओ व वॉटर कूलर में शीतल पेयजल सुचारू पाया गया। उप जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सहायक महाप्रबंधक रोडवेज को बस अड्डे की सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने व पंखों की मरम्मत कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अभय प्रताप सिंह, तहसीलदार भीम सिंह कुटियाल, सहायक महाप्रबंधक रोडवेज देशराज अम्बेडकर, सहायक अभियंता नरेन्द्र कुमार रेखाड़ी मौजूद थे।

# पंचायत घर कुंवाली में लगी चौपाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को पंचायत घर कुंवाली में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का मौके पर की निस्तारण किया गया। मौके पर निस्तारित नहीं हुई समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधितों को निर्देशित किया गया। क्षेत्र पंचायत सदस्य व भाजपा जिला मंत्री दीपक कन्नू साह ने बताया कि चौपाल में 06 दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाए गए, साथ ही 50 से अधिक लोगों की आधार कार्ड संबंधी समस्याओं का भी समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जा रहा है। बताया कि बीते दिनों जनपद



भ्रमण पर पहुंची कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या से चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने की मांग की गई थी। बताया कि राज्य सरकार की ओर से सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के विभिन्न गांवों में चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर दीपक कन्नू साह ने ग्रामीणों को सरकार की ओर संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही योजनाओं का अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि कुंवाली में आयोजित चौपाल कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं का समाधान किया गया। क्षेत्रवासियों ने गांव में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कराने पर कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या का आभार जताया।

## 9 युवकों पर मारपीट का आरोप, मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**काशीपुर।** बिजली की दुकान स्वामी ने 9 युवकों पर उसके व पुत्र और कर्मचारी के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधर 6 नामजद समेत 9 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। टांडा उज्जैन निवासी उदल सिंह पुत्र शिवलाल सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि उसकी दड़ियाल रोड पर बिजली की दुकान है। 10 मई की शाम वह अपनी दुकान पर कार्य कर रहा था। इस दौरान दिव्यांश, अजय, निक्की, विशाल, सूरज, सौरभ व तीन अन्य अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा दुकान के पास में ही एक युवक के साथ मारपीट की जा रही थी। तभी वह बाहर आया और उसको बचाने की कोशिश करने लगा। इसके बाद वह युवक उसके साथ मारपीट करने लगे। जहां वह अपनी दुकान की तरफ भागा तो उसका पुत्र कुशलेंद्र कुमार और दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी योगराज उसे बचाने आए। तब उन लोगों ने उनको भी लाठी डंडों से पीट दिया। जब पास पड़ोस के अन्य लोग आए, तो वह लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधर पर 6 नामजद समेत 9 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

## मंदिर के सुदृढ़ीकरण को लेकर डीएम से हुई चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे शुक्रवार को चितई स्थित गोल्ज्यू मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर समिति के सदस्यों से मंदिर के स्वरूप को लेकर विचार विमर्श किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से उत्तराखंड में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है। श्रद्धालुओं की संख्या में गुणात्मक वृद्धि हो रही है, इसी को लेकर भविष्य में धार्मिक पर्यटन की बढ़ती संभावनाओं को देखते हुए मंदिर का सकारात्मक विकास जरूरी है। जिलाधिकारी ने कहा कि मंदिर को भव्य एवं दिव्य स्वरूप दिया जाना अनिवार्य है जिससे मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को एक अलग दिव्य अनुभूति का अहसास हो। उन्होंने कहा कि मंदिर के विस्तार के साथ साथ इसके स्वरूप को लेकर जल्द ही एक महत्वपूर्ण बैठक की जाएगी तथा सभी हितधारकों से विचार विमर्श कर निर्णय किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर के प्रस्तावित स्वरूप का मोड्यूल भी मंदिर समिति के सदस्यों एवं पुजारियों को दिखाया जिसकी सभी ने सराहना की। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के तहत भी मंदिर के विकास को लेकर कार्य किए जाने हैं, परंतु मंदिर के अंतरिक कार्य इस परियोजना के अंतर्गत नहीं आते इसलिए मंदिर के अंतरिक सुधारात्मक कार्य मंदिर समिति तथा जिला स्तर के फंड से किए जाने प्रस्तावित हैं। जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर का भी निरीक्षण किया तथा संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर में पूजा अर्चना भी की तथा जनपदवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। यहां मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, उपजिलाधिकारी सदर संजय कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश सिंह खत्री, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग विभोर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में डेंगू से बचाव के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्दूचौड़।** लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हल्दूचौड़ में प्राचार्य प्रोफेसर डा. सीमा श्रीवास्तव के निर्देशन में रोवर रेंजर्स, राष्ट्रीय सेवा योजना, रेड रिबन क्लब और ईको क्लब द्वारा संयुक्त रूप से डेंगू से बचाव हेतु कीटनाशक



दवा का छिड़काव और स्वच्छता का कार्य महाविद्यालय परिसर और परिसर के चारों ओर किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर डा. सीमा श्रीवास्तव द्वारा छात्र-छात्राओं को डेंगू के कारणों, लक्षणों और उससे बचाव की जानकारी प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को अपने घरों और आस-पास के लोगों को भी डेंगू के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राकेश कुमार, जयपाल, गणेश दत्त, उमाशंकर दुम्का, डा. हेम चन्द्र पाण्डे, डा. पप्पू सागर, डा. गीता भट्ट, डा. कमला पाण्डे, डा. गीता तिवारी पाण्डे, डा. भारत सिंह डोबाल आदि प्राध्यापक, कर्मचारी, निवर्तमान छात्रसंघ पदाधिकारी और कला, विज्ञान, वाणिज्य संकायों के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# केंद्रीय राज्यमंत्री ने अधिकारियों की बैठक ली

## राजमार्ग के पास दरकती पहाड़ी के समाधान के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब के पास दरकती पहाड़ी के समाधान को लेकर केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने शुक्रवार को अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्वारब डेंजर जोन के स्थाई समाधान को लेकर सरकार पूरी तरह गंभीर है। स्पष्ट किया कि यह मुद्दा केवल एक निर्माण कार्य नहीं, बल्कि जनसुरक्षा और क्षेत्रीय संपर्क का प्रश्न है। जिसे लेकर सरकार और वे स्वयं अत्यंत गंभीर, संकल्पबद्ध और प्रतिबद्ध है। कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि टीएचडीसी द्वारा तकनीकी अध्ययन के पश्चात सुझाए गए समाधान के अनुसार कार्य दो



चरणों में विभाजित किया गया है। प्रथम चरण में सड़क के नीचे के हिस्से में नदी से लेकर सड़क तक सुरक्षा दीवार निर्माण एवं एंकरिंग कार्य को 17.14 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है और कार्य युद्धस्तर पर प्रारंभ कर दिया गया है। जबकि द्वितीय चरण में सड़क के ऊपर हिल साइड ट्रीटमेंट के लिए 51.37 करोड़ की स्वीकृति सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा दी जा चुकी है जिसे शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। यह कार्य क्षेत्र की भौगोलिक जटिलताओं को ध्यान में रखते हुए अत्यंत वैज्ञानिक एवं स्थाई तरीके से किया जाएगा। यहां डीएम आलोक कुमार पांडे, सीडीओ दिवेश शासनी, एसडीएम संजय कुमार, राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार आदि मौजूद रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री टम्टा ने बताया कि आपातकालीन वैकल्पिक मार्ग के रूप में काकड़ीघाट-डोबा-चौसली मार्ग का सुधारीकरण भी तेजी से किया जा रहा है, ताकि मानसून जैसे संवे. दनशील मौसम में आवागमन बाधित न हो। इसके अतिरिक्त, डोबा-चौसली-काकड़ीघाट मार्ग के किमी दो पर स्थित पुल को एनएच 109 के किमी 53 बिंदु से जोड़ने के लिए प्रस्ताव सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय को भेजा गया है। इसकी स्वीकृति भी शीघ्र हो जाएगी।

## स्व. गांधी पर अभद्र टिप्पणी पर रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**अल्मोड़ा।** देश की पहली महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी परफेसबुक में एक व्यक्ति द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष बना हुआ है। शुक्रवार को मामले को लेकर कांग्रेसियों ने एसएसपी देवेंद्र पींचा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि मामले से संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई की मांग को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीते दिनों कोतवाली



अल्मोड़ा में तहरीर सौंपी थी। लेकिन वर्तमान तक उक्त तहरीर पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। कहा कि स्व. इंदिरा गांधी ने देश हित में कई कार्य किए हैं। उनके प्रति ऐसे शब्दों को प्रयोग देश की समस्त महिलाओं का अपमान है। कार्यकर्ताओं ने एसएसपी से मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। चेतावनी दी कि यदि मामले में जल्द कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो समस्त कांग्रेसी आंदोलन को बाध्य होंगे। यहां विधायक मनोज तिवारी, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, गीता मेहरा, पीतांबर पांडे, पूरन सिंह रौतेला, दीपक कुमार रहे।

# डीएम के जनसुनवाई शिविर में 130 शिकायतें

## पेयजल और सड़क प्रमुख मुद्दे, जिलाधिकारी ने मौके पर किया कई समस्याओं का निस्तारण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बैलपड़ाव स्थित सिंचाई विभाग के निरीक्षण भवन में जिला. धिकारी वंदना की अध्यक्षता में जनसुनवाई शिविर आयोजित किया गया। जनसुनवाई में कुल 130 आवे. दन विभिन्न समस्याओं से सबंधित प्राप्त हुए। अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान जिन समस्याओं का मौके पर समाधान नहीं हो पाया उनके समाधान हेतु एक अवधि निर्धारित करते हुए विभागों को निर्देश देते हुए जिम्मेदारी तय की गई। शिविर में मुख्य रूप से नलकूप, पेयजल से संबंधित मुद्दे प्रमुखता से उठाए गए। जिला अधिकारी ने पेयजल एवं नलकूप विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह क्षेत्र के प्रत्येक गांव में जाकर भ्रमण कर इन समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने कहा जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से लेते हुए उनका एक निर्धारित समय पर अधिकारी



समाधान करें। शिविर में विभिन्न गांवो में जल जीवन मिशन के अंतर्गत अधूरे पेयजल लाइनों को पूर्ण किए जाने, सहित विभिन्न समस्याएं क्षेत्र वासियों द्वारा शिविर में जिलाधिकारी के समक्ष रखी गई। प्रमुख रूप से बैलपड़ाव एवं कालाढूंगी क्षेत्र के विभिन्न गांव में जहां पूर्व में नाबार्ड के माध्यम से पेयजल लाइन का निर्माण कार्य कराया गया था उक्त योजना में वर्तमान में पेयजल सुविधा ग्रामीणों को न मिलने की शिकायत पर जिला. धिकारी ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान को बैलपड़ाव क्षेत्र के 16 ग्राम पंचायतों एवं कालाढूंगी क्षेत्र के ऐसे ग्राम पंचायतों हेतु जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल लाइन निर्माण का प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने क्षेत्र में जिन घरों में अभी तक पेयजल संयोजन नहीं हो पाया है जो जल संयोजन से छूटे हैं उन्हें भी जल संयोजन उपलब्ध कराए जाने हेतु सर्वे करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पेयजल निगम एवं जल सस्थान के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो ठेकेदार धीमी प्रगति से या कार्य ही नहीं कर रहे हैं उन ठेकेदारों का बॉन्ड निरस्त करते हुए नया टेंडर लगाते हुए कार्य प्रारंभ किया करें साथ ही कार्य न करने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डाले जाने हेतु कार्रवाई करें। शिविर में ग्राम सिमलचौड़, गेबुआ बंदरजुड़ा, मड़कनपुर, बेल पोखरा, धनपुर, विजयपुर धमोला, रतनपुर, बैलपड़ाव, नयागांव, चकलवा इन गांव में सिंचाई नलकूप खराब होने व सिंचाई, पेयजल की शिकायत ग्रामीणों द्वारा जिलाधिकारी के सम्मुख रखी गई। इस संबंध में जिला. धिकारी ने अधिशासी अभियंता नलकूप से क्षेत्र में खराब नलकूप की मरम्मत एवं सिंचाई व्यवस्था आदि के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी लेने पर अवर अभियंता की लापरवाही पर उसे तत्काल क्षेत्र से हटाते हुए अन्य अवर अभियंता की तैनाती के निर्देश दिए दिए, साथ ही वर्तमान अवर अभियंता के विरुद्ध कार्यवाही के लिए अधिशासी अभियंता को आदेशित किया। जिला. धिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन समस्याओं का समाधान विकासखंड स्तर पर हो सकता है उन्हें जिला स्तर पर न पहुंचाया जाए इसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग की है। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सड़क निर्माण की समस्याओं से भी क्षेत्र वासियों द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया, जिसके समाधान हेतु लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लो. निवि के अधिकारीयों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में जितनी भी क्षतिग्रस्त सड़कें हैं उनकी मरम्मत का प्रस्ताव 10 दिन के भीतर उपलब्ध कराएं। इस दौरान क्षेत्र वासियों द्वारा विकासखंड कोटाबाग में आधार सेंटर स्थापित करने की मांग भी रखी जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस संबंध में यथाशीघ्र कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त क्षेत्र वासियों द्वारा बंदरों व आवारा जानवरों से हो रहे नुकसान की रोकथाम की मांग जिला. धिकारी के समूह रखी इस संबंध में जिलाधिकारी ने वन विभाग को बंदर पकड़े जाने हेतु पिंजड़ा लगाने तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका कालाढूंगी को में आवारा जानवरों को गौशादन में रखे जाने के निर्देश दिए। शिविर में कालाढूंगी नगर अंतर्गत वार्ड संख्या एक में गलत तरीके से बनाए गए राशन कार्ड का मामला भी रखा गया। शिविर में विभिन्न भागों द्वारा अपने विभागीय स्टॉल लगाकर विभागीय योजना की जानकारी दी गई और जनता को लाभान्वित किया गया। शिविर में विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, प्रशासक विकासखंड कोटाबाग रवि कन्याल, मुख्य विकास अधिकारी अनामिका रहीं।

# डा. सुशीला तिवारी की पुण्यतिथि मनाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को कांग्रेस के जिला प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा के साथ एस पनेरू कैलाश थुवाल, कैलाश दुम्का, कुन्दन सिंह मेहता और वरिष्ठ समाजसेवी एवं पूर्व भाजपा पदाधिक. ारी के नेतृत्व में डा. सुशीला तिवारी की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर हरेंद्र क्वीरा ने डा. सुशीला तिवारी के योगदान को याद करते हुए कहा कि स्व. नारायण दत्त तिवारी ने जब अपनी पत्नी डा. सुशीला तिवारी को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझते देखा, तो वे अत्यंत व्यथित हुए और उन्होंने यह ठाना कि उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की आम जनता को भी बेहतर इलाज की सुविधा मिले। इसी सोच के साथ उन्होंने भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा को लाकर सुशीला तिवारी अस्पताल का शिलान्यास कराया। क्वीरा ने कहा कि हर व्यक्ति अमेरिका जाकर इलाज नहीं करा सकता, इसलिए इस अस्पताल की स्थापना हुई, जहां आज हजारों लोगों को उन्नत चिकित्सा सुविधा मिल रही है। इस मौके पर प्राचार्य डा. अरुण जोशी, एमएस डा. तितियाल, पीआरओ आलोक उप्रेती, पुष्पा नेगी, गीता देवी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# ताज चौराहा का नाम डा. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखने की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शुक्रवार को भीम आर्मी के जिला प्रभारी बीएल आर्य के नेतृत्व में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने महापौर गजराज बिष्ट को ज्ञापन सौंपकर ताज (छतरी) चौराहे का नाम भारत रत्न डा. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि नगर निगम द्वारा पहले ही इस नामकरण का प्रस्ताव पास कर दिया गया था और चौराहे को फ्लेक्सी, बैनर व फूलों से सजाकर अनावरण की तैयारी कर ली गई थी। हालांकि, 31 मार्च 2025 को कार्यक्रम से कुछ समय पहले ही इसे बिना कोई स्पष्ट कारण बताए रद्द कर दिया गया और डा. कलाम के नाम की फ्लेक्सी-बैनर बेरहमी से फाड़ दिए



गए। इससे न केवल पूर्व राष्ट्रपति का अपमान हुआ बल्कि शहरवासियों की भावनाएं भी आहत हुईं। संगठनों ने महापौर से मांग की कि पूर्व में पारित प्रस्ताव के अनुरूप ताज चौराहे का नाम डा. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर ही किया जाए और वहां उनकी प्रतिमा स्थापित की जाए। कार्यक्रम में बीएल आर्य, जीआर टम्टा, राजेश राज, दीपक चनियाल, सुंदरलाल बौद्ध, आरपी गंगोला, सिराज अहमद, नफीस अहमद, विकास कुमार चौहान, नवीन मूल निवासी, लक्ष्मी नारायण, हरीश कुमार लोधी, जीवन आर्य, पीआर टम्टा, आरएस कुटियाल, जगदीश चंद्र आर्य व फिरोज खान समेत कई लोग शामिल रहे।

## चार दिन बाद भी नहीं लगा प्रॉपर्टी डीलर के बेटे का सुराग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अंबाविहार, तल्ली हल्द्वानी निवासी रियल एस्टेट कारोबारी सतीश खुल्बे का 16 वर्षीय बेटा चार दिन से लापता है। जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। बता दें कि दसवीं बोर्ड का रिजल्ट आने से ठीक पहले छात्र के अचानक गायब हो जाने से परिजन बेहद परेशान हैं। पुलिस के अनुसार, छात्र के लापता होने की सूचना पर सीओ नितिन लो. हनी के नेतृत्व में पुलिस टीमें आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगाला जा रहा है, और हर संभावित स्थानों पर तलाश जारी है। लापता छात्र के पिता सतीश खुल्बे रियल एस्टेट और ट्रेडिंग व्यवसाय से जुड़े हैं। पुलिस का दावा है कि शीघ्र ही बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया जायेगा।

# साइबर ठगों ने बैंक कर्मी समेत दो लोगों से लाखों की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी क्षेत्र में साइबर ठगों ने दो लोगों को झांसे में लेकर कुल 5 लाख रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हरिद्वार के कनखल निवासी एक बैंक कर्मी से जुड़ा है, जो वर्तमान में हल्द्वानी में तैनात है। बैंक कर्मी ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि अज्ञात कॉलर ने खुद को बैंक अधिकारी बताकर क्रेडिट कार्ड की जानकारी ली और बाद में 2.99 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। जबकि दूसरे मामले में हिम्मतपुर मल्ला निवासी एक व्यक्ति को अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल के बाद उसे निजी जानकारी साझा करने के लिए मैसेज भेजे गए, जिसके झांसे में आकर उसने जानकारी दे दी। इसके बाद दो अलग-अलग खातों से कुल 1.97 लाख रुपये निकल गए। इधर मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि दोनों पीड़ितों की तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही साइबर क्राइम पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज की गई है।

## साइबर अपराध की जानकारी दी

**हल्द्वानी।** नैनीताल पुलिस की साइबर सेल टीम ने एनसीसी कैडेट्स को सोशल मीडिया सुरक्षा और वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव के प्रति जागरूक किया। यह कार्यक्रम रानीबाग स्थित एनसीसी कैंप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने किया। उनके साथ हेड कांस्टेबल शिवेंद्र सिंह और संदीप कुंवर ने कैडेट्स को सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने और ऑनलाइन फ्रॉड से कैसे बचें, इस विषय पर विस्तार से जानकारी दी। कैडेट्स को बताया गया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें और शिकायत दर्ज कराएं।

## 125 का चालान, 10 मकान मालिकों पर सख्त कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सत्यापन अभियान के तहत हल्द्वानी शहर में व्यापक चेकिंग की गई। अभियान के दौरान 125 व्यक्तियों का ऑनलाइन और मैन्युअल चालान किया गया। साथ ही बिना सत्यापन के किरायेदार रखने पर 10 मकान मालिकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। प्रत्येक मकान मालिक पर 10-10 हजार रुपये का कोर्ट चालान किया गया, जिससे कुल जुर्माना 1 लाख रुपये पहुंचा। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि बिना सत्यापन रह रहे बाहरी व्यक्तियों पर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे समय पर किरायेदारों और नौकरों का सत्यापन कराएं।

# वृद्धावस्था में चार वर्ष से परेशान हैं पेंशनर्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन के वरिष्ठ पदाधिका. रियों के एक शिष्टमंडल ने शुक्रवार को विधायक सुमित हृदयेश से उनके

### समस्याओं के समाधान के लिए विधायक से लगाई गुहार

आवास पर भेंट कर राज्य के पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स की वर्षो से लंबित समस्याओं के समाधान के लिए विस्तार पूर्वक चर्चा की और ज्ञापन दिया।

शिष्टमंडल ने विधायक को अवगत कराया कि वर्ष 2021 में घोषित राज्य स्वास्थ्य कार्ड योजना के अंतर्गत आज तक अधिकांश पेंशनर्स एवं



उनके आश्रितों को नियमित मासिक अंशदान कटौती के बावजूद भी स्वास्थ्य की सुविधाओं के लाभ से वंचित हैं। कई पेंशनर्स के इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर उनके क्लेम लंबे समय तक लंबित है। पेंशनर्स ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं की कमी और संबंधित विभागों से निरंतर शिकायतों के बावजूद बीते चार वर्षो में कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है, जिससे वृद्धावस्था में उन्हें गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विधायक सुमित हृदयेश ने शिष्टमंडल की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उन्हें आश्वस्त किया कि इन विषयों को वे प्राथमिकता के आधार पर आगामी विधानसभा सत्र में पूरी मजबूती के साथ उठाएंगे। उन्होंने कहा कि जिन वरिष्ठ नागरिकों ने अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय राज्य की सेवा में समर्पित किया है, उनके अधिकारों की रक्षा एवं समस्याओं का समाधान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। पेंशनर्स से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए सरकार पर आवश्यक दबाव बनाएंगे और सदन में इन मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाएंगे। इस दौरान लीलाधर पांडे, विजय तिवारी, नवीन जोशी, जगदीश खोलिया, लक्ष्मण सिंह गोनिया, रमेश चंद पांडे, भुवन चंद पांडे आदि मौजूद रहे।

## पुलिस थानों में अग्नि सुरक्षा पर कार्यक्रम

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय अग्निशमन एवं आपात सेवा से प्राप्त निर्देशों के तहत फायर यूनिट हल्द्वानी ने विभिन्न पुलिस थानों में अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम चलाया। कार्यक्रम का नेतृत्व अग्निशमन अधिकारी मिंदर पाल सिंह ने किया। इस दौरान कोतवाली हल्द्वानी थाना मुखानी, काठगोदाम और वनभूलपुरा थानों में पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को आग से बचाव के उपाय, आग बुझाने की विधियां और प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही थानों में मौजूद महत्वपूर्ण दस्तावेजों, मालखानों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक अग्निशमन उपकरण लगाने के सुझाव भी दिए गए।

# दीपांशु शर्मा बने भाजपा कार्यालय मंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारतीय जनता पार्टी हल्द्वानी नगर इकाई ने दीपांशु शर्मा को नया नगर कार्यालय मंत्री नियुक्त किया है। उनकी इस नियुक्ति पर पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। दीपांशु लंबे समय से भारतीय जनता युवा मोर्चा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और अब तक नगर कार्यकारिणी सदस्य, नगर मीडिया प्रभारी और नगर मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए दीपांशु ने कहा मैं एक साधारण कार्यकर्ता हूं और पार्टी ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसके लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। विशेष रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह




बिष्ट और नगर अध्यक्ष मधुकर श्रोत्रिय का धन्यवाद करता हूं। मैं आश्वस्त करता हूं कि इस पद की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊंगा। दीपांशु को बधाई देने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिमोहन अरोड़ा, जिला महामंत्री रंजन सिंह बागली, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संदीप कुकशाल, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष कार्तिक हरबोला, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री कनिष्ठ ढींगरा और नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा विशु शर्मा शामिल रहे।

# तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा आज, सीएम करेंगे अगुवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में आज शनिवार को हल्द्वानी में तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह यात्रा मिनी स्टेडियम से शहीद पार्क नैनीताल रोड तक निक. ाली जायेगी और इसे भारतीय सशस्त्र बल द्वारा हाल ही में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक विजय को समर्पित किया जाएगा। तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा का मुख्य उददेश्य पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में सफल ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारतीय सशस्त्र बलों के साहस और बलिदान का सम्मान के साथ ही नागरिकों, समुदायों और क्षेत्रों में राष्ट्रीय गौरव और एकता की भावना पैदा करना है। यात्रा में प्रतिभाग करने हेतु मुख्यमंत्री श्री धामी 17 मई को प्रात: 7.30 बजे खटीमा से हैली द्वारा प्रस्थान कर 8.15 बजे एफटीआई हैलीपेड पहुंचेंगे। वहां से कार द्वारा प्रस्थान कर प्रात: 8.25 बजे मिनी स्टेडियम पहुंचकर तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में प्रतिभाग करेंगे। इसके पश्चात 10.20 बजे गौलापार हैलीपेड से देहरादून को प्रस्थान करेंगे। इस तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में पूर्व सैनिक, युवा, मातृशक्ति, स्कूली बच्चे, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी, उच्च शिक्षा, एनसीसी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती, बैणी सेना, व्यापार मंडल, एफटीआई, निजी कॉलेजों एवं आमजनमानस द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

# बागजाला की उपेक्षा के खिलाफ 27 को चेतावनी रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अखिल भारतीय किसान महासभा के नेतृत्व में बागजाला के ग्रामीण 27 मई को बुधपार्क, हल्द्वानी में एक चेतावनी रैली निकालेंगे। यह

### ग्राम समिति की बैठक में शासन-प्रशासन पर आक्रोश

रैली पेयजल संकट, मालिकाना अधिकार, सड़क और निर्माण कार्यों की अनदेखी के खिलाफ सरकार और प्रशासन को चेताने के उद्देश्य से की जा रही है। इस संबंध में बाग. जाला ग्राम समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें राज्य सरकार और जिला प्रशासन की उदासीनता पर कड़ा रोष जताया गया। किसानों का कहना है कि लगातार



ज्ञापन देने और अधिकारियों से मिलने के बावजूद न तो पेयजल संकट का समाधान हुआ है, न ही निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाई गई है। ज्ञापन में मांग की गयी है कि हर घर जल योजना के तहत रुकी पेयजल योजना शुरू की जाए। ग्रामवासियों को उनकी भूमि पर मालिकाना हक दिया जाए। सड़क व भवन निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाई जाए। पुरानी पेयजल योजना की आपूर्ति सुधारी जाए। किसान महासभा प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी ने कहा कि बागजाला में बसासत आजादी से पहले की है, लेकिन यहां आज भी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीयत पर सवाल खड़े होते हैं क्योंकि विकास कार्यों पर बार-बार रोक लगाई जा रही है। भाकपा (माले) के जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि और भाजपा नेता इस मामले में चुप्पी साधे हुए हैं, जिससे सरकार की जिम्मेदारी और स्पष्ट होती है। वेद प्रकाश, ग्राम सचिव, ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत पेयजल कार्य वन विभाग द्वारा रोके जाने के बाद ठप पड़ा है, जिससे ग्रामीणों को भारी संकट झेलना पड़ रहा है। प्रचार सचिव पंकज चौहान ने कहा कि अमृत काल में भी पेयजल के लिए सड़कों पर उतरना पड़ रहा है, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। बैठक की अध्यक्षता विमला देवी और संच. ालन वेद प्रकाश ने किया। इस अवसर पर मीना भट्ट, चन्दन सिंह मटियाली, हरक सिंह बिष्ट, पुष्पा भट्ट, रईस अहमद, यासीन, लीला देवी, नाजिम उपस्थित रहे।

# तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा से बढ़ेगा देश का गौरव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू ने कहा कि तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर हर नागरिक सैनिकों का सम्मान करते हुए अपने को गौरवान्वित महसूस करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों में इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उत्साह का वातावरण है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत के हर नागरिक को अपनी सेना और अपने नेतृत्व पर गर्व महसूस हो रहा है। पूरा देश अपने सैनिकों का मनोबल बढ़ाना चाहता है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति, रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस ऑपरेशन ने आतंकवाद को उसकी जमीन पर जवाब देते हुए यह सिद्ध किया कि भारत अपनी सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर समय तैयार है। यह सफलता न केवल सैन्य विजय है, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की सख्त और संतुलित छवि भी पेश करती है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा उन वीर सैनिकों को समर्पित है जिन्होंने देश की रक्षा में अद्वितीय साहस दिखाया। यह युवाओं में देशभक्ति की भावना को मजबूत करेगी और राष्ट्र के प्रति समर्पण को प्रकट करेगी। उन्होंने आम नागरिकों से समय पर पहुंचकर इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।


# कांग्रेस का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिला और हल्द्वानी महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा संयुक्त रूप से कांग्रेस मुख्यालय स्वराज आश्रम में आयोजित दो

### कार्यकर्ताओं को संगठन और सामाजिक सरोकारों पर किया गया जागरूक

दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का सफल समापन हो गया। इस शिविर का उद्देश्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना, जनसंपर्क कौशल और सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूक करना था। शिविर के दूसरे दिन की



शुरुआत श्रमदान (सफाई अभियान) से हुई।

इसके बाद ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। शिविर प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी नवप्रभात ने कार्यकर्ताओं से समाज सेवा, अनुशासन और जनहित के लिए सजग रहने का आह्वान किया। प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में प्रशिक्षक मृणाल पंत और सीताराम लांबा ने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग, संगठन की कार्यप्रणाली, नेतृत्व, संवाद कला और सामुदायिक समस्याओं के समाधान जैसे विषयों पर व्याख्यान दिए। समापन अवसर पर देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने माहौल को ऊर्जा से भर दिया। इस मौके पर शहर विधायक सुमित हृदयेश ने समापन सत्र को संबोधित करते हुए सभी प्रतिभागियों, आयोज. कों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल और महानगर अध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट ने जानकारी दी कि इस शिविर में बिंदुखत्ता, हल्द्वानी, लालकुआं, बरेली रोड, नैनीताल, भीमताल, भवाली, रामनगर, धारी, रामगढ़, ओखलकांडा, कालाढूंगी, गौलापार, बेतालघाट आदि क्षेत्रों से कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। शिविर में पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनीवाल, मनोज शर्मा, हेमवतीनंदन दुर्गापाल, अशोक जोशी, धर्मेंद्र शर्मा, भोला दत्त भट्ट, राकेश बृजवासी, देवेंद्र चनोतिया, डा. भावना भट्ट, खष्टी बिष्ट, मधु संगुड़ी, सुमित लोहनी, मलय बिष्ट, सुहैल सिद्दीकी, तारा नेगी, कुंदन नेगी, हेम पांडे, अनुपम कबड़वाल, मोहन बिष्ट, हेमंत पाठक, संजय किरोला, महेश कांडपाल, पुष्कर दानू, उमेश कबड़वाल, मीमांसा आर्या, गीता बहुगुणा, मयंक भट्ट, राजेन्द्र उपाध्याय, नीरज तिवारी, गिरीश पांडे, महैशानंद, इंद्रपाल आर्या, संदीप भैसोड़ा, रमेश तिवारी, अमित रावत, प्रेम मेहरा, लक्ष्मी दत्त पलड़िया, हरेंद्र बोरा, हिमांशु जोशी, भगवती बिष्ट, संजय बिष्ट, भारती देवी, अंजू चौधरी, दिनेश चंद्र सांगुड़ी, करुणा शंकर कांडपाल, ताहिर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने किया मंडल का विस्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लालकुआं विधानसभा से गौलापार चोरगलिया क्षेत्र के भाजपा मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी ने अपने मंडल का विस्तार करते हुए 15 पदाधिकारी नियुक्त किए हैं। इसके अलावा 30 मंडल कार्य समिति के सदस्य नामित किए हैं। उन्होंने बताया कि राजेंद्र सिंह बिष्ट, बसंत आर्य, भावना आर्य व किशोर चुफाल को मंडल उपाध्यक्ष और बालम बिष्ट व नवीन जोशी को मंडल महामंत्री का दायित्व दिया गया है। वहीं चंदन नैथानी, माला आर्य, पंकज भट्ट व राजेंद्र जांगी को मंडल मंत्री, विक्रम बर्गली मंडल कोषाध्यक्ष, गीता कुंवर मंडल कार्यालय मंत्री, बलजीत मिनहास मंडल मीडिया संयोजक, हीरा बिष्ट मंडल आईटी संयोजक और योगेश बोरा मंडल मीडिया संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। मंडल अध्यक्ष मेवाड़ी ने बताया कि केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में देश व प्रदेश में किया जा रहे विकास कार्यों को और तेज गति से धरातल पर पहु. चने के लिए मंडल कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। सभी पदाधिकारी जनता और सरकार के बीच में सेतु का काम करेंगे और जन कल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचने में मदद करेंगे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्मैक के साथ यूपी के दो तस्कर दबोचे

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं कोतवाली पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बाइक सवार दो नशा तस्करों से लाखों रुपये की स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपित नशा तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है।

उधम सिंह नगर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी राजेश पांडेय ने बताया कि उनके नेतृत्व में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम एवं कोतवाली पुलिस नशा विरोधी अभियान के तहत कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्रांतर्गत ब्लॉक मोड़ पर वाहनों की चेकिंग कर रहे थे कि अपाचे बाइक पर सवार दो युवक तीव्र गति से आते दिखाई दिए। पुलिस के घेरे में आने से पूर्व पुलिस टीम को देखकर बाइक वापस मोड़ कर भागने लगे।



पुलिस की कड़ी घेराबंदी के कारण बाइक सवार युवकों को पुलिस ने कब्जे में ले लिया। हिरासत में लिए गए दोनों बाइक सवार युवकों की तलाशी ली तो दोनों के कब्जे से 58.47 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 18 लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। नशा तस्करों के कब्जे से दो मोबाइल फोन तथा छह सौ रुपये की नगदी भी बरामद हुई है।

पुलिस पूछताछ में नशा तस्करों ने अपना नाम राहुल शर्मा पुत्र उमेश शर्मा एवं उसके साथी ने अपना नाम राजकुमार पुत्र रामअवतार निवास. ीगण ग्राम किरारी, थाना बहजोई जिला संभल उत्तर प्रदेश बताया। पुलिस ने दोनों नशा तस्करों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा है। नशा तस्करों से बरामद बाइक को सीज किया गया है। टीम में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स जिला प्रभारी राजेश पांडेय, रुद्रपुर कोतवाली प्रभारी मनोज रतूडी, उपनि. कौशल भाकुनी, उपनि. प्रदीप कोहली, हे. का. भुवन चंद्र पांडेय,का. दिनेश चंद्र, विनोद खत्री, महेश राम,म.का. कंचन चौधरी आदि शामिल थे।

जिला उधम सिंह नगर एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी राजेश पांडेय ने बताया कि लगातार नशा तस्करों की चैन तोड़ी जा रही है तथा नशे के विरुद्ध अभियान जारी है। प्रदेश सरकार के निर्देश की उत्तराखंड नशा मुक्त हो पर गम्भीरता से विभिन्न कार्य कर रहा है।

## बारिश से गर्मी में मिली राहत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** शुक्रवार सुबह तेज हवाओं के साथ हुई हल्की बारिश ने तपती गर्मी से राहत दिला दी। बीते तीन दिनों से लगातार बढ़ रहे तापमान ने जनजीवन को बेहाल कर रखा था। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा रहा था, लेकिन सुबह की फुहारों और ठंडी बयार ने मौसम का मिजाज बदल दिया। अधिकतम तापमान में छह डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। पंतनगर कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज सुबह रुद्रपुर क्षेत्र में 2.4 मिमी बारिश हुई। उन्होंने बताया कि अगले दो दिन तक मौसम में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं बादल छाए रह सकते हैं और हल्की बारिश भी हो सकती है।

# कपड़े की दुकान स्वाह, लाखों की क्षति

- **एलटी लाइन के झूलते तारों की चिंगारी से रेडीमेड की दुकान में लगी आग**

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** रेडीमेड कपड़े की दुकान में भीषण आग लगने से लाखों का कपड़ा जलकर राख गया। हादसे के समय दुकान का शटर बंद था, जिससे फायर ब्रिगेड को आग बुझाने में भारी मुश्किल का सामना करना पड़ा। रेडीमेड कपड़े की दुकान में उस समय भीषण आग लग गई जब दुकान स्वामी जुम्मे की नमाज पढ़ने गया हुआ था।

खटीमा शुक्रवार समय लगभग 1:00 बजे वार्ड नं. 10 मकसुदी गारमेंट्स होलसेल में भीषण आग लग गई, जिससे लगभग 20 लाख रुपये का कपड़ा जलकर राख हो गया। हादसे के समय दुकान का शटर बंद था और दुकान के अंदर से भारी



धुंआ और आग की लपटे निकल रही थीं, जिन्हें देखकर आसपास के दुक. ानदारों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी। फायर बिग्रेड ने आग पर बमुश्किल आग पर काबू पाया। हादसा उसे समय हुआ जब दुकान स्वामी जुम्मे की नमाज पढ़ने गया हुआ था। दुकान स्वामी परवेज अहमद ने बताया कि आग लगने से लगभग 20 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। हादसे के बाद पीड़ित का परिवार सदमे में है। वहीं फायर ब्रिगेड टीम में सुभाष चंद्र जोशी, जीवन सिंह रौतेला, प्रदीप कुमार, त्रिभुवन प्रसाद, मनोज कुमार, ज्योति बिष्ट, चंद्रकला आर्य, रेनू, सीमा गहरवाल, ममता मल आदि थे।

## एक नजर

### बाइक और स्कूटी की जोरदार भिड़ंत, एक की मौत, दो घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** बाइक व स्कूटी की आमन-सामने की जोरदार टक्कर में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए, उनको हायर सेंटर रेफर कर दिया।

गुरुवार की देर रात्रि पीलीभीत राष्ट्रीय राजमार्ग में ग्राम मलपुरी के पास बाइक व स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक व स्कूटी में घायलों को उप जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बाइक सवार शिव पुत्र बृजेश निवासी ग्राम भिखारीपुर, सुनगढ़ी जिला पीलीभीत हाल निवासी उकरौली तथा आकाश पुत्र बबलू निवासी ग्राम रतनफॉर्म, शक्तिफार्म तथा स्कूटी सवार विजय पुत्र धर्मपाल निवासी सहगवा नगरिया, जहानाबाद जिला पीलीभीत गम्भीर रूप से घायल हो गए। शिवा को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया, जिसकी रास्ते में ही मौत हो गई। परिजन शिवा को उप जिला चिकित्सालय लाए, जहां चिकित्सकों ने घोषित कर दिया। शुक्रवार को शिवा का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### जिस मेडिकल स्टोर पर नहीं होगा, सीसीटीवी कैमरा उस पर होगी कार्रवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने नशामुक्त देवभूमि मिशन के तहत दवाई की दुकानों में सीसीटीवी कैमरों को अनिवार्य बताया। कहा कि जिन दुकानों में सीसीटीवी कैमरे लगे हों और संचालित नहीं हैं तो उनका लाइसेंस निरस्त किया जाएगा।

डीएम ने कैंप कार्यालय में जिला स्तरीय समिति की बैठक लेते हुए ड्रग निरीक्षक को सभी मेडिकल की दुकानों की जांच/निरीक्षण करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि जो मेडिकल की दुकानें बिना लाइसेंस के संचालित हो रही हों या प्रतिबंधित दवाइयों को बेचने में लिप्त हों और जिन दवाई की दुकानों में सीसीटीवी कैमरे नहीं हैं उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों में 183 एंटी ड्रग्स कमेटियां सक्रिय हैं। जिले में सात नशामुक्ति केंद्र संचालित हैं, दो सरकारी नशामुक्ति केंद्र के लिए जिला चिकित्सालय और अजीतपुर किच्छा में शिक्षा विभाग के विद्यालय में खोलने के लिए स्थल चयन करने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में सीडीओ मनीष कुमार, सीएमओ डॉ. केके अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### बाजपुर के समस्त नालों की होगी तलीझाड़ सफाई: गित्ते

शाह टाइम्स संवाददाता



**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गुरजीत सिंह 'गित्ते' ने कहा कि नगर के समस्त नालों व नालियों की तलीझाड़ सफाई प्रारम्भ करवा दी गई हैं । उन्होंने कहा कि नगर में जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए वर्षाकाल आने से पूर्व नालों की सफाई प्रारम्भ करवा दी गई हैं। मौहल्ला गांधीनगर रेलवे क्रासिंग से गिल चौक तक, चूना भट्टी क्रासिंग से छठ नहर गिल चौक होते हुए गुरूनानक राईस मिल तक, वेयर हाऊस से होते हुए बालाजी मंदिर होते हुए रामराज रोड तक, साजिद चक्की वाले से अली अहमद के घर तक नाले की तलीझाड़ सफाई करवाई जायेगी। नगर की सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### अवैध अतिक्रमण पर फिर प्रशासन ने चलाया अभियान

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामनगर।** स्थानीय प्रशासन,नगर पालिका एवं पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से रानीखेत रोड पर अवैध अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाते होते हुए टीम ने कई अतिक्रमणकारियों का सामान जप्त करने के साथ ही दो लोगों का चालान कर उनसे जुर्माना भी वसूल करने की कार्यवाही की गई है। अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि शुक्रवार को अभियान के तहत तीन अतिक्रमण कार्यों का सामान जप्त करने के साथ ही नगर पालिका की टीम द्वारा दो लोगों का चालान कर 400 का जुर्माना वसूला गया और अस्थाई रूप से 20 अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई।वही कई लोगों ने कर्मचारियों पर अतिक्रमणकारियों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया है।एसडीएम प्रमोद कुमार ने साफ तौर पर चेतावनी देते हुए कहा कि अभियान के दौरान पूरी पारदर्शिता बढ़ती जाएगी यदि कोई कर्मचारी भेदभाव करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी वहीं उन्होंने यह भी कहा कि अवैध अतिक्रमण के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा उन्होंने प्रशासन के इस अभियान में जनता से सहयोग करने की भी अपील की है।इस दौरान एसडीएम प्रमोद कुमार, नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, यातायात निरीक्षक वेदप्रकाश भट्ट ,नगर पालिका के टैक्स कर निरीक्षक संजय मनराल,नगर पालिका प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां,पुलिस कर्मी विजेंद्र गौतम आदि मौजूद रहे।

**एम.के. वाटर प्रूफिंग**

मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो.महबूब भाई

बिलासपुर रोड, रूद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

# एसडीएम ने नगर में सफाई व्यवस्था का संभाला मोर्चा



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** आगामी वर्षा काल को ध्यान में रखते हुए उप जिलाधिकारी डॉ. अमृता शर्मा ने नगर की सफाई व्यवस्था और चोक नालों को दुरुस्त करने के लिए खुला मोर्चा संभाला। उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अभियंता और कर्मचारियों की मौजूदगी में शहर के नाली-नालों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर गंदगी और अवरोध पाए जाने पर डॉ. शर्मा ने नाराजगी जताते हुए नगर पालि. का के अधिशासी अधिकारी को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने साफ-सफाई में सुधार के लिए पांच दिनों का समय देते हुए कहा कि अगर समय पर सुधार नहीं हुआ तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम डा. अमृता शर्मा ने नगर के नागरिकों से भी अपील की कि वे सफाई व्यवस्था में सहयोग करें और कचरा नालों में न डालें, ताकि बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से बचा जा सके।

# होली चाइल्ड में अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** होली चाइल्ड स्कूल में नव छात्र संघ का गठन (सत्र-2025-26) ''इनवेस्टिचर सेरेमनी'' (अलंकरण समारोह) कार्यक्रम का भव्य रूप से आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि मेयर विकास शर्मा, संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। तत्पश्चात् बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना पर भक्तिभावपूर्ण नृत्य एवं स्वागत गीत की प्रस्तुति से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।




नव गठित छात्र संघ में एडवाइजर-प्रगति गांधी, हेड ब्याय-शिबेन्दु दुबे, हेड गर्ल-अनन्या सक्सेना, डिप्टी हेड ब्याय-विशाल राणा, डिप्टी हेड गर्ल-रिद्धि अरोरा, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रमुख-आदित्य यादव व राधिका कक्कर, स्पोर्ट्स कैप्टन-आरूल सिंह व आराध्या मिड्डा, डिप्टी स्पोर्ट्स कैप्टन-लक्ष कुमार यादव व सिद्धि अरोरा चयनित किए गए। इसके साथ-साथ ही हाउस कैप्टन, सूचना प्रद्यौगिकी क्लब एवं अनुशासन प्रमुख का भी चयन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे ने नवनिर्वाचित छात्र परिषद के सदस्यों को पद एवं गरिमा की शपथ दिलाई। कर्तव्य पालन की शिक्षा देते हुए अपने कार्यों को ईमानदारी से करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मेयर विकास शर्मा ने अपने संदेश में नव निर्वाचित छात्र संघ को बधाई दी एवं कर्तव्यनिष्ठ व निष्पक्ष रूप से कार्य करने प्रेरणा देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस जिम्मेदारी से छात्रों में आत्मविश्वास व नेतृत्व की भावना विकसित होती है। उन्होंने नारी सशक्तिकरण पर भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं वे रक्षा एवं प्रोद्योगिकी के अलावा प्रत्येक क्षेत्र में अपना प्रभुत्व स्थापित कर रही हैं। विद्यालय के वाइस चेयरमैन विकास बत्रा ने उपस्थित अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित छात्रसंघ को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में कहा कि छात्र संघ के गठन द्वारा छात्रों में नेतृत्व की भावना विकसित होती और उनका सर्वांगीण विकास होता है। नवनिर्वाचित छात्र संघ को संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी व मंजू अधिकारी, कोआर्डिनेटर रूचि अरोरा, बिमला बिष्ट एवं जसपाल कौर तथा समस्त विद्यालय परिवार ने हार्दिक बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आम के पेड़ पर लटका मिला युवक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बगवाड़ा में आम तोड़ रहे बच्चों को पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

बगवाड़ा स्थित अनन्या वाटर पार्क के पास गत शाम खेत के किनारे स्थित पेड़ से बच्चे आम तोड़ रहे थे। इस दौरान बच्चों ने एक युवक का शव चुन्नी के फंदे पर लटका देखा। सूचना पर बगवाड़ा चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से नीचे उतारा। मृतक की शिनाख्त बहेड़ी के बिजोरिया गोटिया और हाल आर्य वाटिका रोड बगवाड़ा निवासी दुर्वेश कुमार शर्मा (40) के रूप में हुई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि दुर्वेश पेंटर का काम करता था और 13 मई की शाम से लापता था। उसका शव घर से 250 मीटर दूर मिला है। दुर्वेश की पत्नी के साथ एक बेटा और बेटी है। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# नशा नहीं, इलाज दो अभियान को आगे बढ़ाने की लिया निर्णय

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** महिला एकता मंच ने ग्राम मालधन में बैठक कर नशा नहीं इलाज दो अभियान को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है।जिसके तहत मालधन में अवैध रूप से बेची जा रही कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग को लेकर 20 मई को पुलिस चौकी इंचार्ज मालधन को लिखित शिकायत दी जाएगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मानकों के अनुसार चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, एक्सरे अल्ट्रासाउंड व इमरजेंसी आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराने व मालधन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दो चिकित्सकों के ट्रांसफर पर रोक लगाने की मांग को लेकर रामनगर विधायक से मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र दिया जाएगा। बैठक में महिला एकता मंच ने अवैध शराब के धंधे में लिप्त लोगों को चेता. वनी देते हुए कहा कि यदि उन्होंने अवैध शराब का कारोबार तत्काल बंद नहीं किया तो महिलाएं स्वयं आगे आकर अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाने के लिए विवश होंगी। महिला एकता मंच ने महिलाओं से अपील की है कि उनके आसपास कोई भी शराब बेचते हुए दिखाई देने पर उसकी फोटो,वीडियो बनाकर पुलिस को अथवा महिला एकता मंच को उपलब्ध कराएं। महिला एकता मंच ने कहा कि मालधन की जनता के लंबे संघर्ष के बाद मालधन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फीजिशियन, प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फार्मासिस्ट व परिचारिकाओं की




नियुक्ति हुई थी। जिसके बाद अस्पताल में मरीजों की संख्या 8-10 से बढ़कर 150 मरीज प्रतिदिन पहुंच चुकी है। सरकार वहां पर मानकों के अनुसार सर्जन, निश्चेतक, बाल रोग विशेषज्ञ, व रेडियोलॉजिस्ट आदि की नियुक्ति व 24 घंटे इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध कराने की जगह डॉक्टर प्रशांत कौशिक व प्रसूति रोग विशेषज्ञ डा. अर्चना कौशिक का ट्रांसफर करने की तैयारी कर रही है। महिलाओं ने कहा कि सरकार का ये कदम पूरी तरह जनविरोधी है और मालधन की 40 हजार अनुसूचित जाति की आबादी के हितों पर कुठाराघात है। यहां के सरकारी अस्पताल से दो चिकित्सकों के ट्रांसफर से मालधन की जनता को मिल रही सीमित स्वास्थ्य सुविधाएं भी ठप हो जाएंगी।इसलिए मालधन की जनता को आंदोलन का सहयोग और समर्थन करना चाहिए। इस दौरान बैठक में महिला एकता मंच की सरस्वती जोशी, रेखा वर्मा, भगवती आर्य, रजनी, ममता आर्य, पुष्पा आर्य ,रंजनी, हेमा आदि मौजूद रहीं।

# भावना महरा को भूगोल विषय में पीएचडी की उपाधि

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के भूगोल विभाग की शोध छात्रा भावना महरा रौतेला को कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है।

शोधार्थी भावना ने अपना शोध कार्य सस्टेनेबल टूरिज्म एज ए लाइवलीहुड ऑप्शन ए ज्योग्राफिकल स्टडी विद स्पेशल रेफरेंस टू डिस्ट्रिक्ट अल्मोड़ा शीर्षक पर किया है। उन्होंने अपना शोध कार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. डीएन जोशी के कुशल निर्देशन में पूर्ण किया है। मौखिकी परीक्षा कुमाऊं विश्वविद्यालय में भूगोल विभागाध्यक्ष व संयोजक प्रोफेसर आरसी जोशी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। परीक्षा के लिए बाह्य परीक्षक हेमवती नंदन बहुगुणा केंद्रीय विश्व. विद्यालय श्रीनगर गढ़वाल के भूगोल विभागाध्यक्ष प्रोफेसर मोहन सिंह पंवार रहे। परीक्षकों ने उनके द्वारा किए गए शोध कार्य की सराहना कर गुणवत्ता युक्त कहा। इस अवसर पर बाह्य परीक्षक प्रोफेसर मोहन सिंह पंवार, भूगोल विभागाध्यक्ष प्रोफेसर आर. सी.जोशी,शोध निर्देशक डॉ.डी.एन.जोशी,डॉ. मनीषा त्रिपाठी,डॉ.मोहन लाल, डॉ. प्रकाश चन्याल, डॉ.मासूम रजा, डॉ. विनिता जोशी व अन्य शोधार्थियों ने भावना को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर रामनगर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.एमसी पाण्डे, चीफ प्रॉक्टर प्रो.एसएस मौर्या, भूगोल विभाग प्रभारी डॉ.सिराज अहमद, डॉ. अनुराग श्रीवास्तव,डॉ.पीसी पाल. ीवाल ने बधाई दीं। भावना ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों एवं अपने परिजनों को दिया है।

# पानी की समस्या को लेकर विधायक को दिया ज्ञापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी के नेतृत्व में ग्राम शक्तिनगर के ग्रामीणों ने विधायक दीवान सिंह के कार्यालय पर जाकर विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट से मुलाकात कर एक ज्ञापन देकर गांव में पानी की समस्या का समाधान करने की मांग की।

ग्राम शक्तिनगर पूछड़ी प्रधान हज्जन नरगिस और प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी ने कहा कि ग्राम शक्तिनगर में पिछले लंबे समय से पानी की समस्या बनी हुई है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि जल निगम द्वारा पुछड़ी शक्तिनगर को योजना में शामिल तो किया गया है, लेकिन आज तक कोई कार्य नहीं हुआ। जल निगम कहता है पानी जल संस्थान देगा क्योंकि बिल जमा जल संस्थान करता है। जल सस्थान के अधिकारी कहते हैं कि पानी जल निगम देगा क्यों की गांव जल निगम का है।

जल निगम और जल सस्थान के आपसी चक्कर में ग्राम शक्तिनगर को पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग कोसी नदी का पानी पीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि जनता परेशान है। कहा कि दो विभागों के आपसी लड़ाई के चक्कर में ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने जल्द से जल्द पानी की समस्या दूर करने की मांग की। वहीं विधायक प्रतिनिधि जगमोहन सिंह बिष्ट ने संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर समस्या का समाधान करने की बात कही है। जल सस्थान के अधिशाषी अभियंता मनोज कुमार गंगवार ने बताया कि पानी की समस्या का जल्द समाधान किया जाएगा। इस दौरान ग्राम प्रधान हज्जन नरगिस, प्रधान प्रतिनिधि हाजी शकील अहमद अंसारी, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद सारिक, मोहम्मद सादिक, मोहम्मद मकसूद, मोहम्मद कासिम आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# जल भराव से निजात के लिए कवायद शुरू

- **डीएम ने निरीक्षण कर दिए निर्देश**
- **डीएम बोले 15 जून से पूर्व नालों की अनिवार्य रूप से कराई जाए सफाई**
- **चैनेलाइजेशन व सफाई कार्य हेतु 14.24 लाख धनराशि की तत्काल दी स्वीकृति**

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** जिला अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शुक्रवार को खटीमा पहुंचकर खकरा व ऐंठा नाले का संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। जहां उन्होंने खकरा के राजीव नगर से ग्राम चांदा तक नाले का चैनेलाइजेशन व सफाई कार्य करने हेतु कार्यदाई संस्था सिंचाई विभाग को 14.24 लाख की धनराशि स्वीकृत की तथा 15 जून से पूर्व चौनेलाइजेशन व सफाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।



उन्होंने खकरा नाले में बाजार क्षेत्र पुल के पास किनारे जाली लगाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी नाले में कूड़ा आदि ना डाल सके। साथ ही उन्होंने ऐंठा नाले की तुरंत सफाई करने के निर्देश नगर पालिका को दिए। डीएम भदौरिया ने कहा कि 15 जून से पूर्व नालों की सफाई अनिवार्य रूप से की जाए। साथ ही उन्होंने गंदगी व कूड़ा न डालने के सख्त निर्देश दिए ताकि नालों का बहाव अवरुद्ध न हो। वहीं डीएम ने नलों में कूड़ा डालते हुए पाए जाने पर चालान करते हुए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी व उप जिलाधिकारी को दिए। आपको बता दें कि गत वर्ष वर्षा काल में खकरा व ऐंठा नाले के चौक होने से पानी का बहाव सुचारू नहीं हो पाया था जिससे खटीमा शहर में जल भराव बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई थी परिणाम स्वरुप क्षेत्र वासियों को काफी नुकसान व दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। इसी के मद्दे नजर इस वर्ष खटीमा शहर में वर्षा काल में जल भराव व बाढ़ की स्थिति कत्तई उत्पन्न हो जिला अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों व कार्यकारी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, उप जिला अधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग आनंद सिंह नेगी, लोक निर्माण विभाग एसके अग्रवाल आदि थे।

# साइबर ठग ने ट्रेडिंग के नाम पर सिडकुल कर्मी से 9.42 लाख ठगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सिडकुल कर्मी के साथ शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 9.42 लाख रुपये की साइबर ठगी हो गई। पीड़ित की तहरीर पर गुरुवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

फुलसुंगा निवासी विक्रमजीत पुत्र महेन्द्रपाल शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह सिडकुल की एक कंपनी में काम करता है। बीते 22 जनवरी को उनके व्हाट्सऐप पर एक अज्ञात नंबर से घर बैठे निवेश कर अच्छा मुनाफा कमाने का मैसेज आया था। मैसेज में दिए लिंक के जरिए वह एक टेलीग्राम ग्रुप से जुड़े गया और उनको छोटे-छोटे विज्ञापन देखने के फ्री टास्क दिए गए। वहीं ग्रुप में शेयर ट्रेडिंग प्रोफिट की चौट देखकर उनको भी विश्वास हो गया। इसके बाद उन्होंने 8 से 18 फरवरी तक बैंक खातों से 10 बार ट्रांजेक्शन कर 9,42,941 रुपये का निवेश किया। इसके बाद उन्होंने रकम की निकासी करने की कोशिश की, लेकिन उनसे प्रोसेसिंग चार्ज और जीएसटी मांगा गया। वहीं कुछ देर बाद ग्रुप डिलीट होने पर उनको ठगी का अहसास हुआ।

थाना ट्रांजिट कैंप प्रभारी मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महिला के पेट से निकाला सोलह किलो का ट्यूमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में स्थित प्राइवेट अस्पताल बृजेश हॉस्पिटल में लंबे समय से परेशान एक महिला का पेट से 16 किलो का ट्यूमर सफल ऑपरेशन के बाद निकाला गया है। ऑपरेशन के बाद महिला पूरी तरह स्वस्थ है।

रामनगर में काशीपुर रोड़ स्थित बृजेश अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि पिछले दो माह में उनके द्वारा अपने बृजेश अस्पताल में ट्यूमर के करीब 28 ऑपरेशन किए जा चुके हैं।उन्होंने कहा कि जिन में अधिकांश महिलाएं शामिल है। साथ ही उन्होंने बताया कि 2 माह के भीतर लगातार ऐसे मरीज आना एक चिंता का विषय है।उन्होंने बताया कि उनके अस्पताल में रामनगर के अलावा उधम सिंह नगर के आसपास के इलाके और उत्तर प्रदेश के भी कई इलाकों के मरीज इस बीमारी से परेशान उनके पास आ चुके है।उन्होंने बताया कि गुरुवार को रामनगर के आदर्श नगर कॉलोनी में रहने वाली महिला रुकसाना जो कि पेट दर्द से लंबे समय से परेशान थी।कई अस्पतालों में उसने अपना उपचार भी कराया लेकिन उसे कोई फायदा नहीं मिला।उन्होंने बताया कि यह महिला जब उनके पास पहुंची तो उन्होंने उसकी सभी जांच करने के बाद उसका ऑपरेशन का उसके पेट से 16 किलो का ट्यूमर बाहर निकाल दिया।उन्होंने बताया कि



इस महिला के ऑपरेशन करने में 6 घंटे से अधिक समय लगा।

उन्होंने बताया कि महिला पूरी तरह स्वस्थ है और उन्होंने यह भी बताया कि यह बीमारी अधिकांश महिलाओं की बच्चेदानी एवं अंडाशय में गांठे बढ़ने के कारण उत्पन्न होती है।मरीज के परिजनों ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर अभिषेक अग्रवाल और उनकी टीम का आभार व्यक्त किया है।

# तीर्थ यात्रियों का मेहमान की तरह किया जाए स्वागतः डीएम

- **रीठासाहिब में होने वाले जोड़ मेले की व्यवस्थाओं का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण**
- **कार्यों में लापरवाही पर पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता को आड़े हाथों लिया**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रीठासाहिब।** मीठे-रीठे के चमत्कार के लिए दुनिया में प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्रीरीठासाहिब में होने वाले सालाना जोड़ मेले की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने अधिकारियों के साथ सूखीडांग से रीठासाहिब तक सड़क मार्ग की स्थिति, वहां बनाए जा रहे सार्वजनिक शौचालयों, यात्री विश्रामगृह, स्वच्छता, पेयजल आदि सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सड़क मार्ग में डामरीकरण एवं अन्य कार्यों में की जा रही लापरवाही के लिए पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता को आड़े हाथों लिया।

जिलाधिकारी ने कहा यह ऐसा मेला है जिसमें देश-विदेश से तीर्थ यात्री यहां आते हैं। उन्हें सभी जरूरी सुविधाएं देने के साथ उनका अपने घर के मेहमान की तरह स्वागत और सम्मान किया जाना चाहिए। सूखीडांग से होते हुए रीठासाहिब तक यह ऐसी महत्वपूर्ण सड़क है जिसमें तीर्थ यात्रियों की दूरी आधी रह जाती है। इसके अलावा रीठासाहिब को जोड़ने वाले सभी सड़क संपर्क मार्ग को सुगम यातायात के लिए चकाचक बनाया जाए। डीएम ने गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह के साथ कलोता में 9.88 करोड़ रुपए लागत से बनाई जा रही पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। सीएनडीएस के पीएम जी सी पंत ने बताया कि यहां



70% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है तथा मेले तक काम चलाऊ व्यवस्था पूरी कर दी जाएगी। जिलाधिकारी ने यहां से गुरुद्वारा में जोड़ने वाले मार्ग में लधिया नदी में आवागमन के लिए अस्थाई पुल बनाने, यात्रियों के लिए संगम में स्नानघाट, शौचालय आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह ने बताया कि गुरुद्वारे में पांच दर्जन कमरों की नई सराय का काम पूरा कर लिया गया है। उनका कहना था कि देश के हालात सामान्य होने के कारण यात्रियों का इस ओर प्रवाह लगातार बढ़ता जा रहा है। तथा मेले में एक लाख से अधिक तीर्थ यात्रियों के आने की संभावना है। इस दफा सुखीडांग सड़क मार्ग में भी सिख संगत द्वारा लंगर सेवा चलाई जाएगी जिसके लिए वहां स्वच्छता पेयजल आदि की अतिरिक्त व्यवस्था करनी होगी। एसडीएम नितेश डांगर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों से बराबर संपर्क कर रही है। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मेले की सारी व्यवस्थाओं को चौक-चौबंद करने के लिए बराबर संपर्क बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री का कहना है कि यहां होने वाला जोड़ मेला चंपावत जिले की अपनी विशिष्ट पहचान है तथा इस मेले के कारण दुनिया में चंपावत जिले की पहचान होती है उन्होंने यहां आने वाले तीर्थ यात्रियों को बेहतर से बेहतर सुविधा दिए जाने पर जोर दिया है।

दिल्ली के कार सेवा प्रमुख एवं मेले के मुख्य संयोजक बाबा सुरेंदर सिंह लगातार गुरुद्वारा प्रबंधक एवं मुख्यमंत्री से संपर्क बनाए हुए हैं। बाबा सुरेंदर सिंह शीघ्र ही रीठा साहिब आएंगे तथा उनकी मौजूदगी में जिलाधिकारी द्वारा बैठक आयोजित कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## एक नजर

# एनसीसी जूनियर डिविजन की भर्ती प्रक्रिया संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**टनकपुर।** ठा. श्याम सिंह रावत जगत सिंह रावत राधे हरि राजकीय इंटर कॉलेज टनकपुर मे एनसीसी जूनियर डिवीजन की भर्ती प्रक्रिया 2 यूके (I) कॉय एनसीसी चम्पावत के कमान अधिकारी लेफ्टि .कर्नल एन एस नगराकोटी, के निर्देशानुसार संपन्न हुई।

भर्ती प्रक्रिया के दौरान जूनियर डिवीजन प्रभारी फर्स्ट ऑफिसर एसएस राणा एवं कैप्टेन एलडी तिवारी प्रभारी सीनियर डिवीजन ने उपस्थित छात्रों को पहले एनसीसी भर्ती की प्रक्रिया को समझाया। तत्पश्चात छात्रों की लिखित परीक्षा, दौड़, सेटअप, पुशअॅप, चीन अप सहित वइेजपबंस परीक्षा भी करवाई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य हरीश चंद्र पाठक, शशांक मिश्र, जो. हार सिंह महरा, भुवन शंकर पाण्डेय, रुप सिंह राजपूत ने चयनित कैडेटों को एनसीसी मे अनुशासन का पालन एवं देश सेवा प्रेरित करने पर बल दिया। कैप्टेन एलडी तिवारी ने उपस्थित कैडेट का उत्साह वर्धन किया। साथ ही फर्स्ट ऑफिसर एसएस राणा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टनकपुर।** ठा. श्याम सिंह रावत जगत सिंह रावत राजकीय इंटर कॉलेज, टनकपुर में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य हरीश चंद्र पाठक ने समारोह में विद्यालय का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया।



बताया कि दसवीं कक्षा में सर्वाधिक प्राप्तांक से उत्तीर्ण 77.20 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र संदीप सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पालिका अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह रावत के द्वारा स्वर्गीय जगत सिंह रावत स्मृति छात्रवृत्ति 1101 रुपये प्रदान कर मेधावी छात्र को सम्मानित किया। अपने संबोधन में रावत ने कहा कि छात्रों को पठन-पाठन के साथ जीवन में लक्ष्य तय करते हुए आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश चंद्र पाठक, शशांक मिश्र, रूप चंद्र राजपूत, कैप्टन एल डी तिवारी, स्मृति खर्कवाल प्रयोगशाला सहायक नरेंद्र सिंह बिष्ट सहित समस्त शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# बकाया गन्ना भुगतान भी शीघ्र करें धामी सरकारः बाजवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** संयुक्त किसान मोर्चा के नेता जगतार सिंह बाजवा ने गाना सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष दर्जा राज्य मंत्री मनजीत सिंह राजू से मिलकर किसानों के भुगतान के लिए अवमुक्त की गई धनराशि और मृतक आश्रितों के नियोजन के लिए धन्यवाद करते हुए चीनी मिल और आसवानी के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। किसान नेता जगतार सिंह बाजवा ने कहा कि गन्ना मूल्य भुगतान के लिए लगभग 26 करोड़ अवमुक्त किए गए हैं, इसके लिए सरकार का धन्यवाद, लेकिन लगभग इतनी ही धनराशि अभी बकाया है वो भी शीघ्र किसानों को मिलनी चाहिए और किसानों को गन्ने की नई किस्मों और नई तकनीकी उपलब्ध कराने के साथ ही चीनी मिल एवं आसवानी को बाजपुर की आर्थिक रीढ़ बताते हुए कहा कि धामी सरकार को विशेष पैकेज देकर इनके आधुनिकीकरण पर जोर देना चाहिए। साथ ही चीनी मिल के कर्मचारियों के रुके हुए वेतन का भुगतान सहित विभिन्न समस्याओं का भी समाधान प्राथमिकता के आधार पर होना चाहिए। बाजवा ने बताया कि दर्जा राज्य मंत्री मनजीत सिंह राजू द्वारा सभी मुद्दों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया है।



**चीनी मिल और आसमानी का आधुनिकीरण जरूरी**

# छात्र-छात्राओं ने लिया योगाभ्यास में भाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** उत्तराखंड निदेशक होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं डा. जेएल फिरमाल और जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डा. महेश चंद्र जोशी के आदेशानुसार 11वे अंतराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ थीम को बाजपुर के खमरिया राजकीय प्राथमिक विद्यालय में सत्र योगाभ्यास का आयोजन किया गया। जिसमे 72 छात्र-छात्राओ ने योगाभ्यास में भाग लिया।



बाजपुर लखनपुर ग्रामसभा पंचायत घर मे समुदाय आधारित आउटरीच शिविर का आयोजन किया गया शिविर में 21 लाभार्थी की ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की गई। लाइफस्टाइल मोडिफिकेशन, बाजपुर आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ शिखा सम्मल द्वारा कुल 121 लाभार्थी को शिविर मे औषधीय पौध और होम्योपैथिक औषधी का निशुल्क वितरण किया गया। फार्मेसिस्ट वतन कुमार योग अनुदेशक कुलदीप सिंह, योग अनुदेशक (महिला) शहनाज एवं ग्राम लखनपुर आशाकार्यत्री नीलम देवी द्वारा योग दान दिया गया।

# केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा आज पिथौरागढ़ में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री भारत सरकार अजय टम्टा अपने दो दिवसीय जनपद दौरे पर आज पिथौरागढ़ पहुंचेंगे। मंत्री 17 मई 2025 को प्रातः 10.30 बजे चंडाक स्थिति मोस्टामानू मंदिर प्रांगण में मल्टी स्पेशलिटी मोबाइल हेल्थ यूनिट के उद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करेंगे। यह मोबा. इल हेल्थ यूनिट सीमांत सेवा फाउंडेशन हेल्थ ऑन व्हील अभियान के तहत जनपद के 32 गांवों हेतु शुरू की जाएगी । चंडाक स्थित प्रसिद्ध मोस्टमानू मंदिर में सुंदरकांड के साथ अभियान की शुरुआत होगी। फाउंडेशन के उपाध्यक्ष ललित पंत ने बताया कि अभियान के तहत गोरंगघाटी के 32 दूरस्थ गांवों में मोबाइल वैन के माध्यम से ग्रामीणों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। मोबाइल वैन में ईसीजी, एक्सरे सहित पैथोलॉजी लैब स्थापित की गई है। इन जांचों के साथ ही चिकित्सक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। दूसरे चरण में इन गांवों में आजीविका संवर्धन के काम भी किए जाएंगे।

# महिलाओं के स्थायी रोजगार का माध्यम बना मत्स्य पालन



- **महिलाओं ने अपनी पुरुषार्थ के बल पर गांव को दिया मॉडल रूप**

**शाह टाइम्स संवाददात**

लोहाघाट। बाराकोट ब्लाक के अंतर्गत अंबेडकर गांव ढ़टी गांव की महिलाओं ने अपने पुरुषार्थ के बल पर गांव की तस्वीर बदलने का सराहनी प्रयास किया है ।

इस गांव की भूमिहीन महिलाओं के सामने रोजगार के विकट समस्या थी, इन्होंने सिद्ध बाबा स्वयं सहायता समूह से जुड़कर जैनोला गधेरे के पानी का दोहन कर कर लगभग नौ मछली के तालाब तैयार कर लिए हैं। इस कार्य में इन्हें ग्रामोत्थान (रीप) का बड़ा सहयोग एवं सहारा मिला, जिससे ये आगे बढ़ने के लिए काफी प्रोत्साहित हुए। समूह की रेखा देवी, नीरू देवी, नारायणी दवी, कमला देवी, रेखा आर्या, हेमा देवी का कहना है कि उन्होंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि उन्हें घर बैठे ऐसा रोजगार मिलेगा, जिससे वे सम्मानजनक ढंग से अपना जीवनघ यापन कर रही हैं। मत्स्य पालन का यह उनका व्यवसाय ऐसा है, जिसके लिए बाजार तलाशने की जरूरत नहीं बल्कि ताजी मछली खाने के शौकीन लोग उनके घर में दस्तक देकर उन्हें धन्यवाद दे रहे हैं। समूह के अध्यक्ष रेखा देवी का कहना है कि अभी तक वह ढाई लाख रुपए का व्यवसाय कर चुकी है। उनकी देखा देखी समीपवर्ती ऐसे गांव की महिलाएं भी इस रोजगार को अपने के लिए तैयार बैठी है, जिनके वहां पानी उपलब्ध है।

# मुख्यमंत्री धामी पहुंचे खटीमा जनता की सुनीं समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को खटीमा पहुंचे। आपको बता दें कि मुख्यमंत्री धामी टनकपुर में तिरंगा यात्रा के उपरांत कार द्वारा खटीमा के लिए रवाना हुए जहां चकरपुर पहुंचने पर नगर पालि. का अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी वह क्षेत्र वासियों ने फूल मालाओं के साथ मुख्यमंत्री धामी का भव्य स्वागत किया।

इसके उपरांत मुख्यमंत्री लोहिया हेड कैंप कार्यालय पहुंचे जहां पर जिला अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री धामी ने लोहिया हेड कैंप कार्यालय में जनता से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनी तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर पालिका खटीमा अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, भवानी भंडारी, किशन सिंह किन्ना, वरुण अग्रवाल, नवीन बोरा, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसपी सिटी डा. उत्तम सिंह नेगी, एसडीएम खटीमा रविन्द्र बिष्ट आदि मौजूद थे।

# सीएम धामी की घोषणा को ठेंगा दिखा रहे अधिकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

- **नहीं हुआ बाढ़ की समस्या का कोई समाधान बाजपुर में फिर से बाढ़ आने को तैयार**
- **नेताओं और प्रशासन के ढुलमुल रवैये से क्षेत्रवासियों में आक्रोश**

**बाजपुर।** सीएम पुष्कर सिंह धामी की घोषणा को दो वर्ष बीत जाने के बाद भी बाजपुर को बाढ़ की समस्या से निजात दिलाने के लिए जमीनी स्तर पर कोई भी कार्य न होने से बाजपुर वासियों को फिर से बाढ़ की विभीषिका का डर सताने लगा हैं। बाढ़ आने पर लेबड़ा नदी का पुल नेताओं और अधिकारियों के लिए एक बार पुनः फोटो सेशन का अड्डा बनेगा और बाढ़ की समस्या का स्थाई निदान करने को जमीनी स्तर पर कार्य करने की बजाय नेता व अधिकारी फिर कोरे आश्वासनों की घुट्टी पिलाते दिखाई देंगे।

यहां बता दें कि वर्षाकाल में बाजपुर के व्यापारियों और वाशिंदों को बाढ़ की समस्या से जूझना पड़ता हैं। पूर्व में आई बाढ़ के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, तत्कालीन केन्द्रीय रक्षा पर्यटन राज्यमंत्री व वर्तमान सांसद अजय भट्ट, गदरपुर विधायक अरविन्द पाण्डेय, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, कमिश्नर दीपक रावत, तत्कालीन डीएम उदयराज सिंह इत्यादि ने बाजपुर पहुँचकर बाढ़ की समस्या का स्थाई समाधान करवाने की बात कही थी। सीएम घोषणा के तहत भी बाढ़ संबंधी कई कार्य सम्मिलित किये गए थे, लेकिन अधीनस्थों द्वारा जमीनी स्तर पर कोई भी कार्य न कर बाजपुर वासियों को भगवान भरोसे छोड़ दिया हैं। बाजपुर में आयोजित हुए लाभार्थी सम्पर्क अभियान कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बेरिया रोड़ व ग्राम चकरपुर स्थित लेबड़ा नदी के पुलों का चौड़ीकरण और उच्चीकरण करने की घोषणा भी की थी। दो वर्ष का लंबा समय व्यतीत हो जाने के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों है। वर्तमान डीएम नितिन सिंह भदौरिया ने भी कुर्सी संभालते ही बाजपुर का दौरा कर बाढ़ से निजात का भरोसा दिया था, जिसे शायद वो भी भूलते नजर आ रहे हैं। जिम्मेदारों द्वारा किये जा रहे बेपरवाही भरे कृत्यों से बाजपुर वासियों का पारा सातवें आसमान पर हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना हैं कि अधिकारी बाजपुर को बाढ़ से बचाने के बजाय अपनी जेबें भरने में लगे हुए हैं। यहाँ बता दें कि लेबड़ा नदी की तलीझाड़ सफाई कराने तक की जेहमत अभी तक किसी ने नहीं उठाई हैं। सभी फिर से बाढ़ आने और फोटो खिंचवाने के इंतजार में हैं। नेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों के बाजपुर की बाढ़ समस्या के प्रति ढुलमुल रवैये से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है।

# बॉक्सिग, ताइक्वांडो एवं बैडमिन्टन में अर्जित किए कई पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** पटना बिहार में आयोजित खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 में बॉक्सिग खेल में कोमल मेहता ने अपने भार वर्ग में अर्जित किया कॉस्य पदक एवं ब्रिजेश टम्टा ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित किया। कोमल मेहता आवासीय बालिका बॉक्सिग छात्रावास में सुनीता मेहता रावत एवं कै. देवी चंद से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। ब्रिजेश टम्टा, साई प्रशिक्षक निखिल महर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

पटना बिहार में आयोजित खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2025 में निश्चल चंद ने बॉयज एकल वर्ग बैडमिन्टन प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया। निश्चल चंद वर्तमान में बैडमिन्टन प्रशिक्षक भूपेश बिष्ट एवं दीपांक वर्मा से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। उत्तराखंड ताइक्वाडो एसोसिएशन के द्वारा हल्द्वानी के गोलापार में राज्य स्तरीय ओपन ताइक्वाडो प्रतियोगिता में काव्यांश अधिकारी, मनीष जोशी, मेधा जोशी, परिणिका चंद, रोशनी बिष्ट, प्रियांशी बोरा ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित किया तथा अतुल्य त्रिपाठी, आराध्या पंत, भूमिका ऐर ने अपने भार वर्ग में रजत पदक अर्जित किया एवं प्रिन्स यादव, साकेत चंद, भूमिका महरा, दिव्याशु सार्की, वंश वर्मा, प्रियांशु बोहरा, शिवम खनका, क्षितिज कुमार एवं नितिन राज ने अपने भार वर्ग में कॉस्य पदक अर्जित किया।

पदक प्राप्तकर्ता समस्त खिलाड़ी सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम, टकाना पिथौरागढ़ में ताइक्वाडो प्रशिक्षक मनोज रावत से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। जिला क्रीड़ा अधिकारी अनूप बिष्ट ने बताया कि उक्त प्रतियोगिताओं में स्टेडियम में प्रशिक्षणरत खिलाडियों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

उत्तराखंड ताइक्वाडो एसोसिएशन के द्वारा हल्द्वानी के गोलापार में राज्य स्तरीय ओपन ताइक्वाडो प्रतियोगिता में काव्यांश अधिकारी, मनीष जोशी, मेधा जोशी, परिणिका चंद, रोशनी बिष्ट, प्रियांशी बोरा ने अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक अर्जित किया तथा अतुल्य त्रिपाठी, आराध्या पंत, भूमिका ऐर ने अपने भार वर्ग में रजत पदक अर्जित किया एवं प्रिन्स यादव, साकेत चंद, भूमिका महरा, दिव्याशु सार्की, वंश वर्मा, प्रियांशु बोहरा, शिवम खनका, क्षितिज कुमार एवं नितिन राज ने अपने भार वर्ग में कॉस्य पदक अर्जित किया। पदक प्राप्तकर्ता समस्त खिलाड़ी श्री सुरेन्द्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम, टकाना पिथौरागढ़ में ताइक्वाडो प्रशिक्षक मनोज रावत से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

खिलाडियों की उपलब्धि पर कमल पुनेड़ा, बहादुर सिंह बोहरा, कै. देवी चंद, जर्नादन सिंह वल्दिया, राजेन्द्र सिंह जेठी, प्रकाश जंग थापा, विजेन्द्र मल्ल, निखिल महर, सुनीता मेहता, बहादुर सिंह बोहरा, हेम उपाध्याय, जोगेन्दर बोहरा, लीलावती जोशी, मनोज रावत, भूपेश बिष्ट, दीपांक वर्मा आदि जनपद के समस्त खेल प्रेमियों ने खुशी व्यक्त कर खिलाडियों को शुभकामनायें प्रेषित की।

# हमले में घायल युवक की मौत, हत्या का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** बीते आठ मई की रात ट्रांजिट कैंप में एक अधेड़ को शराब के नशे में देख एक युवक उसे घर छोड़ने जा रहा था। घर से कुछ कदम दूर अधेड़ ने युवक को सड़क पर गिरा दिया और उसका सिर सड़क पर पटक-पटकर कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। गुरुवार रात घायल युवक ने दिल्ली एम्स ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। पुलिस ने पूर्व में ही मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने अब आरोपी के खिलाफ मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम कर दिया है। जानकारी के अनुसार, आजाद नगर निवासी 28 वर्षीय करन कश्यप पुत्र राजेंद्र मजदूरी करता था।

करन के छोटे भाई सन्नी ने बताया कि एक माह से करन बीमार था और वह काम पर नहीं जा रहा था। 8 मई की रात उनके घर की गली में आजाद नगर निवासी 50 वर्षीय देव करण पुत्र साधुराम शराब के नशे में गाली-गलौज कर रहा था। इस पर उसका भाई करन उसे समझाकर घर तक छोड़ने जा रहा था। आरोप है कि इस दौरान रास्ते में देवकरण ने उसके भाई को ही जमीन पर गिरा दिया और गला दबाते हुए मारपीट करने लगा। इसके बाद भाई का सिर पकड़कर जमीन पर पटकना शुरू कर दिया। भाई की चीख-पुकार सुनकर बहन और मां बीचबचाव करने पहुंची थीं। वहीं गंभीर रूप से घायल करन को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया। वहां से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गुरुवार को बरेली के एक निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने करन की हालत गंभीर बताते हुए उसे दिल्ली एम्स रेफर कर दिया। देर रात एम्स ले जाते समय उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने घटना के एक दिन बाद करन की बहन सलोनी की तहरीर पर आरोपी देवकरण के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे रुद्रपुर रोडवेज स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया था। वहीं आरोपी देवकरण ऑटो चालक है। आरोपी और करन के बीच कोई रंजिश नहीं थी। कुछ विवाद होने पर घटना हुई है। घटना के एक दिन बाद ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी न्यायिक संरक्षण में है। शव का पोस्टमार्टम पैनल के जरिए कराया गया है। आरोपी के खिलाफ हुए मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम कर दिया गया है।

# 70 लाख की लूट के मामले में एक और आरोपी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** सोना खरीदने के नाम पर लालकुआं निवासी व्यापारी और उसके साथी से मारपीट कर 70 लाख की लूट के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से लूट के 1.5 लाख बरामद किए गए हैं। पुलिस पांच बदमाशों से अब तक 36 लाख रुपये की बरामदगी कर चुकी है। मोहित चौबे पुत्र पूरन चन्द्र चौबे निवासी ग्राम जग्गी बंगर लालकुआं ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि किरन कौर उर्फ बबली निवासी शहदौरा ने सोना खरीदने के लिए 27 मार्च को उसे और उसके साथी संदीप शर्मा को ग्राम रसोइयापुर में बुलाया था। आरोप है कि वहां किरन कौर और उसके अन्य साथियों ने उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की। उन्हें घायल कर बदमाश 70 लाख रुपये लूट ले गए। पुलिस ने महेन्द्र उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र दर्शन सिंह उर्फ घाटिया निवासी सलमता थाना नानकमत्ता, किरन कौर उर्फ बबली पत्नी सतीश पुत्री गुरमीत सिंह मूल निवासी सरौंजा थाना नानकमत्ता हाल निवासी शहदौरा थाना पुलभट्टा, लखविन्दर उर्फ लक्खा पुत्र सतनाम उर्फ पप्पू निवासी रसोईयापुर, सतनाम उर्फ पप्पू पुत्र गौमा सिंह निवासी रसोईयापुर, गुरमेल सिंह पुत्र संतोख सिंह निवासी कैथुलिया थाना नानकमत्ता, बलवीर सिंह उर्फ वीरू पुत्र गुरमेज सिंह निवासी कैथुलिया थाना नानकमत्ता, सुखविन्दर कौर पत्नी बलवीर सिंह उर्फ वीरू निवासी कैथुलिया थाना नानकमत्ता, राजू रस्तोगी उर्फ कृष्णा सुनार पुत्र मदन निवासी नानकमत्ता के खिलाफ डकैती का मुकदमा दर्ज किया था। एसएसआई विक्रम सिंह धामी ने बताया कि विवेचना के दौरान आठ नामजदों के अतिरिक्त बलबीर सिंह पुत्र मेहर सिंह निवासी देशी भुड़िया खटीमा और देवराज पंचाल पुत्र सुरेन्द्र पंचाल निवासी इंद्रा कॉलोनी, थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर, हाल निवासी सिसौना सितारगंज का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने गुरुवार को देवराज पंचाल पुत्र सुरेंद्र पंचाल निवासी इंदिरा कॉलोनी मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया।

# विधिक साक्षरता शिविर में कानूनी जानकारी दी

**खटीमा।** आश्रम पद्यति विद्यालय में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। पराविधिक कार्यकर्ता आरबी सिंह राणा, पिंकी राणा, माया देवी, पैनल अधिवक्ता शाहना बेगम व कमान सिंह धामी ने गलोगों को नालसा (असंगठित मजदूरों के लिये विधिक सेवाएं) योजना 2015 व बाल विवाह मुक्त उत्तराखंड मुहिम के अंतर्गत उसके दुष्प्रभावों व कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम 2013 व सड़क सुरक्षा अभियान और पॉस्को अधिनियम, (सुरक्षित दवा-सुरक्षित जीवन) अभियान, नालसा टोल फ्री न. 15100 तथा साइबर राष्ट्रीय हेल्पलाइन न. 1930 की जानकारी दी।

# सेंट मैरी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

## वार्षिकोत्सव में जैसलमेल की महारानी रासेश्वरी रहीं मुख्य अतिथि

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** शिक्षा नगरी नैनीताल शहर प्रतिष्ठित सेंट मैरी कान्वेंट कालेज का वार्षिकत्सव समारोह शुक्रवार को पारंपरिक विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया।



समारोह की मुख्य अतिथि राजस्थान जैसलमेर की महारानी व कालेज की पूर्व छात्रा रासेश्वरी राज्यलक्ष्मी रही। इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ विद्यालय बैंड की आकर्षक धुन के साथ मार्च पास्ट से हुआ। तत्पश्चात विविध वर्गों में दौड़ प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दमखम दिखाया। इसके बाद स्कूल गीत की प्रस्तुति शानदार रही। इस बीच सपनों की उड़ान की थीम पर छात्राओं ने आकर्षक पीटी आयोजित की गई। समारोह में पिरामिडों की शानदार प्रस्तुति ने खूब वाहवाही बटोरी जिसमें विविध प्रकार के पिरामिडों के जरिए शांति, अनुशासन व राष्ट्रीय एकता व अखंडता व अनेकता में एकता का संदेश दिया गया। रस्सा खींच प्रतियोगिता में पूर्व छात्राओं ने बाजी मारी। इनके अलावा भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। मुख्य अतिथि महारानी रासेश्वरी राज्यलक्ष्मी ने कहा कि उन्होंने जीवन की कठिनाइयों का सामना, साहस व दृढ़ता का पाठ इसी विद्यालय में सीखा। जिसके बल पर अपना दायित्व बखूबी निभा रही हैं। इस मौके पर उन्होंने विद्यालय की अव्वल छात्राओं को पुरस्कृत किया। समारोह के अंत में प्रधानाचार्य सिस्टर मंजूषा ने विद्यालय की प्रगति पर प्रकाश डाला और अतिथियों का आभार व्यक्त किया। संचालन राखी काला जोशी व शालिनी सिंह ने किया। समारोह की विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य सिस्टर एल्सी, शेरवुड कालेज प्रधानाचार्य अमनदीप संधु, बिड़ला विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा, सेंट जोसेफ कॉलेज के ब्रदर जेरोम मैनुअल तथा वृंदावन की राखी साह, होली एकेडमी की प्रधनाचार्य मधुविग, प्रबंधक सिस्टर शीबा समेत आशा फाउंडेशन की चेयरमैन आशा शर्मा, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, कूर्माचल बैंक के पूर्व चेयरमैन अलोक साह समेत गीता साह, बीमा रावल, भूपेंद्र रावत, संदीप सिंह, रवि कुमार, अर्जुन बोहरा, डोनिया चार्ल्स, दीप्ति पंत, भावना मेहरा, आरती सिंह, वंदना पंत, अनुभा जोशी व शैलजा जोशी, नमिता अधिकारी, निर्मला सनवाल, आरती जोशी व भुवन जोशी तथा मिस तोमर समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### कैंडिल मार्च निकाला

**भवाली।** भाजपा महिला मोर्चा की ओर से शुक्रवार को नैनीताल जिले के भीमताल नगर में कैंडल मार्च निकाल जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि दी गयी मार्च का नेतृत्व प्रदेश महिला मोर्चा की महामंत्री भावना मेहरा ने किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। सभा को संबोधित करते हुए भावना मेहरा ने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जिस तरह निर्दोष नागरिकों की जान गई वह अत्यंत दुखद और निंदनीय है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश की वीर महिला सैन्य अधिकारियों ने न सिर्फ आतंकियों के ठिकानों को निशाना बनाया बल्कि उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर करारा जवाब भी दिया। यह अभियान भारत की नारी शक्ति की वीरता का प्रतीक बनकर उभरा है। इस मौके पर जिला महामंत्री डा. प्रगति जैन, निर्वितमान मण्डल अध्यक्ष कमला आर्या, हेमा पढालनी, सभासद शिप्रा जोशी, सुशीला सिंह, चंद्रकला तिवारी, पुष्पा मेलकानी, मंजू बाला, वर्षा आर्या, गीता रावत, पूनम गिरी, दीपशिखा बिष्ट रहीं।

# पंचायतों के चुनाव कब तक कराए जा सकते हैं ?

## उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाई कोर्ट ने जिला पंचायतों में निवर्तमान अध्यक्षों को प्रशासक नियुक्त करने के बाद ग्राम पंचायतों में भी निवर्तमान ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को भी प्रशासक नियुक्त करने और चुनाव नहीं कराने के खिलाफ दायर कई याचिकाओं व जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की।

मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि पंचायतों के चुनाव कब तक कराए जा सकते हैं? मंगलवार 20 मई को इसका प्लान हाईकोर्ट में पेश करें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार 20 मई को भी जारी रखी है। बता दें शुक्रवार को सुनवाई पर कोर्ट ने कहा कि जब पंचायतों का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है तो प्रशासक नियुक्त करने का सवाल नहीं हो सकता। यह एक संविधानिक प्रक्रिया है उसी के अनुरूप चुनाव कराए जाने चाहिए इसलिए राज्य सरकार अपने दायित्वों से मुखर नहीं हो सकती, इसलिए चुनाव का प्रोग्राम कोर्ट में पेश करें। चुनाव आयोग की तरफ से कहा गया कि उनकी चुनाव कराने सम्बन्धी सभी प्रक्रिया तैयार हैं। उन्होंने पूरा प्रोग्राम सरकार को भेज दिया अब सरकार को उस पर निर्णय लेना है कि कहां आरक्षण देना है कहाँ नहीं? मामले के अनुसार पूर्व ग्राम प्रधान विजय तिवारी सहित कई अन्य लोगों ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि पहले राज्य सरकार ने जिला पंचायतों में निवर्तमान अध्यक्षों को प्रशासक नियुक्त किया अब सरकार ने ग्राम पंचायतों का चुनाव कराने के बजाय निवर्तमान ग्राम प्रधानों को भी प्रशासक नियुक्त करके उन्हें वित्तीय अधिकार दे दिए गए हैं। ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हुए काफी वक्त बीत चुका है लेकिन सरकार ने अभी तक चुनाव नहीं कराए। ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने पर होने वाले चुनाव को ये प्रभावित कर सकते हैं इसलिए ग्राम पंचायतों का शीघ्र चुनाव कराया जाय। सर्वोच्च न्यायलय के कई निर्णय ऐसे हैं जिनमें कहा गया है कि प्रशासक तभी नियुक्त किया जा सकता है यदि ग्राम सभा को किन्ही कारणों से भंग कर दिया गया हो। भंग करने के बाद भी वहां 6 माह के भीतर चुनाव कराना आवश्यक होता है। 6 माह से अधिक प्रशासकों का कार्यकाल नहीं हो सकता। यहां तो इसका उलटा हो रहा है। निर्वाचित पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो चुका है अब सरकार निवर्तमान ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त कर रही है। इससे प्रतीत होता है कि राज्य सरकार अभी चुनाव कराने की स्थिति में नहीं है जबकि अभी वोटर लिस्ट और आरक्षण तय करने सम्बन्धी कई कार्य चुनाव आयोग को करने होंगे। इसलिए ग्राम पंचायतों में प्रसाशक नियुक्त न करके ग्राम पंचायतों का चुनाव भी शीघ्र कराया जाए।

# डेंगू के बारे में जागरूक किया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राजकीय बीडी पाडे जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को विश्व डेंगू दिवस के मौके पर मरीजों व उनके परिजनों को जागरूक किया गया। बता दें इस वर्ष विश्व डेंगू दिवस की थीम शीघ्र कार्रवाई करें-डेंगू को रोकें, स्वच्छ पर्यावरण स्वस्थ जीवन है। इस दौरान जिला अस्पताल के पीएमएस डा. टीके टम्टा ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए अपने आस पास गंदा पानी इकठ्ठा नहीं होने दे। डेंगू मच्छरों से होने वाला संक्रामक है। यह संक्रमित मरीज मच्छर के काटने से डेंगू बुखार पैदा करने वाला वायरस फैल सकता है। जिस दौरान तेज बुखार, सिर दर्द तथा शरीर में दर्द, जोड़ों और मांसपे. शियों में दर्द तथा मतली व दाने इत्यादि डेंगू के सामान्य लक्षण होते हैं।



जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डा. महिमन सिंह दुग्ताल ने बताया कि बुखार और शरीर पर चकत्ते दिखें तो तत्काल डाक्टर को दिखाए। बताया कि डेंगू से पीड़ित अधिकांश लोग एक से दो सप्ताह में ठीक हो जाते हैं। गंभीर मामलों में डेंगू जानलेवा भी हो सकता है, इसलिए घर और आस-पास के इलाकों को साफ रखना चाहिए। पानी के सभी भंडारण कंटेनरों को उचित ढक्कन से ढका रखना चाहिए। हाथ और पैर को ढकें सकें ऐसे कपड़े पहनना चाहिए। कहा कि सरकारी अस्पताल में डेंगू की सभी जांचे निशुल्क की जाती हैं। इस दौरान डा. द्रौपदी गर्व्याल, डा. अभिषेक गुप्ता, डा. अनिरुद्ध गंगोला, डा. आरूषी गुप्ता, डा. ममता पांगती, मैट्रन शारदा गौनिया समेत जानकी कनवाल, पुष्पा वर्मा, जितेश कुमार तथा दीपक कुमार समेत अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# पति-पत्नी और बेटे ने बुजुर्ग को पीटा, मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पड़ोसी दंपति और उसके बेटे ने एक बुजुर्ग व्यक्ति से किसी बात को लेकर मारपीट कर दी। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें एक निजी अस्पताल भर्ती कराया गया। बुजुर्ग पत्नी की तहरीर के आधार पर पुलिस ने दंपति व उसके बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार श्यामा गार्डन, पीलीकोठी निवासी राधिका पोखरिया ने मुखानी पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि बीते बुधवार सुबह उनके पति 72 वर्षीय जमन सिंह पोखरिया घर के मुख्य गेट के पास थे। आरोप है कि इसी बीच उनकी पड़ोसी दंपति से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। पड़ोस की महिला ने बुजुर्ग जमन सिंह को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया। बुजुर्ग की पत्नी ने तहरीर में आरोप लगाया कि उसके बाद महिला के पति और बेटे ने बुजुर्ग पर जानलेवा हमला किया और उन्हें बुरी तरह मारपीट की। जिससे उनको गंभीर चोटे है। गंभीर हालत में उन्हें उपचार के लिए बेस अस्पताल लाया गया। जहां पर मेडिकल में बुजुर्ग के कूल्हे की हड्डी टूट गई। जिसके बाद परिजन उन्हें एक निजी अस्पताल ले गए। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि पीड़ित बुजुर्ग की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# जंगलों की आग पर हाईकोर्ट का रुख सख्त

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाइकोर्ट ने फायर सीजन में प्रदेश के जंगलों में लगने वाली आग पर स्वत: संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका सहित कई अन्य जनहित याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश के जंगलों में आग लगना एक फेस्टिवल (त्यौहार) की तरह हो गया। उसके बाद भी राज्य सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा पा रही है। जिसकी वजह से पर्यावरणीय क्षति, जंगलों में रहने वाले पशु तथा आम नागरिकों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कहा कि आग की वजह से उच्च हिमालयी क्षेत्रों का तापमान बढ़ने लगा है। कोर्ट हर साल राज्य सरकार का मार्गदर्शन करती आई है लेकिन इसके बाद भी इस पर काबू पाने के लिए सरकार कोई ठोस उपाय ढूंढ नहीं पाई है। जो कदम राज्य सरकार ने उठाए गए वे भी कोर्ट के आदेश पर। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान पीसीसीएफ कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए। कोर्ट सहित न्यायमित्र मैनाली ने आग पर काबू करने के लिए अपने अपने सुझाव दिए। कोर्ट ने अपने सुझाव में कहा कि उच्च हिमालयी क्षेत्रो में खाल बनाए जाएं। जो जल स्रोत है उनका पानी खालों में जमा किया जाए। जहां पानी नही है। उनमें भी खाले बनाई जाय। सभी खालों को एक दूसरे से जोडा जाय। जिसके की फायर सीजन में उनका उपयोग फायर लाइन की तरह किया जा सके। पीसीसीएफ के द्वारा कहा गया कि पूर्व के आदेशों के क्रम में राज्य सरकार इसपर कार्य कर रही है। जबकि न्यायमित्र की तरफ से कहा गया कि 2021 से राज्य सरकार कोर्ट में अश्वासन देने के अलावा कुछ नहीं कर रही है। फारेस्ट फायर पर काबू करने के लिए उच्च न्यायलय ने 2017 में विस्तृत गाइड लाइन जारी की थी। कोर्ट ने 2021 में मुख्य समाचार पत्रों में प्रकाशित आग की खबरों पर स्वत: संज्ञान लिया था। यही नहीं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने भी इसपर काबू पाने के लिए मुख्य न्यायधीश को पत्र भेजा था। जिसमें कहा था कि वन तथा वन्यजीव व पर्यावरण को बचाने के लिए उच्च न्यायलय राज्य को दिशा निर्देश जारी करें। कोर्ट ने इनका संज्ञान लेकर कई दिशा निर्देश राज्य सरकार को जारी किए थे। लेकिन अभी तक उन आदेशों का सही तरह से अनुपालन नही होने पर कोर्ट ने इस मामले को पुन: सुनवाई के लिए आज सूचिबद्ध किया। जबकि हाइकोर्ट ने 2016 में भी जंगलो को आग से बचाने के लिए गाइड लाइन जारी की थी।

# देश की सुरक्षा के लिए आगे रहें: डा. प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने वर्ष 2024-25 में

### उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए एनसीसी कैडेटों का सम्मान

उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। स्कूल प्रबंधन के मुताबिक विद्यालय के कुल 46 एनसीसी कैडेटों ने ए प्रमाण पत्र परीक्षा में प्रतिभाग किया जिनमें से 40 कैडेटों ने ए ग्रेड तथा 6 कैडेटों ने बी ग्रेड अर्जित किया। यह परिणाम उनके अनुशासन, परिश्रम एवं समर्पण का प्रतीक है।



इसके अतिरिक्त विद्यालय के 29 एनसीसी कैडेटों ने 1 मई से 10 मई 2025 तक नैनीताल जिले के रानीबाग में आयोजित सीएटीसी में प्रतिभाग किया। इस कैंप के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के कैडेटों ने शानदार प्रदर्शन किया। कैडेट भानु ने शूटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि पार्थ जौहरी ने एकल गीत में प्रथम स्थान अर्जित किया। विद्यालय की टीम ने सामूहिक गीत में द्वितीय स्थान तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी सिलसिले में शुक्रवार को स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. सूर्य प्रकाश ने छात्रों को मेडल तथा सर्टिफिकेट व तिलक लगाकर सम्मानित किया एवं उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि एनसीसी के छात्र देश की सुरक्षा के लिए अग्रणी रहें एवं राष्ट्र सुरक्षा सभी कैडेटों का नैतिक कर्तव्य है। कार्यक्रम में एनसीसी के एएनओ उमेश शर्मा को भी सम्मानित किया गया। छात्रों की इस सफलता को देखते हुए विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल ने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में अरुण यादव, डा. नयाल, डा. माधव प्रसाद एवं अतुल पाठक तथा जनार्दन प्रसाद वर्मा सहित समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# कैरियर पर दिया व्याख्यान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के विजिटिंग प्रोफेसर निद. शालय के निदेशक तथा वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने जिले के किशन सिंह मेहता राजकीय इंटर कालेज सूपी में विद्यार्थियों को कैरियर काउंसलिंग पर व्याख्यान दिया।



प्रो. तिवारी ने विद्यार्थियों को उनके कैरियर के लिए कई टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि बदलते परिवेश में विद्यार्थी अपनी इच्छा के मुताबिक ही विषय का चयन करे तथा उसमें पारंगत बने। प्रो. तिवारी ने कहा कि वर्तमान दौर एंटरप्रेन्योरशिप का है तो आज साइंस तथा आर्ट्स तथा कॉमर्स विषय के साथ आपको स्किल युक्त होना है तो आप उन कोर्सेज को चुने। प्रो. तिवारी ने कहा कि एग्रीकल्चर तथा हार्टिकल्चर तथा फार्मेसी में बहुत प्रॉमिसिंग विषय उत्तराखंड के लिए है। प्रो. तिवारी ने सीयूईटी सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में जानक. ारी भी दी। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इन विषयों को समायोजित किया गया है। कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल, पंतनगर विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज के भी उन्होंने जानकारी दी। कहा कि यदि आप प्रशासनिक क्षेत्र में जाना चाहते हैं तो हर रोज 15 घंटे पढ़ाई करें। उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के मंत्र भी दिए। इससे पूर्व कालेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र बहादुर ने सभी का धन्यवाद किया। संचालन मीनाक्षी कीर्ति ने किया। इस अवसर पर 350 विद्यार्थी कालेज स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधन ने प्रो. तिवारी को पुष्प गुच्छ तथा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया।

## एक नजर

### कुमाऊं की संस्कृति से देश-दुनिया को रूबरू कराने के चल रहे प्रयास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** संस्कृति एवं भाषा विज्ञान के सचिव युगल किशोर पंत इन दिनों जनपद भ्रमण पर है। शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि अल्मोड़ा में कुमाऊं भर के सांस्कृतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना गया। बताया कि प्रदेश भर में 270 सांस्कृतिक दल व एकल कलाकार उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को बचाएं रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। बताया कि सांस्कृतिक दलों के कार्यक्रमों के भुगतान को लेकर कुछ शिकायतें आई है, जिनका जल्द ही समाधान कर दिया जाएगा। कुछ कलाकारों के अन्य समस्याएं भी बताई है, जिनका भी निस्तारण जल्द ही कर लिया जाएगा। जिससे कुमाऊं की संस्कृति से देश और दुनियां रूबरू हो सके।

### राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी दिवस पर कार्यक्रम

**नैनीताल।** कुमाऊँ विवि के डीएसबी परिसर में शुक्रवार को केयूआईआईसी सेल द्वारा प्रौद्योगिकी सप्ताह के तहत राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया। इस अवसर पर केक काटकर सबको बधाई दी गई। मुख्य अतिथि डा. उमंग सैनी ने कहा कि प्रौद्योगिकी ने लोगों का जीवन आसान किया है तथा टेक्नोलॉजी से ही हमने अभी पाकिस्तान को फेल किया है। एआई के बढ़ते दखल से हम जेनरेशन में आगे हो गए हैं। उन्होंने वॉयस डुप्लीकेट सहित अन्य पर भी जानकारी दी। केयूआईआईसी प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. आशीष तिवारी ने सभी का स्वागत किया तथा बधाई दी। उप निदेशक डा. पैनी जोशी ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि टेक्नोलॉजी का प्रयोग से हमने कई अचीवमेंट प्राप्त किए हैं। टेक्नोलॉजी से ही हम अंतरिक्ष में पहुंच रहे हैं तो वही टेक्नोलाजी के प्रयोग में हमें सावधान तथा सतर्क रहने की जरूरत भी है। कार्यक्रम में प्रो. सुषमा टमटा, डा. हर्ष चौहान, डा. निधि वर्मा, डा. लज्जा भट्ट, डा. नवीन पांडे, डा. हेम जोशी, डा. प्रभा पंत, डा. हिमानी कार्की, डा. कुबेर सिंह गिनती, लता, विशाल, आनंद, दीपा, आस्था, हीरा, दिशा, रिषिका, गौरव, निर्मला तथा नीलम उपस्थित रहे।

### बनभूलपुरा पुलिस ने स्मैक तस्कर दबोचा

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने स्मैक की तस्करी करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 14.75 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम रात्रि गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति को स्मैक की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम शाहरुख उर्फ चेटा मलिक पुत्र अमीर अहमद निवासी निकट साबरी मस्जिद इंदिरानगर थाना बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने तस्कर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

### नारद जयंती पर संघ का प्रोग्राम आज

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचार विभाग की ओर से कल यानि आज शनिवार को नारद जयंती समारोह एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एमबीपीजी कालेज के लाल बहादुर शास्त्री बहुउद्देश्यीय भवन में आयोजित कार्यक्रम में कुमाऊं मंडल के प्रत्येक जनपद से चयनित उल्लेखनीय कार्य करने वाले मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए नगर प्रचार प्रमुख डा. नवीन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचार प्रमुख तपन रहेंगे, जबकि आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में रितेश गुप्ता, प्रांत के संघचालक डा. बहादुर सिंह बिष्ट भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

### ईओ को पालिका बोर्ड ने विदाई दी

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी (ग्रेड प्रथम) दीपक गोस्वामी की पदोन्नति हरिद्वार नगर निगम में सहायक नगर आयुक्त के पद पर होने की वजह से शुक्रवार को नगर पालिका बोर्ड की ओर से उन्हें विदाई दी गयी। इस मौके पर सभी ने उनके कार्यकाल की भूरि-भूरि सराहना की। विदाई समारोह में पालिकाध्यक्ष डा. सरस्वती खेतवाल समेत सभासद रमेश प्रसाद, अंकित चंद्रा, काजल आर्या, मनोज साह जगाती, पूरन सिंह बिष्ट, सपना बिष्ट, ललिता दफौटी, मुकेश जोशी तथा गीता उप्रेती आदि मौजूद रहे।

### समस्याएं लेकर आयुक्त से मिले ग्रामीण

**नैनीताल।** जिले के ग्राम सभा हरतोला, ग्राम सभा हरिनगर हरतोला, ग्राम सभा रुपसिंह धुरा, ताड़ीखेत उलगौर के निवासियों की पेयजल की समस्या का समाधान न होने से गुस्साए ग्रामीणों के शिष्टमंडल ने आयुक्त दीपक रावत से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विस्तार से मामले की जानकारी देने के बाद उन्हें ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्या का समाधान करने की गुजारिश की। इस दौरान ग्रामीणों ने विभाग की ओर से कई अनियमितताएं बरतने का आरोप लगाया तथा उसकी जल्द जांच करने की मांग की। आयुक्त को ज्ञापन सौंपने वालों में विनोद पांडे, दया किशन जोशी, नीरज सिंह, मोहन चंद्र पांडे, हरीश चंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, पीताम्बर पांडे, विनोद पांडे, भुवन जोशी थे।

# एनयूजे-आई उत्तराखंड की रामनगर इकाई का गठन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**रामनगर।** नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट-इंडिया, उत्तराखंड की रामनगर कार्यकारिणी का गठन किया गया है। एनयूजे-आई, उत्तराखंड के मुख्य प्रदेश संरक्षक संजय तलवार, प्रदेशाध्यक्ष सुनील दत्त पांडे, प्रदेश महासचिव डा. नवीन जोशी, कुमाऊं मण्डल सचिव दिनेश जोशी, नैनीताल जिलाध्यक्ष अफजल हुसैन फौजी एवं महामंत्री राजू पांडे के निर्देश पर नगराध्यक्ष डा. जफर सैफी के द्वारा नगर कार्यकारिणी का गठन करते हुये संरक्षक हेतू वरिष्ठ पत्रकार हरीश भट्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेतू चन्द्रसैन कश्यप, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतू नाजिम सलमान, महासचिव हेतू चन्द्रशेखर जोशी, सचिव हेतू जुगेश अरोड़ा बंटी, सचिव हेतू नितेश जोशी, उपसचिव नदीम वारसी, कोषाध्यक्ष मौ. कैफ खान, आडीटर





हेतू रागिब खान, संगठन मंत्री विक्की कश्यप, प्रचार मंत्री हेतु फरीद कुरैशी, सदस्य अनिल पाठक व रोहित भट्ट, विशेष आमत्रिंत सदस्य हेतू राजीव अग्रवाल मोनू, गिरीश चन्द्र पांडे, नावेद सैफी को मनोनित किया गया है। पूर्व मे संगठन से जुड़े नगर के पत्रकार हरीश भट्ट को कुमाऊं मण्डल सचिव, गिरीश चन्द्र पाण्डे को नैनीताल जिला कनिष्ठ उपाध्यक्ष, राजीव अग्रवाल मोनू व नावेद सैफी नैनीताल जिला सचिव मनोनित किया जा चुका है।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा

## हाथों में तिरंगा, जुबां पर भारत माता की जय, भारतीय सेना जिन्दाबाद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा ने अल्मोड़ा में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को नमन करने के लिए तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली। यात्रा नगर के पलटन बाजार से शुरू होकर मालरोड स्थित शहीद तिराहे पर समाप्त हुई। जिसमें भाजपा कार्यकर्ता और स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लिए भारत माता की जय, भातरीय सेना जिंदाबाद के नारेबाजी करते हुए चल रहे थे। यात्रा के माध्यम से भारतीय सेना के साहस और शौर्य को नमन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरी दुनिया को भारतीय सेना की ताकत से रूबरू



करा दिया। अब कोई भी भारत की तरफ आंख उठाने से पहले कई बार सोचेगा। यहां तिरंगा यात्रा में केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, मेयर अजय वर्मा, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट, गिरीश खोलिया, रवि रौतेला, ललित लटवाल, धर्मेंद्र बिष्ट, नविन बिष्ट, संजय बिष्ट, मंगल सिंह, गणेश जलाल, गोविंद पिल्खवाल, बिट्टू कर्नाटक, सिकंदर पवार, रमेश बहुगुणा, आशीष वर्मा, मनोज सनवाल, त्रिलोचन जोशी, लीला बोरा, लता पांडे, निर्मला जोशी, पार्षद अर्जुन बिष्ट, हरीश कनवाल, पार्षद अमित साह मोनू, प्रकाश भट्ट, सैनिक लोग से आनंद सिंह बिष्ट, विनोद गिरी गोस्वामी, रूप सिंह बिष्ट, रेखा आर्या, शुभम रौतेला, दीपक कपूर, पुनम पालीवाल, मीना भैसोड़ा, तारा जीना, मोहनी कनवाल, रजा अली अंसारी, संदीप श्रीवास्तव, रंजीत भंडारी, सुनील कर्नाटक, मनोज तिवारी, नेहा टम्टा, पूनम वर्मा, सौरभ वर्मा, जगमोहन बिष्ट आदि शामिल रहे।

# 22 को डीएम कार्यालय घेराव पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** कांग्रेस जिला कार्यालय चौघानपाटा में शुक्रवार को कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की मजबूती समेत आगामी कार्यक्रमों को लेकर

### शासन-प्रशासन को लेकर है नाराजगी

चर्चा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने बताया कि क्वारब पुल के समीप बने डेंजर जोन की मरम्मत को लेकर हीलाहवाली की जा रही है। जिसके लेकर आगामी 22 मई को जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाएगा। बताया कि बैठक में घेराव कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कहा कि लंबे समय से क्वारब के पास दकरती पहाड़ी मुसीबत का सबब बनी हुई है।



लोग जान हथेली में लेकर आवगमन करने को मजबूर हैं। इसके बाद भी शासन-प्रशासन अब तक कोई स्थाई समाधान नहीं निकाल पाया है। जबकि अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। कहा कि केंद्रीय राज्य मंत्री और स्थानीय सांसद को जनता की समस्या से कोई सरोकार नहीं है। विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि क्वारब के स्थाई समाधान को लेकर पूर्व में कई बार धरना प्रदर्शन किया जा चुका है। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। कहा कि पूर्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा क्वारब पुल में शासन प्रशासन को चेताने के लिए धरना प्रदर्शन किया था, लेकिन भाजपा सरकार के नेता उस स्थल में जाकर फोटोग्राफी कर मीडिया में छाने तक ही सीमित है। उन्हें जनता के मूलभूत सुविधाओं से कोई लेना नहीं है। कहा कि 22 मई को कांग्रेस बड़ा जन आंदोलन करेगी। जिसमें पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं के साथ पहाड़ से लेकर तराई की जनता शिरकत करेगी। यहां पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, तारा चंद्र जोशी, राधा बिष्ट, दीपक कुमार, तारा चंद्र साह, हर्ष कनवाल, महेश आर्या, रविंद्र टम्टा, गोपाल सिंह चौहान, चंदन, देवेंद्र बिष्ट, तारू तिवारी, रोहित रौतेला, लीला जोशी, सुशील साह, हेम तिवारी, गीता मेहरा, धीरेंद्र गैलाकोटी, नरेंद्र कुमार, मनोज बिष्ट, जगदीश पांडे, इसरार अहमद, गोपाल तिवारी, आनंद बिष्ट, राजन सिंह, बीके पांडे, अंबीराम, नारायण दत्त पांडे, तारा तिवारी, राजेश कुमार, कार्तिक साह, लीला जोशी, गुंजन, कैलाश तिवारी पूरन रौतेला समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 42 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**कालाढूंगी।** घरेलु गैस सिलेंडर के व्यवसायिक प्रयोग को रोकने एवं अवैध रिफिलिंग को रोकने के लिए पूर्ति विभाग द्वारा कालाढूंगी क्षेत्र में छापेमारी की गई। यह अभियान जिलाधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी के निर्देशन में चलाया गया। अभियान के दौरान आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत घरेलू गैस सिलेंडर प्रतिष्ठानों में प्रयोग करते पाए जाने पर कार्रवाई की गई। कई प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेंडर प्रयोग में लाते पाए गए। कालाढूंगी पूर्ति निरीक्षक राजेंद्र भट्ट ने बताया चकलुवा, कालाढूंगी, कमोला, धमोला, बैलपड़ाव में दर्जनों दुकानों छापेमारी की गई। उन्होंने बताया व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में प्रयोग होते पाए जाने पर 42 घरेलु गैस सिलिंडर जब्त किए गए।



जब्त किए गए सभी सिलेंडरों को कालाढूंगी गैस सर्विस कार्यालय के सुपुर्द किया गया। पूर्ति निरीक्षक राज. ेंद्र भट्ट ने अपील करते हुए कहा कि प्रतिष्ठानों में व्यावसायिक सिलेंडर का उपयोग करें। इस दौरान पूर्ति क्षेत्रीय अधिकारी चित्रा रौतेला, मीनाक्षी बोहरा, हेमा मेहरा आदि पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पाओलिनी-गॉफ के बीच होगी इटैलियन ओपन में खिताबी भिंड़त

**रोम, वार्ता।** इटली की स्टार टेनिस खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी और अमेरिका की कोको गॉफ शनिवार को इटैलियन ओपन में महिला एकल के फाइनल में भिड़ेंगी। पाओलिनी ने गुरुवार को महिला एकल में पीटन स्टर्न्स के खिलाफ 7-5, 6-1 की जीत दर्ज कर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई थी। वह इस जीत के साथ ही 2014 के बाद इस टूर्नामेंट के एकल के फाइनल में पहुंचने वाली इटली की पहली महिला बन गई हैं। दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी पाओलिनी को शुरुआती दौर में संघर्ष करना पड़ा और ओपनर में 5-3 से पिछड़ने पर उन्हें सेट प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन गॉफ सर्विस नहीं बचा पाईं। पाओ. लिनी ने घरेलु दर्शकों के बीच पहले सेट में बढ़त बनाकर आत्मविश्वास हासिल किया और दूसरे सेट में दबदबा बनाया। पाओलिनी ने गॉफ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए मुकाबला जीत लिया।

### पीकेएल सीजन-12 के लिए होगी खिलाड़ियों की नीलामी

**मुम्बई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 के लिए मुम्बई में 31 मई और एक जून को खिलाड़ियों की नीलामी होगी। मशाल स्पोर्ट्स ने आज आगामी प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के लिए खिलाड़ियों के नीलामी की तारीखों की घोषणा कर दी। सीजन 12 की यह नीलामी एक और शानदार सीजन की शुरुआत का संकेत है। एक बार फिर चैंपियन टीम अपनी ट्रॉफी बचाने उतरेगी और देश-विदेश से जुड़े प्रशंसक कबड्डी के जोश को नए स्तर पर ले जाएंगे। प्रो कबड्डी के नए सत्र को लेकर मशाल के बिजनेस हेड और प्रो कबड्डी लीग के लीग अध्यक्ष अनुपम गोस्वामी ने कहा कि हम पीकेएल सीजन 12 के खिलाड़ियों की नीलामी की।

# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की नजर प्लेऑफ पर




■ **कोलकाता नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए हर हाल में जीतना होगा**

**बेंगलुरु, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शनिवार को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए यह मैच हर हाल में जीतना होगा।

पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण एक सप्ताह के लिए स्थिगित हुए आईपीएल में ब्रेक के बाद आरसीबी के लिए अच्छी खबर रहीं उसने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी के साथ मयंक अग्रवाल, अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और ऑलराउंडर स्वप्निल सिंह का स्वागत किया है। इससे उनकी टीम मजबूत हुई है। आरसीबी अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीत से उत्साहित है। आरस. ीबी फिलहाल 11 मैचों में 16 अंकों के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए उसे बस एक और जीत की जरूरत है। वहीं कोलकाता नाइटराइडर्स के 12 मैचों में 11 अंकों के साथ छठे स्थान पर है और उसे प्लेऑफ के लिए अपने शेष दोनों मैच महत्वपूर्ण अंतर से जीतने होंगे तथा अन्य परिणामों पर निर्भर रहना होगा। विराट कोहली आरसीबी के लिए ताबीज बने हुए हैं, जिन्होंने इस सीजन में 63.12 की औसत से 505 रन बनाए हैं। केकेआर के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 32 पारियों में 1,021 रन बनाये है। आरसीबी को उम्मीद है कि वह अपनी शानदार फॉर्म को जारी रखेंगे। फिल साल्ट की वापसी से टीम को एक और बढ़ावा मिला है, जबकि रोमारियो शेफर्ड ने सीएसके के खिलाफ 14 गेंदों पर नाबाद 53 रन की तूफानी पारी खेली, जो निचले क्रम के लिए खतरा साबित हुई। रजत पाटीदार (239 रन) और टिम डेविड ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और भुवनेश्वर और क्रुणाल पांड्या के गेंदबाजी आक्रमण को अनुभव प्रदान करने के साथ, बेंगलुरु संतुलित दिख रही है। हालांकि, यश दयाल और रसिख डार जैसे युवा गेंदबाजों पर दबाव बना रहेगा कि वे मुश्किल समय में अपना संयम बनाए रखें। इस बीच, केकेआर इस मैच में कमजोर स्थिति में है वह पिछले पांच मैचों में केवल दो में ही जीत हासिल कर पाए हैं और उनके अभियान में सामंजस्य की कमी है। आंद्रे रसेल का शानदार प्रदर्शन 'पिछली दो पारियों में 95 रन' उम्मीद जगाता है, जबकि अजिंक्य रहाणे 375 रन बनाकर टीम की बल्लेबाजी सूची में सबसे आगे हैं।



## स्टार्क का आईपीएल के शेष मैचों में खेलने से इन्कार

**सिडनी, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स की उम्मीदों को लगा बड़ा झटका, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी मिचेल स्टार्क ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल को देखते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में फिर से खेलने से इन्कार करते हुए भारत नहीं लौटने का फैसला किया है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सूत्रों ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड दोनों आईपीएल में अपने शेष मैच खेलने के लिए वापस भारत जायेंगे। सनराइजर्स हैदराबाद का फाइनल में नहीं पहुंचना तय है। इसलिए हैदराबाद की टीम के खिलाड़ियों की समय सीमा 25 मई को पूरी हो जायेगी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के अन्य खिलाड़ियों की बात की जाये तो जॉश हेजलवुड रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिताबी मुक. ाबले में वापसी करने से पहले कंधे की चोट का आकलन करेंगे। जॉश इंग. लिस ने पंजाब किंग्स के लिए वापसी की अपनी योजना पर फैसला टाल दिया है, जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क के साथी जेक फ्रेजर-मैकगर्क ने भी आईपीएल टूर्नामेंट से बाहर होने का विकल्प चुना है। उल्लेखनीय है कि मिचेल स्टार्क दक्षिण अफ्रीका के साथ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल के लिए घोषित की गई ऑस्ट्रेलियाई टीम का हिस्सा है। ऐसा माना जा रहा है कि अगर दिल्ली की टीम मौजूदा सीजन के फाइनल में पहुंचती है तो स्टार्क को आईपीएल 2025 के अपने वेतन का एक तिहाई हिस्सा छोड़ना होगा। मिचेल स्टार्क ने टूर्नामेंट में अभी तक खेले 11 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। अगर दिल्ली कैपिटल्स की टीम प्लेऑफ में पहुंचती है तो उन्हें स्टार्क की कमी महसूस होगी।

## जापान की तर्ज पर देशभर में ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर बनाएगा भारत

● **बीसीसीआई 2-3 खेलों का जिम्मा उठाएगा, राजीव शुक्ला बोले- खेलों के नाम मंत्रालय तय करे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खेल मंत्रालय जापान की तर्ज पर देशभर में ओ. लिंपिक ट्रेनिंग सेंटर्स बनाने जा रहा है। ये सेंटर्स कारपोरेट के सहयोग से बनाए जाएंगे। इनमें से 2-3 सेंटर्स की जिम्मेदारी बीसीसीआई लेगा। इस योजना पर इस साल काम शुरु हो जाएगा।

बीसीसीआई ने खेलमंत्री मनसुख मांडविया के साथ बैठक में यह प्रस्ताव रखा। इस बैठक में कारपोरेट जगत के 58 मेंबर्स ने हिस्सा लिया। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि ओलिंपिक स्पोर्ट्स के विकास के लिए कारपोरेट जगत की भागेदारी तय करने के लिए आयोजित इस बैठक में देश में जापान की तर्ज पर ओ. लिंपिक सेंटर्स खोलने का प्रस्ताव रखा गया है। इसमें बीसीसीआई के वाइस प्रेसिडेंट राजीव शुक्ला ने कहा कि बोर्ड दो-तीन खेलों का जिम्मा लेने को तैयार है और यह मंत्रालय तय करेगा कि वे खेल कौन से होंगे। हर सेंटर में एक ओलिंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग हर सेंटर में एक-एक ओलिंपिक स्पोर्ट्स की ट्रेनिंग होगी। लास एंजिलिस ओलिंपिक 2028 को ध्यान में रखकर इनमें उस खेल के 100 से 200 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को एक ही जगह पर आधुनिक ट्रेनिंग सुविधाएं और स्पेशलिस्ट मुहैया कराए जाएंगे। बताया जा रहा है कि मंत्रालय ने जापान, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया के ओलिंपिक सेंटर्स से प्रेरणा ली है। जहां से कई ओलिंपिक मेडलिस्ट निकले हैं। भारतीय मूल के खिलाड़ियों का चयन होगा भारतीय खेलों खासकर टेनिस और फुटबाल को मजबूत बनाने के लिए विदेश में बसे भारतीय मूल के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय टीम में चयन की पात्रता फिर देने पर भी विचार किया जा रहा है। इस पर 2008 में रोक लगा दी गई थी और केवल भारतीय पासपोर्ट धारक ही भारत के लिए खेल सकते हैं।



# मुस्तफिजुर के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ

■ **मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे बीसीबी ने 18 से 24 मई के लिए एनओसी दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के आईपीएल खेलने का रास्ता साफ हो गया है। 29 साल के तेज गेंदबाज को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से नो आब्जेक्शन सर्टिफिकेट मिल गया है। बीसीबी ने शुक्रवार को एक स्टेटमेंट जारी कर बताया कि रहमान 18 से 24 मई के बीच आईपीएल खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अनुसार, रहमान 17 मई को यूएई के खिलाफ पहला टी-20 मैच खेलेंगे।

उसके बाद इंडिया के लिए रवाना होंगे। जहां 18 से 24 मई तक दिल्ली के बचे लीग मैचों में हिस्सा लेंगे, हालांकि वे प्लेऑफ शुरू होने से पहले लौट जाएंगे। रहमान को दिल्ली कैपिटल्स ने 6 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। वे ऑस्ट्रेलियाई पेसर मिचेल स्टार्क की जगह लेंगे। स्टार्क ने दिल्ली की ओर से आईपीएल के बचे मैच नहीं खेलने का फैसला लिया है। वे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की तैयारी कर रहे हैं। आईपीएल 2025 के बचे मुकाबले 17 मई से शुरू हो रहे हैं। इन्हें भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच रोक दिया गया था। बीसीबी के सीईओ ने कहा था कि हमने एनओसी नहीं मांगा दिल्ली ने रहमान को 6 करोड़ रुपये में अपने साथ जोड़ा था। इसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सीईओ निजामुद्दीन चौधरी ने कहा था कि अभी तक बीसीबी से प्लेयर और बीसीसीआई ने इस एग्रीमेंट के लिए एनओसी नहीं मांगा गया है। उन्होंने कहा था- श्मुस्तफिजुर को टीम के साथ यूएई जाना है। हमें आईपीएल अधिकारियों से कोई संदेश नहीं मिला है।

मुझे मुस्तफिजुर से भी ऐसा कोई आधिका. रिक संदेश नहीं मिला है।श ऐसे में रहमान के आईपीएल में खेलने पर संदेह था। आईपीएल का शेडलूल बांग्लादेश के यूएई दौरे से क्लैश हुआ आईपीएल के बचे मैच का शेडलूल और बांग्लादेश के यूएई दौरे का शेडलूल क्लैश हो रहा है। आईपीएल के बचे मैच 17 मई से शुरू हो रहे हैं, जबकि बांग्लादेश को यूएई में 17 और 19 मई को दो टी-20 मैच खेलने हैं। फिर टीम को 25, 27 और 30 मई, 1 और 3 जून को पाकिस्तान से 5 मैच खेलने हैं। मुस्तफिजुर टीम के साथ यूएई के लिए रवाना भी हो गए हैं। रहमान ने बुधवार को यूएई के लिए रवाना होने के बाद यह फोटो पोस्ट की थी। 4 आईपीएल टीमों के लिए खेल चुके हैं। 2024 में वे चेन्नई सुपर किंग्स का हिस्सा थे। इसके अलावा मुस्तफिजुर मुंबई, दिल्ली और राजस्थान के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने कुल 57 आईपीएल मैचों में 61 विकेट लिए हैं। डीसी ने इस सीजन के उन्हें 6 करोड़ रुपये में शामिल किया हैं।

# टेस्ट कप्तानी की रेस में राहुल का नाम आगे




**मुंबई, वार्ता।** रोहित शर्मा और विराट कोहली ने 7 और 12 मई को टेस्ट से संन्यास ले लिया। उनके रिटायरमेंट से टीम में लीडरशिप की कमी हो गई। रोहित 4 साल से कप्तान थे, वहीं कोहली की कप्तानी में टीम ने 8 साल तक विदेश में 15 टेस्ट जीते। जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा ही टीम के सीनियर प्लेयर बचे। राहुल और बुमराह को कप्तानी का अनुभव है। वहीं युवा शुभमन गिल और ऋषभ पंत भी कप्तानी की रेस में बने हुए हैं। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 2 टेस्ट में कप्तानी की। पर्थ में टीम को जीत मिली, लेकिन सिडनी टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने जीत लिया। मुकाबले की पहली पारी में ही बुमराह इंजर्ड हो गए, उन्हें बैक स्पास्म की शिकायत हुई। जिसके बाद वह मैच में दोबारा बालिंग नहीं कर सके, इस कारण भारत दूसरी पारी में दबाव भी नहीं बना सका। बुमराह अक्सर फिटनेस से जूझते नजर आए हैं, 2022 में आखिरी बार इंजर्ड होने के बाद वह करीब 15 महीने तक क्रिकेट से दूर रहे थे। उन्हें लंबी टेस्ट सीरीज के दौरान 1-2 मैच का रेस्ट देना भी जरूरी होता है। भारत में तो जीतने के लिए बुम. राह का सभी मैच खेलना जरूरी भी नहीं। इसलिए उनका परमानेंट कप्तान बनना मुश्किल है। फिर भी अगर बुमराह कप्तान बने तो टीम को 1 या 2 उप कप्तान बनाने होंगे, जो बुम. राह की गैरमौजूदगी में जिम्मेदारी संभालते रहें। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बुमराह ने फिटनेस का हवाला देते हुए कप्तानी करने से मना कर दिया है। उनका इंग्लैंड में सभी मैच खेलना भी मुश्किल है। भारत की मौजूदा टीम में कुछ ही प्लेयर्स ऐसे हैं, जिनकी प्लेइंग-11 में जगह खतरे में नहीं दिखती। ऋषभ पंत उनमें से एक हैं। पंत पिछले 6 साल में दुनिया के बेस्ट विकेटकीपर बैटर बन चुके हैं। वे इस फार्मेट में कई मैच विनिंग पारियां खेल चुके हैं। पंत ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड में शतक लगाने वाले इकलौते भारतीय विकेटकीपर भी हैं। पंत को कप्तान बनाना थोड़ा रिस्की हो सकता है, क्योंकि उनकी बैटिंग भी बहुत रिस्की रहती है। मैनेजमेंट अगर उन्हें कप्तान बनाए तो टीम को उनकी बैटिंग की तरह ही कप्तानी में भी चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिल सकते हैं। पंत ने किसी भी फार्मेट में भारत की कप्तानी नहीं की। हालांकि, उन्हें आईपीएल और घरेलू क्रिकेट में कप्तानी का अनुभव जरूर है। शुभमन कप्तानी की रेस बुमराह के बाद सबसे आगे चल रहे हैं। वे वनडे और टी-20 में टीम की कप्तानी कर चुके हैं। युवा बैटर्स में यशस्वी, पंत और शुभमन ही फिलहाल परमानेंट नजर आते हैं।

# वानखेड़े में रोहित के नाम पर स्टैंड का उद्घाटन

■ **रोहित और शरद पवार के साथ ही महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस भी मौजूद रहे**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा और एनसीपी (शरद गुट) के अध्यक्ष शरद पवार के नाम पर मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम के स्टैंड्स का उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। इस दौरान रोहित और शरद पवार के साथ ही महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे।

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने रोहित और पवार के अलावा पूर्व बल्लेबाज अजीत वाडेकर के नाम पर स्टैंड्स का आधिकारिक रूप से उद्घाटन किया। इसके अलावा एमसीए के पूर्व अध्यक्ष अमोल काले के नाम पर एमसीए दफ्तर का लाउंज का उद्घाटन किया गया है। एमसीए ने पिछले महीने वार्षिक आम बैठक के दौरान इन तीन दिग्गजों के नाम पर स्टैंड का नाम रखने का प्रस्ताव पारित किया था। वानखेड़े स्टेडियम ग्रैंड स्टैंड लेवल 3 का नाम शरद पवार स्टैंड, ग्रैंड स्टैंड लेवल 4 का नाम अजीत वाडेकर स्टैंड और दिवेचा पवेलियन लेवल 3 का नाम रोहित शर्मा स्टैंड रखा गया है। वानखेड़े स्टेडियम पर इससे पहले भी कई क्रिकेट दिग्गजों के नाम पर स्टैंड के नाम रखे जा चुके हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, विजय मर्चेंट और दिलीप वेंगसरकर के नाम शामिल हैं। उद्घाटन समारोह के दौरान रोहित ने कहा, आज जो कुछ भी हो रहा है, मैंने सपने में भी नहीं सोचा था कि ऐसा होगा। बचपन से मैं मुंबई और भारत के लिए खेलना चाहता था। कोई भी इस बारे में नहीं सोच सकता। मेरे लिए खेल के दिग्गजों के साथ मेरा नाम होना, इस अहसास को मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता। यह इसलिए भी विशेष है क्योंकि मैं अभी भी खेल रहा हूं। मैंने दो प्रारूप से संन्यास लिया है, लेकिन अभी भी एक प्रारूप में खेल रहा हूं। रोहित ने कहा, 21 तारीख को जब मैं यहां आऊंगा और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलूंगा तो यह एक अवास्तविक अहसास होगा, क्योंकि इस मैदान पर मेरे नाम का स्टैंड हो गया है, तो यह एक बहुत ही विशेष अहसास है। यह उस वक्त भी विशेष रहेगा जब कभी भी मैं यहां भारत का प्रतिनिधित्व करने आऊंगा। मैं इतने सारे लोगों, विशेषकर मेरे परिवार, मेरी मां और पिताजी, मेरे भाई, उनकी पत्नी और मेरी पत्नी, जो यहां उपस्थित हैं।

### बंगाल वॉरियर्स ने नवीन कुमार को टीम का मुख्य कोच किया नियुक्त

**मुम्बई, वार्ता।** बंगाल वॉरियर्स ने प्रो कबड्डी लीग के अगले सीजन के लिए नवीन कुमार को टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। हरियाणा से ताल्लुक रखने वाले कबड्डी के दिग्गज खिलाड़ी नवीन कुमार का एथलीट और कोच दोनों का अच्छा खासा अनुभव है। फ्रैंचाइची का मानना है कि उनकी जानकारी, जीतने की मानसिकता और जूझारू क्षमता वॉरियर्स के लिए फायदेमंद होगी।

**नाम परिवर्तन**

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुख देव शर्मा (SUKHDEV SHARMA- पुराना नाम) से बदलकर **सुखदेव राय शर्मा** (SUKHDEV RAI SHARMA - नया नाम ) कर लिया है। भविष्य में मुझे सुखदेव राय शर्मा पुत्र बूढ़ चन्द्र शर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**शपथकर्ता :** सुखदेव राय शर्मा पुत्र बूढ़ चन्द्र शर्मा, निवासी: 335/38, वार्ड-4, आदर्श प्रेस वाली गली, सिंघान, काशीपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड- 244713

# शास्त्री ने बताई कोहली के संन्यास की वजह

## लोगों के लगातार कमेंट्स से परेशान थे, कहा-रोहित शर्मा को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं रहने देता



**दुबई, वार्ता।** पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने विराट कोहली के रिटायरमेंट की वजह का खुला. सा किया है। शास्त्री के अनुसार 'कोहली लगातार सार्वजनिक टीका-टिप्पणी से मानसिक रूप से थक चुके थे।' शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू में बताया कि उन्होंने संन्यास का फैसला सार्वजनिक करने से पहले कोहली से बात की थी। पूर्व भारतीय कोच ने कहा कि मैंने उनसे इस बारे में बात की थी। मुझे लगता है कि उनके संन्यास की घोषणा से एक सप्ताह पहले उनका दिमाग बहुत स्पष्ट था। उन्हें कोई पछतावा नहीं है। विराट ने मुझे चौंका दिया क्योंकि मुझे लगा कि उनमें टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम दो-तीन साल बाकी हैं।

जब आप मानसिक रूप से थके हुए होते हैं तो यही आपके शरीर को बताता है। उन्होंने रोहित शर्मा की फार्म पर कहा कि अगर मैं भारतीय टीम का कोच होता तो सिडनी टेस्ट में रोहित शर्मा को बाहर नहीं होने देता। विराट कोहली ने 12 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने एक इंस्टा पोस्ट में लिखा कि टेस्ट क्रिकेट ने मेरी परीक्षा ली, मुझे आकार दिया, वो पाठ सिखाए जो जिंदगीभर मुझे याद रहेंगे। कोहली ने 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था। कोहली के संन्यास पर रवि शास्त्री ने कहा कि मैं विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से हैरान था। क्योंकि मुझे लगता है कि विराट में टेस्ट खेलने के लिए 2-3 साल और बचे थे। कोहली लगातार सार्वजनिक टीका-टिप्पणी से बर्नआउट हो गए शास्त्री ने कहा, श्आप अपनी टीम के आधे से अधिक खिलाड़ियों से अधिक फिट हो सकते हैं, लेकिन मानसिक रूप से आप थके हैं। तो यह शरीर को एक संदेश भेजता है। आप जानते ही हैं। कोहली लगातार सुर्खियों में रहने के कारण बर्नआउट (थकान) हो गए। कोहली के दुनियाभर में फैन, लोगो को क्रिकेट देखने प्रेरित किया शास्त्री ने कहा कि कोहली को दुनिया भर में प्रशंसा मिली है।

पिछले दशक में किसी भी अन्य क्रिकेटर की तुलना में उनके पास अधिक प्रशंसक हैं। चाहे वह ऑस्ट्रेलिया हो, चाहे वह दक्षिण अफ्रीका हो, उन्होंने लोगों को खेल देखने के लिए प्रेरित किया। अगर कोहली ने कुछ ठाना, तो अपना 100प्रतिशत दिया कोहली ने भारत को 68 टेस्ट मैचों में 40 जीत दिलाई जो किसी भी भारतीय कप्तान की अब तक की सबसे ज्यादा जीत है। इस पर शास्त्री ने कहा कि अगर उन्होंने कुछ करने का फैसला किया तो उन्होंने अपना शत प्रतिशत दिया जिसकी बराबरी करना आसान नहीं है एग्रेशन कोहली को दूसरे प्लेयर्स से अलग बनाता है कोहली के एग्रेशन पर शास्त्री ने कहा कि एक खिलाड़ी अपना काम करता है, फिर आप आराम से बैठ जाते हैं। लेकिन कोहली के साथ ऐसा नहीं है, जब टीम आउट हो जाती है तो ऐसा लगता है जैसे उन्हें सभी विकेट लेने हैं, उन्हें सभी कैच लेने हैं, उन्हें मैदान पर सभी फैसले लेने हैं। इतना ज्यादा पार्टिसिपेशन, मुझे लगता कि अगर वह आराम नहीं करता है तो कहीं वह बर्नआउट होने वाला है। मैं रोहित को सिडनी टेस्ट से बाहर नहीं होने देता शास्त्री ने बीजीटी में रोहित शर्मा की फार्म पर बात करते हुए कहा कि अगर मैं भारतीय टीम का कप्तान होता तो रोहित शर्मा को सिडनी टेस्ट में बाहर नहीं होने देता। शास्त्री-को. हली की जोड़ी सबसे सफल रही शास्त्री ने कोहली के साथ भारतीय टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे सफल कोच-कप्तान की जोड़ी बनाई। इस जोड़ी ने 2018 में भारत ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर टेस्ट सीरीज जिताई।

### लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा के लिए पारदर्शी रास्ता निकालें: क्रिकेट वेस्टइंडीज

**पोर्ट ऑफ स्पेन, वार्ता।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूसी) ने अंत. रराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 में होने वाली क्रिकेट प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए साफ और पारदर्शी रास्ता निकालने की मांग की है।सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने कहा कि कैरेबियाई टीम ने ओलंपिक में हमेशा अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया है और अपनी एथलेटिक प्रतिभा से दुनिया को प्रेरित किया है।

**BRIDCUL (ब्रिडकुल)**

ब्रिज, रोपवे, टनल एण्ड अदर इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ उत्तराखण्ड लिमिटेड
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) पूर्व में उत्तराखण्ड राज्य अवस्थापना विकास निगम लिमिटेड
इकाई कार्यालयः अवस्थापना भवन, 583 – ठ, राजकीय आई0टी0आई0 निरंजनपुर के सामने, माजरा, सहारनपुर रोड, देहरादून–248001
टैलीफोन–0135–2522941, ई–मेलः pmbridcul.ddn@gmail.com,CIN No. U45203UR2008SGC032591

**Ref No: 266/BRIDCUL-233/25** **Dated: 16/05/2025**

**NIT (Notice Inviting Tender)**

On behalf of Managing Director, BRIDCUL, sealed **Item Rate Tenders** with Post Qualification, are invited in two separate envelops (Technical and Financial) simultaneously from Contractors Empanelled with BRIDCUL in Civil work Category-III (upto 2 Crore) and as per the detailed specification, terms & Conditions given in the tender documents for following work:-

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost with GST & All Taxes (In Lac) | Bid Security/EMD (In Rs.) | Cost of Tender From | Tender Document can be obtained / submitted at |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Additional Civil works at Common Waste Recycling Plant at District Haridwar | 10.28 | 75000.00 | Rs. 5000.00 + 18% GST | Project Unit BRIDCUL Dehradun |

The tender documents can only be purchased from the office of the respective Project Manager between 10.00 am to 5.00 pm on all working days from **17.05.2025 to 30.05.2025.** The cost of tender document amounting to Rs 5000+18% GST, will be paid while purchasing the tender documents, by cash or Demand Draft in the favour of Project Manager, BRIDCUL, Dehradun. The tenders should reach the office latest **by 1500 hours on 30.05.2025 and the technical bid shall be opened at 1530 hours on the same day** in presence of tenderers who choose to be present.

**Project Manager**
**BRIDCUL**

# गाड़ियों में तोड़फोड़ व फायरिंग करने वाला गैंगस्टर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रुड़की के समीप जौरासी में हुई फायरिंग प्रकरण का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना में प्रयुक्त तमंचा और कारतूस बरामद किया है। आरोपी नशे का आदि बताया गया है।

बीते रोज पुलिस को 112 के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक द्वारा गाडी में तोड़फोड़ कर जान से मारने की नियत से फायर किया है।

इस सूचना पर रूडकी पुलिस तत्काल मौके पर पहुँचकर घटना की जानकारी गयी और कोतवाली रूडकी पर वादी गुफरान पुत्र स्व०मन्सूर निवासी ग्राम रणसुरा थाना लक्सर जनपद हरिद्वार की लिखित तहरीर पर अरशद उर्फ दुल्ला पुत्र मुबारिक निवासी ग्राम जबरदस्तपुर कोतवाली रूडकी जनपद हरिद्वार के द्वारा वादी को जान से मारने की नियत से वादी के ऊपर बन्दूक से फायर करना व वाहन को क्षतिग्रस्त करने के सम्बन्ध में में मुकदमा दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सीओ रूड़की के नेतृत्व में टीमें गठित कर तत्काल आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए गहन सुराग रसी पता रसी करते हुए 12 घंटे के भीतर ही आरोपी अरशद उर्फ दुल्ला पुत्र मुबारिक निवासी ग्राम जौरासी रूडकी थाना कोतवाली रूडकी जनपद हरिद्वार को खटका बाईपास से जौरासी जाने वाले रास्ते के पास गन्ने का खेत से दबोचा गया। आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त अवैध देशी तंमचा, 03 खोखा कारतूस व 04 जिन्दा कारतूस बरामद किए गए।



**❖जबरदस्तपुर जौरासी गांव में आपसी विवाद में फायरिंग कर फैला दी थी गांव में दहशत, पुलिस ने तुरंत दबोचा**

आरोपी का दिन के समय रणसुरा गांव में विवाद हो गया था जिसका बदला लेने की फिराक में आरोपी ने रणसुरा गांव की ओर से आने वाली कार पर हमला कर दिया। आरोपी के खिलाफ पहले भी गैंगस्टर एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव, एसएसआई विनोद कुमार थपलियाल, एसआई चन्द्रमोहन , एएसआई बालम सिंह राठौर, हैड कांस्टेबल दिनेश गुप्ता, मेजर सिंह तोमर, कांस्टेबल प्रदीप भण्डारी,अनूप लिंगवाल और चालक मंगत सिंह शामिल रहे।

# ग्राम समाज की भूमि से काटे सौ पॉपुलर के पेड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** बुग्गावाला गांव में ग्राम समाज की भूमि से सौ पॉपुलर के पेड़ काटे जाने के मामले ने हड़कंप मचा दिया है। सूचना मिलते ही तहसील प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। आरोप है कि बुग्गावाला के एक किसान ने ग्राम समाज की भूमि पर खड़े पॉपुलर के पेड़ों का सौदा कर लिया था। इसके बाद ठेकेदार ने ताबड़तोड़ अपनी लेबर लगाकर पेड़ों की कटाई शुरू कर दी। जैसे ही इस मामले की सूचना तहसील प्रशासन को मिली, टीम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंची। किसान और प्रशासन में हुई नोंकझोंक–मौके पर पहुंचे तहसील प्रशासन ने संबंधित किसान को बुलाकर पूछताछ की। किसान ने दावा किया कि सभी पेड़ उसकी निजी भूमि पर खड़े थे। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि पेड़ ग्राम समाज की भूमि पर लगे थे। दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक नोकझोंक हुई।

भगवानपुर तहसीलदार दयाराम ने बताया कि उन्हें बुग्गावाला में ग्राम समाज की भूमि से पेड़ों के कटने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर पेड़ों की कटाई पर रोक लगा दी गई है। अब खेत की पैमाइश और जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कोतवाली रुड़की पुलिस ने तीन वारंटी किए गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रुडकी पुलिस द्वारा 03 वारण्टी को किया गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्त गण को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक के द्वारा वारण्टीयो की धर पकड हेतु पुलिस टीम गठित की गई पुलिस टीम के द्वारा न्यायालय ए0सी0जे0एम0 महोदय रूडकी जनपद हरिद्वार के द्वारा जारी वारण्ट वाद संख्या 627/24 धारा 60 आबकारी अधिनियम मे अभियुक्त अमन कर्मचन्द उर्फ विक्की पुत्र कर्मचन्द निवासी मिशन 03 सि0ला0 को0 रुड़की जनपद हरिद्वार व शुभम पुत्र लक्ष्मण दास निवासी गोल भट्ट मिलाप नगर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार संबंधित वाद संख्या 543/24 धारा 323.325.504.506 भादवि तथा लक्ष्मण दास पुत्र भगनू दास निवासी गोल बट्टा मिलन नगर जनपद हरिद्वार संबंधित बात संख्या543/24 धारा323/325/504/506 भादवि के मस्कन पर दबिश दी गई। जिसके फलस्वरूप अभियुक्त को उसके मस्कन से गिरफ्तार किये गये। अभियुक्त गण को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल तेजिंदर सिंह, कांस्टेबल अनिल चौहान, कानि0 अनिल शर्मा कोतवाली रूडकी, कानि0 गम्भीर कोतवाली रूडकी शामिल रहे।

## नवीदा ने 12वीं में स्कूल टॉप कर किया नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नवीद खातून ने 12वीं कक्षा में अपने स्कूल में पहला स्थान लाकर अपने स्कूल व परिवार का नाम रोशन किया है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में ग्राम भारापुर की छात्रा नाविदा खातून पुत्री मौ0 इकराम ने अटल उत्कृष्ट राजकीय कन्या इंटर कॉलेज भौरी भारापुर स्कूल टॉप किया।नाविदा खातून ने 12जी में 500 में से 420 अंक प्राप्त कर स्कूल में पहली रैंक हासिल की।होनहार नाविदा खातून को बहुत-बहुत बधाई एव शुभकामनाए। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि हम सबके लिए खासतौर पर अपने गाँव भारापुर के लिए गौरव का विषय है। वही नाविदा ने बताया कि उसने दिन रात मेहनत करके पढाई की है और स्कूल टॉप कर अपने परिवार का नाम रोशन किया।

# कर्नल सोफिया पर टिप्पणी करने वाले मंत्री पर कारवाई की मांग

## एसपी देहात कार्यालय पहुंचे कांग्रेसी, डीएवी कॉलेज प्रकरण में भी जांच की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध में की गई टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसपी देहात को तहरीर दी। इसके साथ ही बीते रोज डीएवी कॉलेज में छात्राओं से छेड़छाड़ मामले में जांच की मांग भी कार्यकर्ताओं ने एसपी देहात से की।

रुड़की तहसील स्थित एसपी देहात कार्यालय पहुंचे झबरेड़ा विधायक एवं जिला अध्यक्ष वीरेंद्र जाति ने कहा कि इस समय जब पूरा देश एकजुट होकर खड़ा है ऐसे में भाजपा के नेता धर्म की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भाजपा की ओछी मानसिकता का परिचय देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि उनके ऊपर मुकदमा दर्ज कर कारवाई होनी चाहिए। महानगर अध्यक्ष एडवोकेट चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि एक ओर देश की बेटियां दुनिया में अपना नाम रोशन कर रही है तो वहीं भाजपा के नेता उन्हें धर्म के नाम पर नीचा दिखाने का काम कर रहे हैं। वहीं उन्होंने कहा कि डीएवी कॉलेज में छात्राओं के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना में कॉलेज के अधिकारियों की भी जांच होनी चाहिए। पूर्व राज्यमंत्री डॉक्टर गौरव चौधरी ने दोनों ही मामलों में मुकदमा दर्ज करने की मांग की उन्होंने कहा कि बेटियों का अपमान करने वालों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। इस अवसर पर युवा जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष आशीष चौघरी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि तौकीर, डॉ अताउर रहमान, मयंक, रजनीश, बाबू, नाशीर अहमद, सलमान, कबीर, सादिक, कमरे आलम, कार्तिक पवार, जोगिंदर सिंह, श्रीकांत, अमित कुर्साली, कुलदीप निराला, भास्कर गुप्ता, कुर्बान, नसीम अहमद, लुकमान, गुलशेर, अजय सिंह, दीपक, राकेश कुमार, संदीप, राव रिजवान आदि उपस्थित रहे।




# लक्सर पुलिस ने दबोचा एक नशा तस्कर, 8.11 ग्राम स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लकसर।** लक्सर पुलिस के द्वारा एक अवैध नशा तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से 8.11 ग्राम अवैध स्मेंक बरामद हुई है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 अभियान को सफल बनाने के लिए एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में नशीले पदार्थों पर अंकुश लगाए जाने के लिए जनपद की कोतवाली प्रभारी थाना अध्यक्ष को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम बनाई गई पुलिस टीम के द्वारा मुखबीर कीसूचना पर 15 मई 2025 को छापेमारी चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 8.11 ग्राम अवैध स्मेंक बरामद हुई। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम अनीश पुत्र रियासत निवासी लादपुर खुर्द थाना कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार बताया। उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में भीक्कमपुर पुलिस चौकी पर भारी नवीन सिंह चौहान कांस्टेबल रघुनाथ पंचपाल वीरेंद्र सिंह शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।



# अवैध चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रूडकी पुलिस ने अवैध चाकू के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी का आर्म्स एक्ट में अभियोग दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार एसएसपी हरिद्वार द्वारा बॉर्डर/कस्बा/अन्य क्षेत्रों में सघन चेकिंग किए जाने के आदेश प्राप्त हुए आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रूडकी द्वारा क्षेत्र मे चौकिंग किए जाने हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसके क्रम में चेकिंग के दौरान दिनांक 16.05.2025 को सोलानी पार्क लोहे वाले पुल के पास रूडकी क्षेत्र से एक व्यक्ति को एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार न्यायालय में पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त'लोकेश सिंह यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी पीर बाबा कालोनी रुड़की से पुलिस ने एक अदद चाकू बरामद किया है। पुलिस टीम में हे0का0 कमल सिंह कोतवाली रूडकीव का0 गोविन्द तोमर कोतवाली रूडकी तथा कानि0 प्रदीप डंगवाल कोतवाली रूडकी शामिल रहे।

## नाले से एक व्यक्ति का शव बरामद

**पिरान कलियर।** पुलिस ने हद्दीपुर अड्डे के पास एक नाले से एक व्यक्ति का शव बरामद किया ।शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र हद्दीपुर अड्डे के पास एक नाले में एक व्यक्ति का शव पड़ा है।पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को नाले से बहार निकाला।मौके पर जमा भीड़ से उसकी शिनाख्त के प्रयास किए तो उसकी शिनाख्त सोनू कुमार पुत्र फकीरचन्द (36) निवासी झिडियांन ग्रंट के रूप में हुई। पुलिस ने घटना की सूचना उसके परिजनों को दी।परिजनों ने बताया कि वह शराब पीने का आदि था। करीब तीन चार दिन से घर नही गया।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली गंगनहर पुलिस द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक चोर को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त को बाद विधिक कार्रवाई न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 15/05/2025 को मुकदमा वादी एहतेशाम पुत्र इरशाद निवासी पाडली गुर्जर रुड़की कोतवाली गंगनहर द्वारा सूचना दी गई कि अज्ञात चोर द्वारा वादी की मोटरसाइकिल सुपर स्प्लेंडर रजिस्ट्रेशन नंबर -1581 को रेलवे स्टेशन के पास गेस्ट हाउस के सामने से चोरी कर ले जाने के संबंध में कोतवाली गंगनहर पर मुकदमा अपराध संख्या '195/2025 धारा 303(2) में पंजीकृत किया गया। घटना का संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली गंगनहर द्वारा तत्काल पुलिस टीमों का गठन किया गया जिसके फलस्वरुप गठित टीम द्वारा दिनांक 15/05/2025 को मुखबीर की सूचना पर अभियुक्त सूरज कुमार पुत्र भजन लाल निवासी भोला कॉलोनी थाना बाजपुर जिला उधम सिंह नगर हाल निवासी रेलवे स्टेशन रुड़की कोतवाली नहर को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ नहर पटरी गणेशपुर से बीटीगंज की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को बाद विधिक कार्रवाई न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पुलिस टीम में उप निरीक्षक बलवंत पवार, कांस्टेबल अजय बिष्ट, कांस्टेबल प्रभाकर थपलियाल, कांस्टेबल राहुल नेगी व कांस्टेबल महिपाल सिंह शामिल रहे।

# शांति व्यवस्था भंग करने पर चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था प्रभावित करने पर चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर के द्वारा जानकारी देते हुए बताया 15 व 16 ए।मई 2025 को रात्रि में सुलतानपुर क्षेत्र से शांति व्यवस्था प्रभावित करने की सूचना मिली थी सूचना पर तुरंत ही पुलिस को भेजा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी व्यक्तियों को काफी समझने का प्रयास किया वह नहीं मने और मरने मारने पर उतारू हो गए किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया जिनके नाम वसीम ऊर्फ काला पुत्र खलिल निवासी खेड़ी खुर्द समीम पुत्र खलिल निवासी खेड़ी खुर्द अकलाख अली पुत्र जिंदा हसन निवासी सुलतानपुर आदमपुर फुरकान अली पुत्र जिंदा हसन निवासी उप्रोक्त बताएं गये हैं।

वहीं इस सभी आारोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सुलतानपुर पुलिस चौकी प्रभारी विरेंद्र सिंह नेगी उप निरीक्षक दीपक चौधरी कांस्टेबल कपिल देव अनुप पोखरीयाल अरविंद चौहान होमगार्ड मदनपाल शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पकड़े गए व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# फर्जी कागजात तैयार कर जमीन खरीद-फरोख्त करने वाला गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लकसर।** पुलिस के द्वारा फर्जी तरीके से जमीन की खरीद फरोख्त करने वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया 1 अप्रैल 2025 को सुमित कुमार पुत्र राजपाल निवासी ग्राम महाराजपुर कला थाना लक्सर जिला हरिद्वार द्वारा अभियुक्तगण पंकज कुमार मनोज कुमार प्रामोद कुमार प्रदीप कुमार द्वारा पडयन्त कर धोखाधड़ी से फर्जी फोटो व हस्ताक्षर कर प्रार्थी की जमीन का बैनावा पंकज कुमार के नाम करने के संबंध में तहरी दी गई थी जिसके संबंध में कोतवाली लकसर पर धोखाधड़ी संबंधी अभियोग पंजीकृत किया गया था एसएसपी हरिद्वार द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए वाछित अभियुक्तगण की धर पकड़ गिरफ्तारी के लिए अवशयक दिशा निर्देश दिये थे जिसमें पुलिस टीम गठित की गई पुलिस टीम के द्वारा वाछित अभियुक्त कपिल कुमार पुत्र कमल सिंह निवासी ग्राम महाराजपुर कला कोतवाली लक्सर जनपद हरिद्वार को मुखबीर की सूचना पर गिरफ्तार किया गया उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमल कांत रतूड़ी हेड कांस्टेबल प्रदीप कनौजिया कांस्टेबल अनिल वर्मा शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## मोटरसाइकिल चोरी का मुकदमा दर्ज

**पिरान कलियर।** पुलिस ने मोटर साईकिल चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर पंचायत पिरान कलियर नई बस्ती निवासी शाहरूख ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 14 मई को उसने अपनी मोटर साईकिल घर के बहार खड़ी कर अपने घर काम से गया था। कुछ देर बाद घर से बहार आया तो देखा कि उसकी मोटर साईकिल वहां नही है। उसने मोटर साईकिल को इधर उधर काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नही चल पाया।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मोटर साईकिल चोरी का मूकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आपस में झगड़ रहे छह आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा गांव डाडा जलालपुर में लड़ाई झगड़े से संबंधित 06 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी है।

जानकारी के अनुसार थाना भगवानपुर पुलिस द्वारा दिनांक 16/05/25 को थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम डांडा जलालपुर में लड़ाई झगड़े कर शान्ति भंग कर रहे 06 आरोपियों के विरुद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। 'नाम पता आरोपी' 1. रोहित पाल उर्फ दीपक पाल पुत्र सुरेश निवासी ग्राम डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार। 2-नितिन कश्यप पुत्र पवन कुमार निवासी ग्राम डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार। 3-शुभमसैनी पुत्र नकली राम निवासी ग्राम डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार। 4-नवनीत सैनी पुत्र किरतपाल निवासी ग्राम डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर हरिद्वार। 5-राहुल पुत्र कुंवरपाल निवासी ग्राम डाडा जलालपुर थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार। 6-बंटी पुत्र ऋषिपाल निवासी छांगा माजरी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार बताये गये हैं। पुलिस टीम में उ0नि0 विनय मोहन, कांनि0संजय नेगी, कांनि0मुकेश, कांनि0 चन्द्रविका शामिल रही।

## सिम बेचते समय अभिलेखों में धांधली पर मुकदमा दर्ज

**भगवानपुर।** दूरसंचार विभाग के एक अधिकारी ने एक व्यक्ति के खिलाफ तहरीर देकर सिम बिक्री करते समय विभाग को उपलब्ध कराए गए अभिलेखों में धांधली की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सहारनपुर के एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कनिष्ठ दूर संचार अधिकारी हरिद्वार रविंद्र सागर ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि सिम विक्रय करने वाली टीम से जुड़े एक व्यक्ति मोहम्मद गय्यूर निवासी गांव खुजनावर मुश्त जनपद सहारनपुर ने धोखाधड़ी कर 55 सिम बिना पड़ताल किए ही बिक्री करते हुए अपनी आईडी से जारी किए हैं।आरोप है कि जिन्हें सिम जारी किए गए हैं उनके अभिलेखों का भी मिलान नहीं हो पा रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने किया लाखों की चोरी का खुलासा

## एक गिरफ्तार, आभूषण व नकदी से खरीदी बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** सवा छह माह पहले हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया हैं। इस मामले में पुलिस ने वारदात में शामिल आरोपी को गिरफ्तार किया हैं। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से चोरी हुए आभूषण व चोरी की रकम से खरीदी गई बुलेट बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया हैं। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार ने बताया कि नगर के मोहल्ला बाहर किला निवासी साजिद अंसारी ने बताया कि 2 नवंबर 2024 की शाम को वह परिवार के साथ शादी में गया हुआ था। इसी दौरान रात के समय मकान का ताला तोड़कर घर में रखी लाखों की नकदी व लाखों के जेवरात चोरी कर लिए थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की। गुरुवार की शाम को पुलिस को सूचना मिली कि लंढौरा मार्ग पर स्थित एक पैट्रोल पंप के पास एक युवक खड़ा हुआ हैं युवक चोरी की वारदात में शामिल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने बताए गए स्थान को घेराबंदी कर युवक को दबोच लिया। पुछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया हैं। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर चोरी हुए आभूषण, बुलेट व आईफोन बरामद किया हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि चोरी के मामले में शावेज निवासी मलकपुरा मंगलौर को गिरफ्तार किया हैं। आरोपी की निशानदेही पर चोरी हुए जेवरात बरामद किए गए है। आरोपी का चालान कर दिया हैं।



# जिला सहकारी बैंक के बाहर धरने पर बैठे कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आज दूसरे दिन समिति सचिव परिषद उत्तराखंड शाखा हरिद्वार (सम्बद्ध राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद उत्तराखण्ड) एवं सहकारी समिति कर्मचारी कल्याण यूनियन द्वारा निबंधक सहकारी समितियाँ उत्तराखण्ड के पत्रांक 153 से अंशदान जिला कैडर/2014-15 दिनाँक 20 अक्टूबर 2014 के अनुसार कैडर फण्ड जमा न करने के कारण संयुक्त सांकेतिक धरना प्रर्दशन जिला सहकारी बैंक लि० की मुख्य शाखा बीटी गंज रुड़की में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार धरना स्थल पर जिला सहकारी बैंक लि० हरिद्वार के सचिव/ महाप्रबंधक प्रतिनिधि द्वारा किसी प्रकार की वार्ता नहीं की गई। जिस कारण समिति सचिव परिषद शाखा हरिद्वार एवं सहकारी समिति कर्मचारी कल्याण यूनियन के सभी सदस्यों में भी भारी रोष व्याप्त है। धरना स्थल पर सामुहिक निर्णय लिया गया कि दिनाक 15 से 17मई तक जिला सहकारी बैंक मुख्यालय बीटी गंज रुड़की जिला हरिद्वार पर किया जायेगा। समाधान न होने की दशा में कार्यक्रम को आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

धरना स्थल पर समिति सचिव परिषद के चरण सिंह सचिव, अनिल कुमार सैनी, मदन लाल, श्याम कुमार गुप्ता, अरुण कुमार, नरेंद्र कुमार, प्रदीप कुमार, ओमकार सिंह एवं समिति कर्मचारी कल्याण परिषद से श्री राजपाल सिंह अध्यक्ष, राहुल कुमार, सुखवाल सैनी, सुमित कुमार, शक्ति सिह, ज्ञानेन्द्र सिंह, यशवीर कुमार, रमेशचंद, सतेंद्र कुमार, नंदन अग्रवाल, विनय धीमान, मीनाक्षी, अंशु, पिंकी, नौरती, ललिता, सुधीर, योगेंद्र, आशीष, फैजाब, रविकांत , नवनीत, नितिन भार्गव, तेजपाल, महक सिंह, दुष्यंत, अमित राठी, अनुज सैनी, आशीष चौहान, रामकिशोर, पंकज कुमार, अरुण सैनी, बलवंत सिंह, ललिता प्रसाद, एवं सभी समिति कर्मचारी उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

शनिवार, 17 मई 2025

## शौर्य का प्रतीक सिंदूर

भारतीय महिला के माथे का सिंदूर न केवल सुहाग का, बल्कि शौर्य का प्रतीक भी है। ये बातें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भुज में सेना के जवानों को संबोधित करते हुए कही। यह बात सौ प्रतिशत सही है कि भारतीय महिलाओं का सुहाग सिंदूर से ही प्रतीत होता है, लेकिन जिस तरह पहलगाम में आतंकियों ने धर्म पूछकर महिला के पतियों और महिलाओं को मौत के घाट उतार दिया, तभी से ये सिंदूर शौर्य का प्रतीक बन गया है। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने साफ कर दिया है कि पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि अभी तो ये केवल ट्रेलर है, फिल्म तो अभी बाकी है। उनका कहना था कि अभी ऑपरेशन सिंद.ूर जारी है। रक्षा मंत्री ने बताया कि अभी पाकिस्तान को एक मौका दिया जा रहा है कि वह सुधर जाए, नहीं तो अबकी बार उससे भी बड़ा हमला हम करेंगे। उनका यह कहना जवानों में और जोश भर गया। वास्तव में भारतीय सेना दुनिया की सबसे अनुशासित सेना है। चीन की सेना पैसों के लिए लड़ती है, जबकि भारत की सेना देश के लिए लड़ती है। जिस शौर्य से भारतीय जवानों ने पाकिस्तान के ड्रोन और मिसाइलों को हवा में नाकाम किया है, उससे भारतीय सेना की दुनियाभर में तारीफ हो रही है। यह साफ हो चुका है कि पाकिस्तान आतंकवाद को पालता-पोषता है और इसके लिए वह आईएमएफ से धन भी लेता है। आईएमएफ को धन देने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि पाकिस्तान किस मद के लिए धन ले रहा है, लेकिन आईएमएफ ने भी शायद आंखें बंद कर ली हैं। भारत ने आईएमएफ को याद दिलाया है कि वह पहले पाकिस्तान से यह पूछे कि वह धन किस लिए ले रहा है, अगर अपने देश के विकास के लिए धन चाहिए, तो भारत को कोई दिक्कत नहीं है। अगर पाक आतंकवाद के लिए धन मांग रहा है, तो फिर भारत अपनी आपत्ति अंतर्राष्ट्रीय मंच पर उठा सकता है। पाकिस्तान ने एक बार अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान वादा किया था कि वह आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ है, लेकिन उसने धोखा दिया और अब तक धोखा देता आ रहा है। अब भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद समर्थित होने के और सबूत जुटाने शुरू कर दिए हैं। भारत की मंशा साफ है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को खत्म नहीं कर देता, उससे किसी प्रकार की कोई बात संभव नहीं है। इसीलिए अब भारत सरकार पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ अपनी रणनीति को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर स्पष्ट करने हेतु बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल विभिन्न देशों में भेजने जा रही है। कांग्रेस ने इस पहल में भाग लेने की सहमति दी है। यह कदम पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद उठाया गया है। जब पाकिसतान के खिलाफ सबूत एकत्र हो जाएंगे, तब उन्हें यूएन में रखा जाएगा और तब पाकिस्तान दुनिया से अलग-थलग हो जाएगा। भारत की यही रणनीति है। उधर पाक का साथ देने के लिए तुर्की के बायकाट की तैयारी भी भारत ने तेज कर दी हैं। भारत पाकिस्तान के बीच जब तनाव का माहौल था, तब तुर्की ने सबसे पहले पाकिस्तान का साथ दिया था। जिसके बाद से भारत में तुर्की के सेबों का बायकाट ट्रेंड तेजी से चल रहा है। इसके कारण तुर्की को 821 करोड़ का झटका लग सकता है। भारत में तुर्की उत्पादों का बहिष्कार होना शुरू हो गया है, खासकर सेब का। पहलगाम आतंकी हमले के बाद से भारतीय सेना की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसके बाद पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। तुर्की ने पाकिस्तान की मदद की, जिसमें ड्रोन की आपूर्ति भी थी। जब से ये सच तुर्की का सामने आ गया, तब से भारत में बॉयकाट का ट्रेंड तेजी से चल रहा है।

## इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा



मध्य प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा तथा मंत्री विजय शाह को बहादुरी से देश की रक्षा करने वाली सेना तथा सेना के जवानों को अपमानित करने वाले बयान देने के लिए भाजपा को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए, हमारी सेना के लिए पूरे देश में हर व्यक्ति के मन में सम्मान है और पूरा राष्ट्र कृतज्ञ है कि सेना की वजह से ही हम सुरक्षित रह पाते हैं, सेना के लिए मप्र के उप मुख्यमंत्री के मन में ऐसी दुर्भावना और गंदे विचार हैं, उसका किसी पद पर रहने का कोई हक नहीं है, इस बार माफी मांगने से काम नहीं चलेगा, भाजपा मूक-दर्शक बनी नहीं रहेगी और श्री मोदी छिपे नहीं रह सकते, अगर अगले कुछ घंटों में भाजपा वड़ा को बर्खास्त नहीं करती है, तो ये मान लिया जाएगा कि सेना को अपने चरणों में नतमस्तक करने की बात श्री मोदी कह रहे हैं, उनकी मौन-सहमति और संरक्षण है।

**-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस प्रवक्ता**

# हाईपरटेंशन से जन्म लेती हैं अन्य बीमारियां




बदली जीवनशैली के चलते देश-दुनिया में बड़ी संख्या में लोग हाईपरटेंशन यानी हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त हैं। हाई बीपी कई दूसरी गंभीर बीमारियों की वजह बनता है। इसका नियमित चेकअप जरूरी है। वहीं यदि लक्षण सामने आएं तो डॉक्टरी सलाह से उपचार कराना चाहिए।

हाईपरटेंशन हमारी सेहत के लिए एक बड़े खतरे के रूप में उभर रहा है। उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा भी बढ़ता है, लेकिन आजकल अनियमित जीवनशैली के चलते कम उम्र के व्यस्कों में भी इसका खतरा बढ़ गया है। हाईपरटेंशन पीड़ित अधिकतर लोगों को जागरूकता न होने पर पता ही नहीं चलता, जब तक कोई समस्या न खड़ी हो जाए। दुनिया में एक बहुत बड़ी तादाद में लोग हाईपरटेंशन से ग्रस्त हैं जिनमें से दो-तिहाई लोग विकासशील देशों में हैं। भारत की बात करें तो हर तीन में से एक व्यक्ति को हाईपरटेंशन की समस्या है। गांवों में 10 प्रतिशत व शहरों में 25 प्रतिशत लोग इससे ग्रस्त हैं। मरीजों में से दो-तिहाई की उम्र 60 साल से कम होती है। वहीं 85 प्रतिशत लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें हाईपरटेंशन के विकार के साथ कोई दूसरी बीमारी भी होती है।

### क्या है हाईपरटेंशन

हृदय हमारे शरीर में एक पंप के रूप में काम करता है और उससे ब्लड सर्कुलेशन पूरे शरीर में होता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय होने वाले ब्लड के दवाब को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब हार्ट ब्लड को पंप करता है तब प्रेशर ज्यादा होता है जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। वहीं दूसरी बीट से पहले हार्ट रिलेक्स कर रहा होता है तब ब्लड प्रेशर कम होता है जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं। विभिन्न व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर में अंतर हो सकता है। व्यक्ति को ब्लड प्रेशर के नंबर जानना जरूरी है यानी सिस्टोलिक (ऊपर वाला) और डायस्टोलिक (नीचे वाला) का पता होना चाहिए। ब्लड प्रेशर दैनिक प्रक्रियाओं से प्रभावित होता है। अगर व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 140/90 या उससे अधिक हो तो इसे हाईपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर की अवस्था कहते हैं। कई बार हार्ट आर्टरीज पर दबाव पड़ने से उनके अंदर की लाइनिंग ब्लॉक हो जाती है। ब्लड सर्कुलेशन बाधित होने पर ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है, जबकि स्वस्थ रहने के लिए ब्लड प्रेशर के दोनों पॉइंट्स को कंट्रोल करना जरूरी है। खासकर 55-60 साल से ज्यादा उम्र के बाद सिस्टोलिक हाईपरटेंशन का नियमित चेकअप कराना जरूरी है। इससे कार्डियोवेस्कुलर डिजीज होने का खतरा रहता है।

### दो तरह का हाईपरटेंशन

**प्राइमरी हाईपरटेंशन**- इसके अधिकतर मरीजों में हाई ब्लड प्रेशर का कोई कारण स्पष्ट नहीं होता।

**सेकेंडरी हाईपरटेंशन**-यानी किसी बीमारी या दूसरे कारणों से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। हाईपरटेंशन को नियंत्रित रखने के लिए इसके कारण को जानना जरूरी है। करीब 95 प्रतिशत लोगों को बिना किसी कारण से एसेंशियल हाईपरटेंशन है जिसे मेडिसिन और लाइफ स्टाइल में बदलाव लाकर कंट्रोल किया जा सकता है।

### हाई ब्लड प्रेशर के कारण

मरीजों की बड़ी संख्या है, जिन्हें हाईपरटेंशन के कारणों का पता नहीं लगता, जिनमें कारणों का पता चल जाता है, उनका समुचित इलाज किया जा सकता है। छोटे बच्चों और युवाओं में हाईपरटेंशन के कई सेकेंडरी कारण रहते हैं। जैसे-अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली, अनहेल्दी खानपान, खाने में नमक की अधिकता, पढ़ाई और कैरियर को लेकर तनाव, मोटापा, किडनी की बीमारी, आर्टरीज में ब्लॉकेज, हार्मोन संबंधी तकलीफ, गर्भावस्था, थायरॉयड, फैमिली हिस्ट्री, स्मोकिंग, एल्कोहल और नमकीन स्नैक्स का अधिक सेवन।

### कैसे जानें हाई ब्लड प्रेशर को

हाईपरटेंशन को साइलेंट किलर भी कहा जाता है क्योंकि इससे ग्रस्त 90 % रोगियों में इसके कोई लक्षण नहीं होते। बढ़ने पर सिरदर्द, धड़कन तेज होना, चलते समय सांस फूलना, चक्कर आना व थकावट आदि लक्षण होते हैं।

### क्या है रिस्क

सामान्य व्यक्ति में सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 140 और डायसिस्टोलिक 90 से नीचे होना चाहिए। जबकि डायबिटीज के मरीजों में रिस्क बहुत बढ़ जाता है इसलिए उनका ब्लड प्रेशर 130/80 से कम होना चाहिए।

हाई ब्लड प्रेशर को पहचानकर सही इलाज न हो तो इसका बढ़ा हुआ स्तर हार्ट,ब्रेन, लिवर, आंखों आदि को क्षति पहुंचाता है। मरीज को कई समस्याएं हो सकती हैं जैसे- हार्ट अटैक, हार्ट फेल्योर, ब्रेन हैमरेज, ब्रेन स्ट्रोक, पैरालाइसिस होने का खतरा, रेटिनल हैमरेज, पेरिफरल मस्कुलर डिजीज, किडनी फेल्योर आदि।

### समुचित उपचार है जरूरी

हाईपरटेंशन के मरीज लक्षण या दिक्कत महसूस न होने पर आमतौर पर उपचार कराने से कतराते हैं, लेकिन इससे उनका ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है और दूसरी समस्याएं होने की संभावना बढ़ जाती है।

जबकि हाई ब्लड प्रेशर की जांच शुरुआती स्टेज पर होने और समुचित ध्यान रखने पर इसे ठीक किया जा सकता है। डॉ. मरीज को जीवनशैली में बदलाव लाने की सलाह देते हैं। अगर 2 महीने तक मरीज का हाई ब्लड प्रेशर कंट्रोल में नहीं आता, तो उसे मेडिसिन दी जाती हैं।

### ऐसे करें बचाव

जरूरी है नियमित रूप से हाई ब्लड प्रेशर की जांच करवाएं और जानें कि आपका ब्लड प्रेशर स्टेटस क्या है। अगर आप प्री. हाईपरटेंशन मरीज की कैटेगरी में आते हैं तो इससे बचाव के समुचित कदम उठाने जरूरी हैं। समुचित जांच, सही सलाह और जीवनशैली में बदलाव से सिस्टोलिक हाईपरटेंशन को नियंत्रित किया जा सकता है। खासकर युवाओं को अपना ब्लड प्रेशर जरूर चौक कराना चाहिए।

अगर ब्लड प्रेशर ज्यादा हो तो डॉ. को कंसल्ट करें। घर के बने संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें, जिसमें ज्यादा से ज्यादा मौसमी फल-सब्जियां हों। केला, मौसमी, अनार, नारियल पानी जैसे पोटेशियम रिच पदार्थों का सेवन अधिक करें। फास्ट फूड, जंक फूड व वसायुक्त आहार से परहेज करें। ज्यादा नमक वाली चीजें कम खाएं। चाय-कॉफी का सेवन सीमित मात्रा में करें। घर पर ब्लडप्रेशर मॉनीटर से रेगुलर चेक करें। अगर आपका ब्लड प्रेशर काफी समय से 140/90 मिमी एचजी से अधिक हो तो डॉक्टर के परामर्श से नियमित दवाई लें। वॉक, योगा, मेडिटेशन या एक्सरसाइज करें।

# समाज से कब बंद होंगे नफरती बोल

**सोशल मीडिया पर सेना और शहीदों के परिजनों को निशाना बनाते ट्रोलर्स के रवैये से देश में आक्रोश देखा गया। शहीद की विधवा हिमांशी नरवाल द्वारा कश्मीरियों के प्रति सौहार्द की अपील को भी ट्रोल किया गया। राजनीतिक दबाव के चलते मंत्री शाह के खिलाफ देर से प्राथमिकी दर्ज हुई। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि एक मंत्री को संवेदनशील समय में जिम्मेदारी से बयान देना चाहिए।**

यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद देश की बहादुर सेना ने जब पाक को सबक सिखा, देश को गौरव का अहसास कराया तब नफरती ट्रोल सेना, नीचता की सीमा तक गिरती नजर आई। जिसके विरोध में देश में तीखे गुस्से की लहर देखी गई। इस बिगड़ैल ट्रोल सेना ने ऑनलाइन गाली-गलौज करने में किसी को भी नहीं बख्शा। यहां तक कि सादगी के व्यक्तित्व व गरिमापूर्ण अभिव्यक्ति वाले विदेश सचिव विक्रम तक को नहीं छोड़ा। ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा भी निशाने पर आए। यहां तक कि पहलगाम हमले में विधवा हुई हिमांशी नरवाल को भी नहीं बख्शा गया। इसकी वजह यह थी कि उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने और पहलगाम की घटना के बाद कश्मीरियों को निशाने पर न लेने का आह्वान किया था।

निश्चित रूप से यह देश में सामाजिक समरसता के लिए वक्त की आवाज भी थी, लेकिन सबसे परेशान करने वाली घटना वह थी, जिसमें भाजपा शासित राज्य मध्य प्रदेश के एक मंत्री विजय शाह ने बेसिर-पैर का सांप्रदायिक सोच वाला बयान दिया। दरअसल, इस सप्ताह की शुरुआत में मंत्री विजय शाह ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफ देने वाली कर्नल सोफिया के बारे में चौंकाने वाली सांप्रदायिक टिप्पणी की थी। निश्चय ही देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान देने वाली महिला सैन्य अधिकारी के बारे में ऐसी टिप्पणी करना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। मंत्री ने असंगत रूप से पहलगाम में आतंक फैलाने वाले आतंकवादियों से दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से साम्य दर्शाने का कुत्सित प्रयास किया। हालांकि यह टिप्पणी सोमवार को की गई थी, लेकिन मंत्री शाह के खिलाफ प्राथमिकी मुश्किल से बुधवार रात दर्ज की गई। वह भी शासन द्वारा स्वत: संज्ञान लेने के बजाय मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की सख्ती के बाद ही दर्ज की गई। हाईकोर्ट ने कर्नल कुरैशी के खिलाफ गटर की भाषा इस्तेमाल करने के लिए मंत्री शाह को फटकार लगाई। सही मायनों में हाईकोर्ट ने न केवल मंत्री को आईना दिखाया बल्कि तमाम बेलगाम बयानबाजी करने वालों को भी सख्त संदेश दिया।

उल्लेखनीय है कि एफआईआर दर्ज होने के बाद जब आरोपी मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट से राहत के लिए गुहार लगाई तो सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें आड़े हाथ लिया। सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को चेतावनी दी कि एक मंत्री को ऐसे समय में जिम्मेदारी की भावना के साथ बोलना चाहिए, जब देश चुनौतिपूर्ण स्थिति से गुजर रहा हो। फिर कोर्ट की सख्ती के बाद शाह ने खेद व्यक्त किया। उन्होंने फिर सफाई दी कि वह कर्नल कुरैशी का अपनी बहन से ज्यादा सम्मान करते हैं, लेकिन जैसे कमान से निकला तीर वापस नहीं लौटता है, उसी तरह उनकी अनर्गल बयानबाजी से जो नुकसान हो चुका था, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं है। इससे बड़ी विसंगति यह भी कि भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्य मंत्रिमंडल से हटाने की तात्कालिक गंभीर पहल नहीं की।

यह विडंबना ही है कि पार्टी नेतृत्व इंतजार का खेल खेल रहा है। वहीं दूसरी ओर आरोपी मंत्री अपने बचाव के लिए कानूनी विकल्पों को आजमाने में व्यस्त रहा है। दरअसल, भाजपा की राजनीतिक मजबूरी यह है कि जातीय समीकरणों के हिसाब से वे पार्टी के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे उस राज्य में आदिवासी कल्याण मंत्री हैं जहां अनुसूचित जनजातियों की आबादी का पांचवां हिस्सा मौजूद है। लेकिन इतना तो तय है कि




चाहे उनका राजनीतिक प्रभाव कितना भी क्यों न हो, उन्हें सशस्त्र बलों के साथ-साथ ही महिलाओं का अपमान करने की छूट नहीं मिल जाती। पार्टी को राष्ट्र को आश्वस्त करने के लिए अनुकरणीय कार्रवाई करनी ही चाहिए। तभी समाज में यह साफ संदेश जाएगा कि हम आतंकवाद और सांप्रदायिक विभाजन के खिलाफ मजबूती से एकजुट हैं और नफरत फैलाने वालों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निश्चय ही इस मामले में अदालत की सख्त टिप्पणियां न केवल आरोपी मंत्री बल्कि उन सभी नेताओं के लिए सबक हैं जो लगातार अनर्गल प्रलाप करते रहते हैं। जो यह बताता है कि जनता की उदासीनता से हम कैसे-कैसे लोगों को अपना नेता चुनकर जनप्रतिनिधि संस्थाओं में भेज रहे हैं।

# दरगाह-ए-आलिया नजफ-हिन्द आज भी है एकता की मिसाल


दरगाह-ए-आलिया नजफ-ए-हिन्द जोगीपुरा भारत की अहम दरगाहों में से एक है। इसकी अहमियत तब ओर भी बढ़ जाती है, जब इसे नजफ-ए-हिन्द के खिताब से नवाजा जाए। इसमें जरा भी शक नहीं है कि इस जगह मुश्किल कुशा हजरत अली के कदम आए हैं। इसी वजह से इस जगह से न सिर्फ लोगों की मन्नतें और मुरादें पूरी होती हैं, बल्कि ऐसे-ऐसे काम बने हैं, जो मुमकिन नहीं थे।

### जोगीपुरा कैसे पहुंचे

जोगीपुरा उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के नजीबाबाद में स्थित है। नजीबाबाद रेलवे स्टेशन से जोगीपुरा दरगाह की दूरी मात्र 12 किमी है। जोगीपुरा एक छोटा सा गांव है। सड़क के किनारे लोग बसे हुए हैं। इस गांव से एक मील की दूरी पर रायपुर सादात है। बादशाह शाहजहां के दीवान सैयद सलाउद्दीन इसी गांव के रहने वाले थे। सैयद राजू उन्हीं के बेटे थे, जिनके जमाने में जोगीपुरा में चमत्कार (मौअज्जा) हुआ। आज से लगभग 400 साल पहले यह बाग जंगलों से घिरा था। दरगाह के उत्तर में आज भी पहाड़ नजर आता है।

### करिश्मा क्यों हुआ

इस बाग और जंगल की किस्मत उस समय चमकी जब इस भारत की जमीन पर हजरत अली अपने चाहने वाले से मिलने के लिए आए। इतना ही नहीं, बल्कि उन्होंने यह भी कहा कि यह जगह हमें पसंद आ गई है। यहां रोजा बनाओ, जो नहीं जानते, वे जान लें कि हजरत अली आखिरी पैगम्बर हजरत मुहम्मद मुस्तफा (स.अ.) के वली उत्तराधिकारी, शियो के इमाम, सुन्नियों के चौथे खलीफा, रसूल की बेटी जनाबे फातिमा ज़हरा के शोहर का नाम है। इराक के शहर नजफ में हजरत अली की कब्र है। हजरत अली भारत के जोगीपुरा में कैसे और क्यों आए। यह सवाल उठा रहा हूं, ताकि लोगों को इस जगह का महत्व पता चल सके। हजरत अली हर उस व्यक्ति की मदद के लिए आए, जो उन्हें पुक.ारता है। भले ही वह किसी भी धर्म का हो। अब फिर सवाल उठता है कि हजरत अली को किसकी मदद के लिए आना पड़ा। सन 1657 की बात है अपने बाप शाहजहां को कैद करने के बाद औरंगजेब ने अपने को बादशाह घोषित कर दिया, अपने पिता शाहजहां के वफादार कर्मचारियों और सिपाहियों को ढूंढ-ढूंढकर कत्ल करवा रहा था, उन्हीं में एक सैयद राजू भी थे, सैयद राजू को डर था कि औरंगजेब उन्हें नहीं छोड़ेगा वह उन्हें तलाश कर जरूर कत्ल करवाएगा, चूंकि सैयद राजू हजरत अली की शक्ति और ताकत जानते थे। इसलिए वह अपने गांव जोगीपुरा के पास के जंगल में आ गए। कोई देख न सके इसलिए वह पेड़ पर बैठ जाते और 'या अली अदरिकिनी' यानि या अली मदद करो पढ़ते रहे। अंधेरा हो जाता, जो छिपकर अपने घर आ जाते और वहां भी हजरत अली से मदद मांगते रहते। काफी दिन बीत गए थे, लेकिन उनके दिल से यह डर नहीं निकल पाया था कि औरंगजेब उनका कत्ल नहीं कराएगा वह रोजाना सवेरे इसी जंगल में आ जाते और दिल से पुकारते। नमाज में औरंगजेब के शर से बचाने की दुआएं मांगते। 'नादे अली' पढ़ा करते। सैयद राजू ने यह तय कर लिया था कि हजरत अली ही उन्हें औरंगजेब के हाथों कत्ल होने से बचा सकते हैं। इसलिए वह सोते-जागते हर दम हजरत अली को पुकारते ही रहे। एक दिन सैयद राजू की तबियत कुछ खराब हुई। वह इस हालत में नहीं थे कि जंगल में जा सकें। इसलिए उन्होंने अपने पहरेदारों को लगा दिया कि कहीं से भी कोई आए, फौरन सूचना दें, ताकि जान बचाई जा सके। हर आदमी सतर्क और चौकन्ना था। उस दिन गांव का एक बूढ़ा ब्राह्मण इसी जगह से घास काट रहा था, जिस जगह आज हजरत अली को रोजा है। घास काटते-काटते इस ब्राह्मण के कानों में घोड़े की आवाज सुनाई दी। ब्राह्मण चौंका



### कौन थे सैयद राजू

**सैयद राजू जोगीपुरा के रईस सलाउद्दीन के बेटे थे, उनके इंतकाल के बाद बादशाह ने उनके पुत्र सैयद राजू को उनकी जगह नियुक्त कर लिया था।**

### मजलिस का आगाज

**हर साल की तरह इस साल भी चार दिवसीय मजलिस 22 मई से शुरू होकर 25 मई तक चलेगी, जिसमें देश-विदेश से लाखों जायरीन आएंगे, दरगाह के प्रशासक गुलरेज हैदर रिज़वी ने बताया कि चार दिवसीय मजलिसों से पूर्व जायरीनों के लिए सभी इंतेजाम पूरे कर लिए जाएंगे।**


इधर-उधर देखने लगा। उसे लगा कि आज कोई मुसीबत सिर पर आ गई है। उसने इरादा किया कि चल कर किसी तरह सैयद राजू को खतरे की सूचना दी जाए। अभी वह अपनी जगह से उठा ही था कि दो घुड़सवार उसके सामने आ गए उन्हें देखकर ब्राह्मण की हालत खराब हो गई। घुड़सवारों ने उसकी तरफ इशारा करके कहा कि मेरे सरदार तुम्हें बुला रहे हैं। घुड़सवार ब्राह्मण को सरदार के पास ले गए। सरदार ने ब्राह्मण से सवाल किया कि तुम मांगने की क्या सोच रहे हो। यह सवाल सुनकर ब्राह्मण सकपका रह गया और बहाना बनाना चाहा, मगर सरदार ने ब्राह्मण से कहा कि डरो नहीं औरंगजेब का लश्कर नहीं है। हम सैयद राजू की मदद करने वाले हैं। घराबाओ नहीं फौरन जाओ और सैयद राजू से कहो कि जिसको तुम रात-दिन पुकारते हो, वह आज आए हैं। यह भी कह देना कि यह जगह हमें पसंद आई है तुम यहां हमारे नाम से एक रोजा बनाना। बूढ़े ब्राह्मण ने सरदार के हुक्म को सुनकर इतना कहा कि मेरी आंखों में रोशनी कम है, इसलिए मैं सैयद राजू के पास जल्दी नहीं पहुंच सकता। सरकार ने कहा कि तुम आंख बंद करो और थोड़ी देर में आंखें खोली, तो रोशनी सही हो चुकी थी। यह देख ब्राह्मण सैयद राजू को बुलाने के लिए उनके मकान की तरफ भागा और सारा हाल सैयद राजू को बताया। सैयद राजू यह सुनकर समझ गए कि कौन आया है। हजरत अली का नाम लेते हुए वह जंगल की तरफ भागे। उन्हें भागते देखकर उनके चाहने वाले भी उनके पीछे भागने लगे। सैयद राजू ने लोगों को मना किया पर लोग नहीं माने। आखिर सैयद राजू अब उस जगह पहुंचे, तो उन्हें वहां कोई नकाबपोश नजर नहीं आया। सैयद राजू को उस जगह घोड़े की टाप के निशान और घोड़े के मुंह से निकला झाग दिखा ई दियां वह इस जगह बैठकर बहुत देर तक रोए। घोड़े की टाप के निशान को सुरक्षित कर लिया। चौकी के इर्द-गिर्द रोजा बनवाया गया।

### रोजे की तामीर

जंगल में रोजे का निर्माण करना आसान काम नहीं था, लेकिन यह काम हजरत अली की मदद से बड़ी आसानी से हो गया। रोजे के निर्माण का काम कब शुरू हुआ। इस बारे में कोई तारीख नहीं मिलती। इस जगह पर और खुदाई की गई, तो पानी का चश्मा निकला। इस पानी से मरीजों को शिफा मिलती है। इस चश्मे का पानी हल्का मीठा है।

**सुझाव के लिए व्हाट्सएप नंबर- 9837776610**
**email id-ziaabbaszaidist@gmail.com**




Greenway Modern Sr. Sec. School, Roorkee
We proudly announce that Ayaz Ali (class 10th) of
Greenway modern school - 2 has scored 99.2% becomes district's Second Topper.
Congratulation
to all our students of class X&XII for their great success
CLASS 10 TOPPER
SHUBH GARG 98% · OMESH KUMAR SINGH 97.4% · ANJALI SAXENA 96.8% · ANUJ RAWAT 96.8% · NUSRA AKHTAR 96.4% · KARTIK SHARMA 95.6% · NANDINI GUPTA 95.6% · PARAG PANDEY 95.4% · SACHIDANAND 95.4% · KANISHKA 94.8% · AKSHAT RAJ SAINI 94.6% · BHAVYA VERMA 94.6% · VAISHNAVI SAINI 94.4% · VANSHIKA GIRI 94.4% · KESHAV ARORA 94.2% · DIWAKAR BHATT 94% · KALASH KHURANA 93.8% · SIMRAN PEGWAL 93.6% · SAANVI CHAUHAN 93.4%
AARAV CHOUDHARY 93.2% · AVNI TYAGI 93.2% · TEJSVI PARMAR 93.2% · ABHINAV SINGH 93% · MANHA 93% · AAROHI TYAGI 92.8% · VASU VERMA 92.6% · AKSHIT JAIN 91.8% · VIJAYANTVEER SAINI 91.6% · LOVE BHARDWAJ 91.4% · SHOURYA RAJ 91.2% · VAMIKA TYAGI 91% · MEHUL GUPTA 90.8% · AAYUSH 90.8% · DEVANSHI NORIYA 90.8% · SAMARPIT 90.8% · AKSHIT CHAUDHARY 90.4% · HIMANSHU SHUKLA 90.2%
LAVI VERMA 90% · AARAV AGARWAL 89.6% · VANSHAJ VISHAVKARMA 89.6% · JYOTSNA HYANKI 89.2% · Devanshi Shiva 89.2% · SHALLY 88.8% · DEVEN NAMDEV 88.8% · ROUNAK KUMAR PANDEY 88.8% · UMANG GOYAL 88.8% · MAITRAYEE GUPTA 88.6% · PARI 88.2% · ARUN BUDAKOTI 87.8 · PRAKHAR SAKLANI 87.8% · JASHANPREET SINGH 87.6% · DEVANSH DIXIT 87.4% · VAIBHAVI SAXENA 87.4% · KHUSHI YADAV 86.8% · SHOURYA GARG 86.6% · TARUN RAJ 86.6%
RISHIKA PAL 86.6% · RAYAN SINGH 86.2% · ANSH NEGI 86% · NAITIK CHAUHAN 85.8% · VANSHIKA CHAUHAN 85.8% · IFFAT 85.6% · VISHESH KUMAR VERMA 85.6% · ARPAN CHOUDHARY 85.4% · JASSI CHAUDHARY 85% · SUHANI 84.8% · TEJAS KUMAR LAMBA 84.6% · VANSH SAINI 84.2% · AADITYA VERMA 84.2% · KRISHNAM AGARWAL 84.2% · ARYAN SHARMA 84.2% · AKSHIT SHARMA 83.8% · AVNI RANA 83.6% · GARVIT MALHOTRA 83.4%
SHUDHANSHU RAGHUVANSHI 82.8% · AKSHIT KUMAR SAINI 82.4% · ATHARVA CHANDEL 82.2% · ARYAN 82.2% · UJJWAL SAINI 82% · SHAKSHAM PRAKASH 82% · VAIBHAV GHAGHAT 81.2% · JAYATI 81% · ANVI SAINI 80.8% · AVNI DHIMAN 80.8% · AARUSH SAINI 80.6% · DHRUVI 80.4% · AKSHAT SHARMA 80.2% · LAKSHAY KUMAR 80.2% · DEV YADAV 80%
CLASS 12 COMM TOPPER
YASHVI VERMA 96.4% · GOURI VERMA 93% · RITIK VERMA 93% · PRIYANKA WILSON 92.8% · KUNAL SAINI 92.8% · MANTHAN MEHNDIRATTA 91.4% · SHIVAM GARG 91.2% · KHUSHI TYAGI 91.2% · SHAMBHAVI 90.8% · ANUSHKA AGGARWAL 90.2% · PRIYANSHU ARYA 90% · AISHA RAWAT 88.2% · SIDDI NABIYAL 86.2% · RONAK 86%
ARNAV GOEL 86% · PRAGYA JAIN 86% · KANAK CHAUDHARY 85.6% · AALMIN 85.2% · DEV GOEL 84.6% · ANIKET SAINI 84% · ARUN RAWAT 84% · PREET SINGH RAWAT 83.8% · AKSHAT TYAGI 83.4% · NANDIKA GOYAL 82.8% · NAMRAH 82.4% · SHREYANSH TYAGI 81.4% · MARIYA YAKUB 80.8% · VANSH KUMAR 80.6%
CLASS 12 SCIENCE TOPPER
ABHAY VERMA 96.4% · SAMIKSHA 91.8% · SHARVI TOMAR 91.4% · AMAN MALIK 90.4% · DIVYANSHU GHAI 89% · HARSH KUMAR NISHAD 88.8% · PRAKHAR SINGH 87.8% · NANDINI VERMA 87.4% · TUSHAR 86.6% · GUNGUN 85.6% · SHREE SHARMA 85.6% · SAUMYA TANWAR 85.2% · JAHANVI SAINI 85% · VANSH GOYAL 85% · VANSHIKA SAINI 84.8% · AYUSHI GUPTA 84% · HARSHITA TYAGI 83% · SHUBHAM CHAUDHARY 83% · RIDANSHU 82.2% · TUSHAR MAHESHWARI 82% · SAKSHI SONAL 81.8%
Greenway Modern School-2 (Mob: 8307122122)
CLASS 10 TOPPER
AYAZ ALI 99.2% · ARYANSH KAPIL 98.8% · OZAIR ZAHEER 97% · ANJANAYA SINGH 96.4% · PARV GOYAL 94.8% · MAHJABEEN 94.4% · VISHNU PANWAR 93.6% · YES KUMAR 92.2% · SHREYASHI TIWARI 91.8% · AWANI MANI 91.2% · SHREYA SAINI 91% · SHREYA SINGH 89.2% · NATIK GARG 88.8%
VAISHNAVI DHONDIYAL 88% · SHIVAM KUMAR SINGH 87.6% · RUDRANSH 87.4% · SATENDRA SINGH 87.2% · SHAGUN CHAUHAN 87.2% · PRAGYA CHAUDHARY 86.8% · NANDINI RANA 86% · AMAAN 85.8% · MO SANIB 85.4% · GAURAVI BHANDARI 84.8% · MANIT DHALL 84% · VANSHIKA SAINI 83.2% · NOOR SABA 82.8%
VAIBHAV 81.6% · SHRISTEE KUMARI 81.2% · ANSH TYAGI 81.2% · ABHISHEK ARORA 80.6% · VANSHIKA 80.4% · MANTASHA TYAGI 80% · RAO SUMAIYA 80%
12TH COM TOPPER
ANANYA AWASTHI 95% · ANSHIKA MISHRA 92% · ARYAN VERMA 95.4% · KRISHNA SRIVASTAVA 81% · VAIBHAV SAINI 82.4% · VANSHIKA 85.2%
12 HUM TOPPER
DHANVI 97% · JIGYASA 82% · KRITIKA PUNDIR 85.6% · PAKHI BHARDWAJ 81.4% · RUDRAKSHI SHARMA 86.4% · SUHASINI SINGH 86.2% · VIDHI SAINI 89.4%
12TH SCI TOPPER
AASTHA SHARMA 81.2% · ARSH ANSARI 83.6% · ARSHLAN 82% · DEEPTI GOYAL 92% · ISBA 84.8% · PRANJAL SINGH 88.6% · VANSHIKA CHAUHARY 80.4%